राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 11 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 42, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का औचक निरीक्षण...03

बिना इंजीनियर के बना रहे है सीसी रोड का निर्माण कार्य....12

LUCKNOW DEVELOPMENT AUTHORITY

इस फेस्टिव सीजन

लखनऊ विकास प्राधिकरण की

पहले आओ पहले पाओ

योजना के अंतर्गत

अपने घर का सपना करें साकार

सभी अपार्टमेंट्स पर ऑफर का विस्तार

नया फेस्टिव ऑफर

| ₹20 लाख से ₹50 लाख तक के अपार्टमेंट पर | ₹50 लाख से ₹75 लाख तक के अपार्टमेंट पर | ₹75 लाख से अधिक तक के अपार्टमेंट पर |
|---|---|---|
| ₹1 लाख की छूट | ₹1.5 लाख की छूट | ₹2 लाख की छूट |

ऑफर की अवधि : 22 सितंबर 2025 से 22 अक्टूबर 2025 तक

लखनऊ शहर की प्राइम लोकेशन पर

1 BHK, 2 BHK तथा 3 BHK फ्लैट

पाएं तुरन्त कब्जा
सरकारी कर्मचारी 25% एवं सामान्य नागरिक 35% भुगतान पर

नकद भुगतान पर छूट
आवंटन के 45 से 90 दिन के भीतर पूर्ण धनराशि जमा करने पर पाएं 6% से 3% तक की छूट

जानकारी हेतु विजिट करें - property.upda.co.in




टोल फ्री: 1800-1800-5000 (सोम-शनि, सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक)

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001:2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ | वेबसाइट : ldalucknow.in

@LkoDevAuthority
@LkoDevAuthority
lda_online

सेल्स क्वेरी: 7081100460
7081100260

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

## संक्षिप्त खबरें

### बस्ती में रातभर चला ट्रैफिक चेकिंग अभियान, 550 वाहनों की जांच; 50 का चालान, 15 जब्त



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंयातायात माह नवंबर 2025 के तहत बस्ती पुलिस द्वारा शहर में रातभर बड़े स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी और पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान की निगरानी क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने की। यातायात पुलिस और थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने 08/09 नवंबर की रात्रि को शहर के अलग-अलग स्थानों पर करीब 550 संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की। चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चालक मिले जिनके पास आवश्यक कागजात मौजूद नहीं थे। नियमानुसार अभिलेख न मिलने पर 50 वाहनों का चालान किया गया, जबकि गंभीर उल्लंघनों में 15 वाहनों को जब्त कर लिया गया। यातायात माह के दौरान बस्ती पुलिस लगातार वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों के पालन के लिए सख्त कार्रवाई भी कर रही है। पुलिस ने साफ किया है कि बिना हेलमेट, बिना दस्तावेज और प्रतिबंधित गतिविधियों में लिप्त वाहनों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, भागा चालक



**बस्ती।** जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के चौरी-मसकनवा मार्ग पर कुसमौर घाट के पास सोमवार को करीब 12 बजे बाइक और कार की भिड़ंत में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के जटौलिया निवासी सालिक राम पुत्र जगन्नाथ अपने बेटे सुनील के साथ मसकनवा बाजार जा रहे थे। सालिक राम कुसमौर घाट पहुँचे ही थे कि तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें ठोकर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।दुर्घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय इलाज के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय अयोध्या के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। परशुरामपुर के एसओ भानू प्रताप सिंह ने बताया कि कार पुलिस के कब्जे में है। अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बीज भंडार पर ताला लगा होने से किसानों ने किया हंगामा, अधिक रेट वसूलने का लगाया आरोप



**लंभुआ (सुलतानपुर)।** सोमवार को लंभुआ ब्लॉक परिसर स्थित राजकीय बीज भंडार पर ताला लगा होने से गेहूं का बीज लेने पहुंचे किसानों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। किसानों का आरोप था कि केंद्र पर अधिक रेट में बीज दिया जा रहा है और समय पर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। किसानों ने बताया कि जब भी बीज लेने आते हैं, बीज भंडार का गेट बंद मिलता है। कभी खुला भी रहता है तो निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बीज दिया जाता है। इससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा कि सरकार खुद को किसान हितैषी बताती है, लेकिन बुवाई के समय ही बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हाल ही में हुई बारिश से धान की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है, अब गेहूं की बुवाई में भी समस्या खड़ी हो गई है। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द बीज की आपूर्ति सामान्य दर पर नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उधर, बीज भंडार के दरवाजे पर उप कृषि निदेशक अहिमाने द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने के कारण केंद्र बंद रहने का नोटिस चस्पा किया गया था। किसानों ने प्रशासन से मांग की कि किसानों को उचित मूल्य पर समय से बीज उपलब्ध कराया जाए ताकि बुवाई प्रभावित न हो।

# मंझरिया कोटदार पर सप्लाई इंस्पेक्टर अनुराग श्रीवास्तव की मेहरबानी, खुलकर हो रही राशन की लूट

**●प्रति यूनिट 2 किलो की घाटोली हो रही है शिकायत के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिले में भ्रष्टाचार खुलकर हो रहा है शिकायत पत्र को कूड़ेदान में डाल दिया जा रहा है**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में खाद्यान्न विभाग में भ्रष्टाचार का जिन बोल रहा है गरीबों के हक पर अधिकारियों कर्मचारियों के मिली भगत से ढाका डाला जा सरकार द्वारा दिया जा रहा मुक्त अनाज गरीबों तक नहीं पहुंच रहा है बीच में कर्मचारी और कोटेदार की मिली भगत से अंगूठा लगवा लिया जाता है और उन्हें राशन देने से इनकार किया जा रहा है ताजा मामलाकुदरहा विकास खण्ड के मंझरिया गांव में कोटेदार खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनों से राशन वितरण में भारी गड़बड़ी की जा रही है – किसी को कम राशन मिल रहा, तो किसी को पूरा महीना इंतज़ार करना पड़ रहा है। राशन कार्ड पर दर्ज मात्रा के हिसाब से अनाज नहीं मिल रहा, और शिकायत करने पर जवाब मिलता हैइंस्पेक्टर साहब जानते हैं सब कुछ।

सूत्रों के मुताबिक, सप्लाई इंस्पेक्टर अनुराग श्रीवास्तव की 'मेहरबानी' के चलते कोटेदार का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वो प्रशासन तक को चुनौती देने से नहीं डरता। जांच के नाम पर सिर्फ दिखावा होता है, और हर महीने 'घाटोली' का यह खेल जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें तहसील और ब्लॉक स्तर पर की गई, लेकिन कार्रवाई की जगह चुप्पी साध ली गई। राशन वितरण में पारदर्शिता तो दूर, यहां तो लिस्ट तक दिखाने से मना कर दिया जाता है।अब सवाल यह है कि जब शासन गरीबों को सस्ता राशन देने के लिए इतनी योजनाएँ चला रहा है, तो मंझरिया में कोटेदार और इंस्पेक्टर की जोड़ी गरीबों का हक़ क्यों लूट रही है? क्या कुदरहा ब्लॉक प्रशासन इस खुली लूट पर आंख मूंदे रहेगा, या फिर कोई ठोस कार्रवाई होगी?

# भ्रष्टाचार की नई मिसाल बन रहे हैं बनकटी वीडीओ ग्राम पंचायत सिसवा पांडे गांव में फर्जीवाड़े का खुला खेल

**●विकास विभाग में भ्रष्टाचार की कहानी लिखी जा रही है नही खौफ अधिकारी काआंख और कान बंद कर अधिकारी दे रहे भ्रष्टाचार का बढ़ावा शिकायतों को कूड़े दान में डाला जा रहा है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी विकास खण्ड के सिसवा पांडे गांव में भ्रष्टाचार की परतें एक-एक कर खुलती जा रही हैं। गांव में 35 मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टर रोल जारी किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पूरे घोटाले पर बनकटी वीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल ने अब तक चुप्पी साध रखी है। सूत्रों के मुताबिक, ग्राम पंचायत में बिना किसी कार्य के भुगतान का खेल खुलेआम चल रहा है। कागजों पर काम पूरा, लेकिन जमीन पर एक ईंट तक नहीं लगी। मजदूरों के नाम पर पैसा निकाल लिया गया, जबकि गरीब मजदूर अपने असली हक के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

ग्रामवासियों ने बताया कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। वीडीओ की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है, क्योंकि घोटाले के सबूत सामने आने के बाद भी उन्होंने न तो जांच कराई और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई की। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने समय रहते इस घोटाले पर लगाम नहीं लगाई, तो आने वाले समय में बनकटी विकास खण्ड भ्रष्टाचार का गढ़ बन जाएगा।

**प्रश्न उठता है** — आखिर बनकटी वीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल की चुप्पी क्यों? क्या यह चुप्पी किसी "सांठगांठ" की निशानी है या फिर विभागीय मिलीभगत का नतीजा? ग्रामीण अब इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि मजदूरों के हक पर हो रहे डाके का पर्दाफाश हो सके।

# धक्का पलेट सिस्टम पर दौड़ रहीं सरकारी बसें भ्रष्टाचार को उजागर कर रही हैं सरकारी बसें

**●वायरल वीडियो ने खोली परिवहन विभाग की पोल अधिकारी तिलमिलाए भ्रष्टाचार उजागर हो गया कर्मचारियों पर गिरेगी गाज**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में कोई ऐसा विभाग ना बच्चा हो जिसमें भ्रष्टाचार ना हो रहा ताजा मामला बस्ती जिले के बस स्टॉप पर रोडवेज बस को धक्का देते यात्री का वीडियो वायरल हो गया विभाग में जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं प्रदेश सरकार द्वारा सुविधाओं देने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश की परिवहन बस धक्का प्लेट चल रहे हैं ताजा मामलाउत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की हालत दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। इसका ताज़ा उदाहरण बस्ती जिले से सामने आया है, जहां एक सरकारी बस को यात्रियों द्वारा धक्का मारकर चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बस स्टार्ट न होने पर यात्री मजबूर होकर बस को धक्का लगा रहे हैं ताकि वह गंतव्य की ओर जा सके।बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो बस्ती बस अड्डे के सामने की सड़क का है। बस खराब होने के बाद लोग काफी देर तक इंतज़ार करते रहे, लेकिन चालक और कंडक्टर भी बस स्टार्ट न कर पाने में असमर्थ दिखे। अंततः यात्रियों ने खुद आगे आकर बस को धक्का दिया। लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। सरकारी बसें या तो रास्ते में खराब होकर रुक जाती हैं या फिर डिपो के अंदर ही खड़ी-खड़ी दम तोड़ देती हैं। इस स्थिति ने यात्रियों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही और ढुलमुल रवैया स्थितियों को और बिगाड़ रहा है। इससे न सिर्फ यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। विवाद बढ़ने के बाद अब लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर परिवहन विभाग कब पुराने और खराब बसों की मरम्मत या बदली की दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

# प्रशिक्षु अधिकारियों को दी गई जनपद में संचालित योजनाओं व क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी

**●जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों का किया मार्गदर्शन**

**प्रशिक्षु अधिकारी जनपद के ब्लॉकों व ग्राम पंचायतों में जाकर सीखेंगे प्रशासनिक कार्यप्रणाली**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के 100वें फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत प्रशिक्षु अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की जमीनी समझ प्रशासनिक दक्षता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि फील्ड स्टडी एंड रिसर्च प्रोग्राम (स्नस्त्रक्क) के अंतर्गत जनपद का अनुभव प्रशिक्षु अधिकारियों को ग्रामीण प्रशासन, विकास योजनाओं की कार्यप्रणाली और जनसहभागिता की गहरी समझ प्रदान करेगा। मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जनपद में संचालित प्रमुख विकासात्मक, सामाजिक एवं कल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और प्रभावी निगरानी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, पंचायतीराज, उद्योग, मनरेगा एवं ग्रामीण विकास जैसी प्रमुख योजनाएँ शामिल थीं। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आगामी फील्ड विज़िट के दौरान ग्राम पंचायतों और ब्लॉकों में जाकर न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को समझें, बल्कि यह भी देखें कि आमजन तक इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क और जमीनी अनुभव प्रशासनिक सेवाओं की आत्मा हैं। बताते चलें कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अमेठी पहुँचे कुल 18 प्रशिक्षु अधिकारी नीरज वर्मा, गौरव छिमवल, सोनिया जागरवाल, मार्गी चिराग शाह, आनंद अनिल कुमार खंडेलवाल, यतिन सुनेजा, सौम्या कृष्णन, गोकुल कन्नन, बड्डी साई रोहन, निकिता राज, अहर अभिजीत सहदेव, रजत श्रीराम पत्रे, श्रंजय कुमार, राहुल कुमार मीणा, राजदीप घोष, ऋषिकेश राजेंद्र गायकवाड़, रवि राज और आदित्य कुमार शामिल हैं। ये सभी प्रशिक्षु अधिकारी आगामी 14 नवंबर, 2025 तक जनपद के विभिन्न ब्लॉकों व ग्राम पंचायतों में जाकर शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर नितेश राज, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शिव भक्तों ने की बाबा जनवारीनाथ की मंगल आरती

**हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा धाम**

**लंभुआ (सुलतानपुर)।** बाबा जनवारीनाथ धाम में सोमवार की शाम शिवभक्तों ने साप्ताहिक संध्याकालीन मंगल आरती में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। बाबा जनवारीनाथ धाम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा पिछले दो वर्षों से प्रत्येक सोमवार को यह साप्ताहिक आरती आयोजित की जा रही है। आरती की शुरुआत प्रधान आचार्य रवि शंकर शुक्ल के नेतृत्व में पूजन से हुई। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में लंभुआ निवासी शिवा कसौंधन ने भगवान गणेश, नंदी जी महाराज और बाबा जनवारीनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन किया। रुद्राष्टक के सस्वर पाठ से पूर्व बाबा का दूध, दही और पंचामृत से अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात भव्य आरती संपन्न हुई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में आचार्य पं. सौरभ मिश्र, पं. आशीष मिश्र सहित अन्य विद्वान पुरोहितों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान ट्रस्ट के रणबीर सिंह, गया प्रसाद मिश्र, शिवम बरनवाल, आशीष बरनवाल, चेतन कसौंधन, राम भारत मिश्र, रमा शंकर मिश्र, संतराम तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बाबा के जयकारों और भक्ति गीतों से संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा।

# सूर्या हॉस्पिटल के सफलतम दस वर्ष पूर्ण संस्था प्रबंधक ने वरिष्ठ चिकित्सक डा देविन्दर शर्मा को दी शुभकामनाएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कमरौली अमेठी-** आधुनिक सुविधाओं से लैस सूर्या हॉस्पिटल औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के सफलतम दस वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने हॉस्पिटल पहुंचकर चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले हंसमुख, मिलनसार वरिष्ठ सर्जन डा.देविन्दर शर्मा से मुलाकात कर उन्हे अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आज सूर्या हॉस्पिटल जिस मुकाम पर पहुंचा है वह डा.देवेन्दर शर्मा के कुशल नेतृत्व का परिणाम है वहीं डा देविन्दर शर्मा एवं डा भव्य शर्मा ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सब लोगों का स्नेह है और भविष्य मे और भी स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रखेंगे बताते चलें कि यह हास्पिटल चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है जिससे जनपद सहित गैर जनपद के पेशेंट अपना इलाज करवाने इस हास्पिटल मे आते हैं और संतुष्ट होकर जाते हैं इस हास्पिटल मे आयुष्मान कार्ड द्वारा भी सेवाएं उपलब्ध हैं तथा ब्लड बैंक एमआरआई, सीटी स्कैन,आईसीयू, एनआईसीयू, ईसीजी, एक्स रे, पैथोलॉजी एवं इमरजेंसी सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं जिससे पेशेंटो को काफी सहूलियत मिलती है।

# सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स को दी गई अंबेडकरनगर जनपद की भौगोलिक, प्रशासनिक एवं विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी के फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत जनपद में आए हुए 12 प्रशिक्षणरत सिविल सर्विसेज के अधिकारीगण को आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक विशेष सत्र में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर द्वारा जनपद की भौगोलिक स्थिति, शासन की प्रमुख योजनाओं, विकास की प्रगति, पुलिस एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उनकी प्रगति पर संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। परियोजना अधिकारी, डीआरडीए द्वारा जनपद का सामान्य परिचय एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का सारगर्भित विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी में संचालित फाउंडेशन कोर्स के तहत आईएएस, आईपीएस, इंडियन फॉरेस्ट सर्विस, डिफेंस अकाउंट सर्विस एवं अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में यह अधिकारी 'विलेज विजिट प्रोग्राम' के तहत अंबेडकरनगर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारीगण आगामी एक सप्ताह तक टांडा एवं अकबरपुर ब्लॉकों के विभिन्न ग्रामों में रहकर वहां पर हो रहे विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, आजीविका एवं अन्य सरकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का अध्ययन करेंगे। इसके अतिरिक्त वे अर्बन लोकल बॉडीज एवं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की भी जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की यह विजिट लगभग एक सप्ताह की होगी। इस अवसर पर प्रशिक्षु सिविल ऑफिसर्स का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के एक जनपद एक उत्पाद के उत्पाद का पटका/अंगवस्त्र एवं पुष्प प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार शैवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर तिलोई विधानसभा में 'जन एकता यात्रा' का हुआ भव्य आयोजन

**●राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह सहित कई हजार लोग हुए शामिल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलोई, अमेठी।** भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर तिलोई विधानसभा क्षेत्र में "जन एकता यात्रा"का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा शाह मऊ से प्रारंभ होकर बहादुरपुर तक निकाली गई। यात्रा में हजारों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और पूरे मार्ग में "एक भारत -श्रेष्ठ भारत"के नारों से वातावरण गूंज उठा। बहादुरपुर पहुंचने पर यात्रा का समापन ब्लॉक परिसर में आयोजित एक विशाल जनसभा के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने सरदार पटेल जी के आदर्शों और उनके योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे।साथ ही भारतीय जनता पार्टी अमेठी के यशस्वी जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला तथा पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने भी सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता और एकता को सुदृढ़ किया। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरणा देते हैं कि हम समाज और राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, तिलोई के ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, विषुव मिश्रा, सोनू सिंह, पंडित राम उंजेरे शुक्ला सहित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में प्रतिभागी एवं सभा में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने "रन फॉर यूनिटी"के माध्यम से एकता का संदेश दिया और संकल्प लिया कि वे समाज में भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# फर्जीवाड़े के आरोपी की कुर्क होगी संपत्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** झारखंड के लातेहार जिले के बालूमाथ कांड थाना क्षेत्र में फर्जीवाड़े के प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शहर निवासी आरोपी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के भगवतीगंज निवासी अमित सिंह उर्फ प्रदीप शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में धोखाधड़ी और जालसाजी से जुड़े कई वित्तीय लेनदेन किए हैं। जानकारी के अनुसार, आरोपी अमित सिंह उर्फ प्रदीप शर्मा के खिलाफ वर्ष 2019 में झारखंड के बालूमाथ कांड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उस पर फर्जीवाड़ा कर धन हड़पने का आरोप है। आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावेजों के सहारे आर्थिक लेनदेन में धोखाधड़ी की थी और लोगों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। मामले की सुनवाई झारखंड के स्थानीय न्यायालय में चल रही थी, लेकिन बार-बार नोटिस और गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ।

न्यायालय की बार-बार की चेतावनियों को भी उसने नजरअंदाज कर दिया। इस पर बालूमाथ न्यायालय ने आरोपी की संपत्तियों की कुर्की का आदेश जारी किया, जिसके अनुपालन में बालूमाथ थाना प्रभारी विष्णु कुमार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दोनों राज्यों की पुलिस समन्वय स्थापित कर रही है। बलरामपुर पुलिस को भी आरोपी के बैंक लेनदेन, संपत्तियों और संपर्क सूत्रों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अमित सिंह उर्फ प्रदीप शर्मा के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच फिर से सक्रिय की जा रही है। झारखंड पुलिस से समन्वय स्थापित कर जानकारी साझा की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपी झारखंड में कारोबार करता था। कई लोगों से साझेदारी में उसने निवेश के नाम पर रकम ली, जिसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी के विरुद्ध दोनों राज्यों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई संभव है। कुर्की प्रक्रिया पूरी होते ही आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस बीच, बलरामपुर में आरोपी के घर और उसके पुराने संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

# राम बुझारत की पत्नी का पशुशेड में गुजर रहा जीवन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/गैड़ास बुजुर्ग।** थाने के सामने आत्मदाह करने वाले राम बुझारत की मौत को एक साल बीत चुका है। उनके परिवार का दर्द अब भी कम नहीं हुआ है। उनकी पत्नी कुसमा देवी पशुशेड में रहकर किसी तरह जिंदगी काट रही हैं, जबकि तीनों बच्चे रिश्तेदारों के सहारे पल रहे हैं। भले ही राम बुझारत की चिता की राख ठंडी हो चुकी है, लेकिन उनके परिवार का संघर्ष अब भी जल रहा है। कुसमा की आंखों में आज भी उस दिन का मंजर ताजा है। वे बताती हैं 23 अक्तूबर 2023 को उस दिन सब कुछ खत्म हो गया। अब न घर बचा, न सहारा। सरकार ने कहा था कि मदद मिलेगी, पर मिला सिर्फ एक पशुशेड व 30 हजार रुपये। उसी में मैं अपने छोटे बेटे के साथ रहती हूं। टूटी चारदीवारी और टीन की छत वाला वह पशुशेड अब उनके जीवन का एकमात्र आसरा है। बरसात के दिनों में पानी टपकता है। गांव वालों का कहना है कि कई बार उन्होंने अधिकारियों से गुहार लगाई कि कुसमा को पक्का घर मिले, पर अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### माल पुलिस ने खोया हुआ मोबाइल बरामद कर मालिक को लौटाया




**माल/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में माल थाना क्षेत्र के सौंरा गांव निवासी एक व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन माल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर लिया और आज पीड़ित को सौंप दिया। बरामद किए गए फोन की अनुमानित कीमत करीब दस हजार रुपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार, सौंरा निवासी शैलेंद्र कुमार का मोबाइल फोन कुछ समय पहले गुम हो गया था, जिसकी शिकायत उन्होंने माल थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद माल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की। माल के इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में मिली शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने जांच की और फोन की मॉनिटरिंग की गई।

मॉनिटरिंग और जांच के बाद पुलिस ने आखिरकार मोबाइल फोन को ढूंढ निकाला और आज शैलेंद्र कुमार को सौंप दिया। अपना खोया हुआ फोन वापस मिलने पर मोबाइल स्वामी शैलेंद्र कुमार ने माल पुलिस और इंस्पेक्टर नवाब अहमद का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने भी संतोष व्यक्त किया है।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए करें आवेदन

**ललितपुर।** सीएमओ डा.ई तयाज अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी के स पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यागंता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए बेवसाइड पर आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदन कर्ता को किसी भी कार्य दिवस में जिला चिकित्सालय स बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में जा कर चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तद्उपरांत ऑनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ सीएमओ कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते है। सीएमओ कार्यालय द्वारा दिव्यांग प्रमाण जारी करने की प्रक्रिया निशुल्क है। जिले में 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 8720 ऑनलाइन दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके है। सीएमओ ने सभी पात्र लाभार्थियों से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।

### जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**पनारी स्थित कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**



कार्यशाला को संबोधित करते टीएसआई

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने ग्राम पनारी स्थित एक कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के दौरान सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य छात्र-छात्राओं को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सडक़ पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एण्ड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रबंधक, प्राचार्य मौजूद रहे। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चौकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 183 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, पत्रकार अरविन्द संज्ञा भी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** बिसवां (सीतापुर) जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मानपुर का औचक निरीक्षण कर आवासीय व्यवस्था, शिक्षण कार्य, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता समेत सभी व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। छात्राओं के कंप्यूटर कौशल की सराहना।

नरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षाओं का अवलोकन किया और छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कंप्यूटर प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा छात्राओं से स्वयं टाइपिंग करवाई। छात्राओं के बेहतर तकनीकी ज्ञान और दक्षता की उन्होंने प्रशंसा करते हुए उन्हें मनोयोग से पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता**

जिलाधिकारी ने विद्यालय की सुरक्षा प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि प्रवेश और निकास दोनों स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे हर समय क्रियाशील रहें। साथ ही, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को मानकों के अनुसार शिक्षण कार्य कराने के निर्देश दिए।

**उपस्थिति व भोजन व्यवस्था की जांच**

डीएम ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने रसोईघर जाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि निर्धारित मेन्यू के अनुरूप ही भोजन उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने पूर्व निरीक्षण पंजिकाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को नियमित अंतराल पर निरीक्षण करने तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करने के लिए कहा। साथ ही, छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## साहित्य सुधा गीतांजलि की नवीन कार्यकारिणी गठित



**बिसवां सीतापुर** चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्य सुधा गीतांजलि की वार्षिक बैठक संस्था के संस्थापक अरविन्द सिंह मधुप के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से किया गया। इसमें विजय कुमार रस्तोगी को अध्यक्ष, अरुण गंवार को उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल को महामंत्री, अरविन्द सिंह मधुप को कोषाध्यक्ष, आनन्द खत्री को समन्वयक, सतीश चन्द्र कौशिक को लेखा परीक्षक, मृत्युंजय बाजपेई को संगठन मंत्री, धनंजय अशेष बाजपेई को प्रचार प्रसार का कार्यभार सौंपा गया। नए सदस्यों के रूप में सुश्री दिव्या सिंह चौहान एवं उदित सिंह को सम्मिलित किया गया। आयोजक विद्वान सिंह के द्वारा आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# एमएलसी रामचंद्र प्रधान के जन्मदिन पर अयोध्या धाम यात्रा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ/मलिहाबाद।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद में सोमवार को एमएलसी रामचंद्र प्रधान के 56वें जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1100 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

**मुख्य विवरण**

स्थानः मलिहाबाद क्षेत्र का कसमंडी कला, श्रद्धालुओं की संख्याः लगभग 1100, परिवहनः श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन हेतु 15 बसों में भेजा गया, आयोजकः इस कार्यक्रम का आयोजन एमएलसी के प्रतिनिधियों और समर्थकों द्वारा किया गया था

**कार्यक्रम की मुख्य बातें**

सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बस स्टैंड और निर्धारित स्थलों पर एकत्र होना शुरू हो गए थे।

आयोजकों ने जलपान, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की।

सभी बसें 'जय श्री राम' के जयघोष और हर्षोल्लास के साथ अयोध्या के लिए रवाना हुईं।

**एमएलसी का संदेश**

इस अवसर पर एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराना और उनकी धार्मिक आस्था को सशक्त करना है. उन्होंने जनसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बताया और जन्मदिन पर इसे सबसे अच्छी सेवा कहा।श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान, विकास पाठक सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधान सभा बीकेटी में एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीकेटी लखनऊ।** लखनऊ के विधानसभा बख्शी का तालाब में सरदार बल्लव भाई पटेल की 150 वी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में विधान सभा बीकेटी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एकता यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रहे। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया यात्रा लखनऊ के जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला के नेतृत्व में गुरूद्वारा भोला पुरवा से चालू हो कर एस आर ग्राउंड में डिप्टी सीएम के उद्बोधन के बाद समाप्त हुई। एकता यात्रा में कई कॉलेज के छात्र छात्राएं शामिल हुए। केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी इसके साथ ही मौर्य ने कहा कि बिहार चुनाव में nda की प्रचंड बहुमत से सरकार बन रही है पूरे प्रदेश में s i r होने जा रहा है उसमें सभी लोग सहयोग करे किसी के बहकावे में न आए वही डिप्टी सीएम ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उनके द्वारा पूरे बिहार मे sir को लेकर के भ्रमण किया गया जनता का सहयोग नहीं मिला तो वह एक तालाब में कूद गए और वोट चोरी का दिखावा करने लगे जनता ने कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को पूरी तरह नकार दिया है इस लिए अब वे लोगों को मुद्दों से भड़का रहे है लेकिन जनता उनके बहकावे में नहीं आने वाली है बिहार में फिर nda की सरकार बनने जा रही है वही कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संजय राय, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, विधायक योगेश शुक्ला, विधायक जय देवी कौशल, भाजपा नेता संजय सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## पिपरिया पाली प्रधान पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मोहल्ला चौकाबाग निवासी अरविन्द जैन पुत्र राजकुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माखन सिंह पटेल पुत्र ताहर सिंह ने बीती 28 अक्टूबर को उसके कार्यालय आकर उसके साथ लात-घूसों से मारपीट करते हुये अवैध धन की मांग की। आरोप है कि पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। घायल अरविन्द के द्वारा आवेदन देने पर मेडीकल हुआ। माखन सिंह पिपरिया पाली का प्रधान होने के चलते अपने प्रभाव का उपयोग करते हुये फर्जी तरीके से रिपोर्ट बनाकर उसे कोई फ्रैक्चर नहीं बताया गया, जबकि उसका दायां पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर है और उसका ऑपरेशन भी एक निजी अस्पताल में हुआ और दो प्लेटे डली हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान के खिलाफ बीएनएस की धारा 117 (2), 352, 351 (3) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# विद्यालयों में अब 'वंदे मातरम' गायन अनिवार्य

● योगी सरकार ने जारी किया नया आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों में 'वंदे मातरम्' गीत का गायन अनिवार्य कर दिया है। अब प्रदेश के सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में प्रत्येक दिन 'वंदे मातरम्' का समूह-गायन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। विद्यार्थियों में देश के प्रति समर्पण और गर्व की भावना विकसित करना शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए।"

सरकार ने शिक्षा विभाग को इस आदेश के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए हैं। स्कूलों में प्रार्थना सभा के समय या किसी निर्धारित अवसर पर वंदे मातरम् का गायन सुनिश्चित किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना बताया गया है। योगी सरकार का मानना है कि "राष्ट्रगीत" को विद्यालयी जीवन का हिस्सा बनाने से बच्चों में देशभक्ति की भावना स्वाभाविक रूप से विकसित होगी।




हालांकि, आदेश के बाद कुछ स्थानों पर विवाद भी देखने को मिला है। कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताया है। वहीं, सरकार का कहना है कि वंदे मातरम् किसी धर्म या समुदाय विशेष का नहीं, बल्कि पूरे देश का गीत है – और इससे किसी की धार्मिक आस्था को ठेस नहीं पहुँचती। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आदेश जल्द ही सभी विद्यालयों तक पहुँचा दिया जाएगा और निरीक्षण टीमों के माध्यम से इसके पालन की निगरानी की जाएगी। योगी सरकार का यह निर्णय शिक्षा जगत में राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देता है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रदेश के स्कूल इस आदेश को किस तरह से अपनाते हैं और विद्यार्थी इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बनाते हैं।

# युवक की मौत से घर में मचा कोहराम, पिता ने पांच पर हत्या और रूपये छीनने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम रीक्षिन में रविवार देर रात घर के बाहर पड़े एक युवक की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई मृतक के पिता ने पांच लोगों पर रुपए छीनने के बाद बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनो के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रीक्षिन निवासी ध्यानचंद्र मिश्र (26) पुत्र अवधेश मिश्र उर्फ रामू गांव में खाद की दुकान चलाते थे आरोप है कि रविवार देर रात दुकान बंद करने के बाद जब वह घर लौटे, तभी लखीमपुर जनपद के मोहल्ला रामनगर निवासी रुपेश तिवारी पुत्र इन्द्रेश किसी काम के बहाने उन्हें घर से बुला ले गया। परिजनों का कहना है कि रात करीब 12 बजे शराब ठेके के प्रोप्राइटर तौलेराम और उसका पुत्र रजनीश ध्यानचंद्र को लहुलुहान हालत में बाइक से उनके घर के पास फेंककर फरार हो गए परिवार वालों ने घायल ध्यानचंद्र को देखकर तुरंत स्थानीय चिकित्सकों को बुलाया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उन्हें सीएचसी हरगांव ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी पर सीओ सदर नेहा त्रिपाठी रात में ही घटनास्थल पर पहुंचीं और पूरी घटना की बारीकी से जानकारी ली प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पिता अवधेश मिश्र ने बताया कि मृतक के पिता ने पांच लोगों के विरुद्ध हत्या और रूपये छीनने का आरोप लगाया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी प्राची मिश्रा अपने पाँच वर्षीय पुत्र अभिनव के साथ बार-बार बेहोश हो जा रही हैं पूरे गांव में शोक की लहर है पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है!!

# अधिवक्ता व उसके बच्चों को दबंग ने जान से मारने की दी धमकी

● अधिवक्ता ने सीओ बिसवां से कार्रवाई को लेकर लगाई गुहार।

थाना सकरन पुलिस ने नही की कोई कार्रवाई।

मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर** सकरन थाना क्षेत्र में दबंग द्वारा एक अधिवक्ता को जान से मार देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। तहरीर देने के बावजूद सकरन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया है। मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है। अधिवक्ता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां से अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना सकरन के ग्राम सुकेठा निवासी व तहसील बिसवां में बतौर अधिवक्ता रामकिशोर पुत्र परशुराम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके बहनोई की मृत्यु हो गई थी वह मिट्टी में शामिल होने के लिए परिवार सहित गया हुआ था। घर पर उसकी अकेले पत्नी और छोटे बच्चे थे। इसी बीच शराब पीकर आए एक दबंग ने उसकी पत्नी से साथ गाली गलौज की। मना करने पर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। पत्नी किसी तरह भागकर घर में घुसकर दरवाजा बंद कर जान बचाई। अधिवक्ता जब मिट्टी से वापस आया तो पत्नी ने सारी बात बताई। अधिवक्ता ने दबंग से अपनी गैर मौजूदगी में पत्नी के साथ अभद्रता, गाली गलौज व मारपीट करने की कोशिश को लेकर नाराजगी जताई। तो उक्त दबंग व्यक्ति ने अधिवक्ता को व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले को लेकर थाना सकरन में तहरीर दी। लेकिन सकरन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अधिवक्ता रामकिशोर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां को प्रार्थना पत्र देखकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

## टैक्सी लेकर सवारी का इंतजार कर रहे चालक से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम छायन निवासी सु मेर सिंह पुत्र स्व.वीरसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह टैक्सी चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि बीती 8 नव बर की शाम करीब 4 बजे वह ग्राम कु हैड़ी तिराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी कु हैड़ी निवासी नरेन्द्र पुत्र आशाराम अपनी टैक्सी लेकर आया और बोला कि वह कु हैड़ी की सवारियां लेने क्यों खड़े हो। पीड़ित ने बताया कि नरेन्द्र ने उसे धमकाया कि उसकी दबंगई के चलते यहां कोई टैक्सी नहीं चल सकती। पीड़ित जब इसका विरोध किया तो नरेन्द्र ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और टैक्सी भी तोड़ दी। किसी प्रकार उसने अपनी जान बचायी और थाने में शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नरेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## समस्याओं के निस्तारण को लेकर गंभीर हुयीं नपाध्यक्ष




● ईओ की मौजूदगी में वार्डों से सुनी जायेंगी समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर को साफ-स्वच्छ-सुन्दर, लाइटिंग व्यवस्था, गडढा मुक्त एवं शहर में अन्य विकास कराये जाने हेतु अध्यक्ष सोनाली जैन ने शहर के विभिन्न वार्डों में ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा संबंधित स मानित पार्षद एवं नगर पालिका की टीम के साथ पहुंचकर वार्डवासियों की समस्याओं एवं उनके सुझाव अनुसार कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें शहर के समस्त वार्डों का निरीक्षण चार चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में शहर के सात वार्डों का निरीक्षण रोस्टर के अनुसार सुबह 08 से किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण में 12 से 19 नव बर 2025 तक वार्ड नंबर 1, 3, 8, 15, 4, 12 व 17 शामिल है। रोस्टर के अनुसार 12 नव बर 2025 को वार्ड नं. 01 मोहल्ला सिद्धनपुरा, 13 नव बर 2025 को वार्ड नं. 03 मोहल्ला नेहरू नगर, 14 नव बर 2025 को 08 मोहल्ला जुगपुरा, 15 नव बर 2025 को वार्ड नं0-15 मोहल्ला गांधीनगर प्रथम, 17 नव बर 2025 को वार्ड नं.-04 मोहल्ला गांधीनगर द्वितीय, 18 नव बर 2025 को वार्ड नं.-12 मोहल्ला आजादपुरा तृतीय व 19 नव बर 2025 को वार्ड नं.-17 मोहल्ला सिविल लाइन द्वितीय शामिल है। अध्यक्ष ने टीम में कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षकध्कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार जैन, जेई खुशबू खान, जेई निधि पाण्डेय, एसआई जितेन्द्र स्परूप तिवारी, प्रभारी एसआईध्मु य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपरवाइजर, गैरिज प्रभारी सहित संबंधित स्वास्थ्य नायक तैनात किये गये है जो ईओ की मौजूदगी में मोहल्लेवासियों की समस्याओं का निस्तारण करायेगें।

## रोजगार मेले का आयोजन 15 को

**ललितपुर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को अवगत कराया गया है कि आर्ठटीआई तालबेहट में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 15 नव बर को किया जा रहा है। बताया कि रोजगार मेले में 150 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही कई क पनियां भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई में उत्तीर्ण अ यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में स मलित होने व साक्षात्कार हेतु अ यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। यह भी बताया कि विभाग द्वारा रोजगार मेलों में चयन प्रक्रिया मु त होती है। इसके लिए कोई सिक्योरिटी या डिमाण्ड करे तो ऐसे फेक ईमेल, एसएमएस या फोन कॉल को सही न मानें।

# खुशखबरी: ध्रुवकुटी नाले का होगा सौंदर्यीकरण, लाख की योजना से बदलेगी तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



भूमि पूजन करते भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य जनपद निधि

**तालबेहट।** नगर पंचायत के प्रयास से अब बहुप्रतीक्षित और बहुउद्देशीय ध्रुवकुटी नाले की तस्वीर जल्द बदलने जा रही है। नगर विकास के तहत लगभग 80 लाख रुपये की कार्ययोजना से नाले के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत की गई है। सोमवार को आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मु य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि नगर क्षेत्र के विकास के लिए सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे नगर की सूरत में तेजी से बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि तालबेहट को स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तालबेहट नगर में पेयजल की विकराल समस्या के लिए 46 करोड रुपए की कार्य योजना स्वीकृत हो चुकी है वहीं पानी की टंकी से लेकर बिजली घर वाली सडक़ का निर्माण भी जल्द होगा इसके अलावा नए बस स्टैंड से तमाम योजनाओं की उन्होंने जानकारी दी।नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया की प्रथम बार में 46 लख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है जिससे कार्य आरंभ कर दिया गया है। वहीं सौंदर्यकरण लिए 35 लख रुपए की कार्य योजना बनाकर शासन को भेजी गई है बजट सीक्रेट होते ही जल्द सुंदरीकरण का काम भी शुरू कराया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता विनोद अगरिया, विनोद तिवारी, बीजेपी नेता राजू चौबे, महामंत्री मोनू पस्तोर, दिवाकर चौबे, मीनू बाल्मीकि, पार्षद अवधेश पारिया, सरमन बाल्मिकी, ललित अगरिया, विजय सोनी, पार्षद दीपू गोस्वामी, पार्षद नरेंद्र कुमार, नगर पंचायत कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक बड़ी सं या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनपी गोस्वामी ने एवं आभार वार्ड पार्षद छोटेलाल साहू ने किया।

# सृष्टि या प्रयोगशाला: इंसान को गढ़ने का अधिकार किसका?

**ईश्वर की भूमिका में इंसान: एक नैतिक दुविधा**

**जेनेटिक इंजीनियरिंग: वरदान का चेहरा या विनाश की आहट?**

कल्पना कीजिए, एक ऐसी दुनिया की जहाँ इंसान अपनी संतान के चेहरे की बनावट, आँखों के रंग, बुद्धि, कद-काठी और स्वभाव तक को अपनी पसंद से चुन सके। जहाँ जन्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर बनाया गया "प्रोजेक्ट" बन जाए – ऐसा प्रोजेक्ट जिसमें माता-पिता अपनी इच्छानुसार 'परफेक्ट' इंसान रचें। यही है जेनेटिक इंजीनियरिंग का सबसे चमकदार, और शायद सबसे भयावह रूप। विज्ञान ने इंसान को वह सामर्थ्य दे दी है जो अब तक केवल प्रकृति या सृष्टिकर्ता के पास थी – जीवन को अपनी शर्तों पर ढालने की शक्ति। लेकिन असली प्रश्न यह नहीं कि इंसान अब क्या-क्या कर सकता है; असली प्रश्न यह है कि क्या उसे ऐसा करने का अधिकार होना चाहिए। जेनेटिक इंजीनियरिंग, यानी आनुवंशिक अभियांत्रिकी – वह आधुनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से जीवों के जीन में बदलाव किया जाता है। इस तकनीक की मदद से हम फसलों को अधिक उत्पादनक्षम बना सकते हैं, जानवरों में उपयोगी गुण विकसित कर सकते हैं, और इंसानों में जन्म से पहले ही घातक बीमारियों को मिटाने की संभावना खोज सकते हैं। सुनने में यह किसी वरदान से कम नहीं लगता। थैलेसीमिया, कैंसर या हंटिंगटन जैसी वंशानुगत बीमारियों का अंत मानवता के लिए सचमुच एक बड़ी जीत होगी। पर जब यही शक्ति इंसान की स्वाभाविक बनावट, उसके रूप, गुण या प्रकृति को बदलने लगती है – जब जीवन को 'संशोधित' या 'डिज़ाइन' किया जाने लगता है – तब यही विज्ञान एक गहरी नैतिक दुविधा का कारण बन जाता है। ज़रा सोचिए, अगर कोई माता-पिता यह तय कर सके कि उनका बच्चा गोरी त्वचा, नीली आँखें, तीव्र बुद्धि और बीमारियों से पूरी तरह मुक्त हो – तो यह दृश्य किसी फिल्म जैसा लगेगा, पर सच यह है कि विज्ञान की गति से यह अब बहुत दूर नहीं। पर सवाल यह है – क्या ऐसा चयन सच में नैतिक है? क्या हम उस सीमा को पार नहीं कर रहे जहाँ इंसान "प्रकृति का परिणाम" नहीं बल्कि "मानव अभिमान" बन जाएगा? ऐसे समाज में समानता और न्याय की नींव कैसे कायम रह सकेगी? शायद कभी नहीं। क्योंकि तब इंसान दो वर्गों में बँट जाएगा – एक ओर होंगे "डिज़ाइनर इंसान", जो जो हर दृष्टि से आदर्श बनाए गए होंगे, और दूसरी ओर वे, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार जन्मे हैं। यह विभाजन रंग, जाति या संपत्ति पर नहीं, बल्कि जीन पर आधारित नई असमानता को जन्म देगा – एक ऐसी असमानता, जो शायद सबसे गहरी और सबसे खतरनाक होगी। वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह प्रयोग खतरे से खाली नहीं है। जीन में ज़रा-सी गड़बड़ी हमारे शरीर के पूरे संतुलन को बिगाड़ सकती है। जिस बीमारी को हम मिटाने की कोशिश करें, वही किसी नई और अनजानी समस्या का रूप ले सकती है।




तब सवाल उठता है – क्या हम इन अनिश्चित और संभावित परिणामों का सामना करने के लिए सच में तैयार हैं? और अगर यह तकनीक किसी व्यावसायिक नियंत्रण में चली गई, तो क्या जीवन भी एक "उत्पाद" नहीं बन जाएगा – जैसे कोई विज्ञापन कहे, "संपूर्ण संतान, बस इतने में"? उस स्थिति में विज्ञान मानवता की सेवा नहीं करेगा, बल्कि बाज़ार की माँगों का औजार बन जाएगा। नैतिकता और आस्था, दोनों ही इस विषय पर अपनी सीमाएँ तय करती हैं। अनेक परंपराएँ मानती हैं कि जीवन की रचना में हस्तक्षेप करना ईश्वर की सृजन प्रक्रिया को चुनौती देना है। जन्म, स्वरूप और विविधता – ये सभी प्रकृति के संतुलन का हिस्सा हैं, जिन्हें बदलने की कोशिश कहीं न कहीं इंसानी अहंकार का प्रतीक बन जाती है। विज्ञान तभी तक कल्याणकारी है जब तक वह दुःख को घटाए और जीवन को बेहतर बनाए, लेकिन जैसे ही वह अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने लगता है, वह वही विज्ञान विनाश का कारण बन जाता है। यह सच है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग ने चिकित्सा जगत में एक नई क्रांति ला दी है। असंख्य बीमारियों का इलाज अब संभव होता दिख रहा है, और जीवन की गुणवत्ता पहले से कहीं बेहतर बन सकती है। पर उतना ही सच यह भी है कि इस अद्भुत शक्ति के साथ गहरी जिम्मेदारी जुड़ी है। हमें यह सीमाएँ तय करनी होंगी कि इसका उपयोग केवल रोगों को मिटाने और जीवन को सहज बनाने के लिए हो, न कि इंसान को कृत्रिम रूप से "परिपूर्ण" बनाने की अंधी दौड़ में। हमें याद रखना होगा कि विविधता ही मानवता की असली सुंदरता है – हर व्यक्ति की अपनी विशिष्टता, उसकी अपूर्णता ही उसे खास, सजीव और मानवीय बनाती है। विज्ञान और नैतिकता एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। विज्ञान तभी सार्थक है जब वह नैतिकता के साथ कदम मिलाकर चले। आज ज़रूरत है एक सख्त और स्पष्ट वैश्विक नीति की, जो यह सुनिश्चित करे कि आनुवंशिक संपादन का उपयोग केवल चिकित्सा और मानव कल्याण के लिए ही सीमित रहे। साथ ही, वैज्ञानिकों के साथ समाज को भी यह समझना होगा कि हर संभव कार्य करना जरूरी नहीं होता – सच्ची बुद्धिमानी उसी में है जहाँ शक्ति के साथ संयम और जिम्मेदारी भी जुड़ी हो। जेनेटिक इंजीनियरिंग का सबसे गहरा सवाल यही है – क्या हमारा उद्देश्य एक "परिपूर्ण" इंसान बनाना है, या एक "बेहतर" इंसान? परिपूर्णता में अहंकार बसता है, जबकि सुधार में विनम्रता। यदि यह तकनीक मानव पीड़ा को कम करने, बीमारियों को मिटाने और जीवन को अधिक सार्थक बनाने में सहायक बने, तो यह विज्ञान की सबसे महान उपलब्धि कहलाएगी। लेकिन यदि यह इंसान के भीतर से संवेदना, संतुलन और समानता की भावना को मिटाने लगे, तो यही शक्ति उस आग में बदल जाएगी, जिसने इतिहास में सभ्यताओं को बार-बार भस्म किया है। इंसान को "डिज़ाइन" करने की शक्ति अब हमारे हाथों में आ चुकी है, पर इंसानियत को बचाए रखने की जिम्मेदारी अब भी हमारे दिलों में है। यही जिम्मेदारी हमारे भविष्य की दिशा तय करेगी – क्या विज्ञान हमारे जीवन को रोशन करेगा या उसी आग में झोंक देगा जो अहंकार से भड़कती है। हमें यह याद रखना होगा कि तकनीक का मूल्य उसकी क्षमता में नहीं, बल्कि उसके उद्देश्य में छिपा है। अगर हम इस शक्ति का उपयोग करुणा, संतुलन और मानव कल्याण के लिए करें, तो यही विज्ञान आने वाले युगों के लिए प्रकाशस्तंभ बनेगा। लेकिन अगर इसमें मानवीय संवेदना खो गई, तो यही विज्ञान उस अंधकार का नाम बन जाएगा जिसमें सभ्यता अपनी ही रचना के बोझ तले ढह जाएगी। यही वह क्षण है जहाँ हमें तय करना है – क्या हम "सृष्टिकर्ता" बनना चाहते हैं, या सृष्टि के रक्षक बने रहना चाहते हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## जीवन पर सवाल बन रही वायु की खराब गुणवत्ता



राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है, इसका अंदाजा इस से लगाया जा सकता है कि लोगों को मजबूरी में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। रविवार को इंडिया गेट पर जब नागरिक 'साफ हवा' की मांग लेकर सड़कों पर उतरे, तो यह सिर्फ एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, यह उस शहर की पुकार थी, जो हर साल अपने बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों को प्रदूषण की भेंट चढ़ते देख रहा है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटा दिया, लेकिन सवाल यह है कि सरकारें आखिर कब तक आंखें मूंदे रहेंगी? केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच चुका है। आईटीओ जैसे इलाकों में यह 498 तक दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी की सीमा से भी आगे है। वजीरपुर, बवाना, विवेक विहार, रोहिणी और नेहरू नगर में हालात लगभग समान हैं। एनसीआर के शहरों में भी स्थिति बेहतर नहीं है, नोएडा 391, गाजियाबाद 387, गुरुग्राम 252 पर है। इसका मतलब यह है कि दिल्ली-एनसीआर अब गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। इसके बावजूद सरकार ने अब तक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण की पाबंदियां लागू नहीं की हैं, यानी निर्माण कार्य, ट्रक प्रवेश और डीजल जेनरेटरों पर प्रतिबंध अब तक टाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सिर्फ पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपदा है। विशेषज्ञों के अनुसार वायु प्रदूषण अब सिर्फ फेफड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि यह कण शरीर में प्रवेश कर खून के जरिए लीवर, किडनी और अन्य अंगों तक पहुंच रहे हैं। जिन लोगों को पहले से हृदय, अस्थमा, किडनी या लिवर की बीमारी है, उनके लिए यह हवा मौत का फरमान साबित हो सकती है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, अस्थमा, स्ट्रोक, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज के केस तेजी से बढ़े हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों में न्यूरो डेवलपमेंट डिसेबिलिटी जैसी समस्याएं भी अब आम होती जा रही हैं। इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के अनुसार, साल 2023 में दिल्ली में करीब 17,188 लोगों की मौत प्रदूषित हवा के कारण हुई। यानी हर सात में से एक व्यक्ति की मौत का कारण अब वायु प्रदूषण है। यह आंकड़ा 2018 के मुकाबले कहीं अधिक है, जब यह संख्या 15,786 थी। इतना ही नहीं, हाई ब्लड प्रेशर से 14,874 मौतें और मधुमेह (हाई फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज) से 10,653 मौतें दर्ज की गई। लेकिन प्रदूषण से होने वाली मौतें इन दोनों से भी ज्यादा हैं, बताता है कि यह सिर्फ एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक जनस्वास्थ्य संकट बन चुकी है। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र का कहना है कि वायु प्रदूषण अब दिल्ली के लिए उतना ही बड़ा खतरा है जितना किसी महामारी का प्रकोप। जब तक विज्ञान-आधारित नीतियां लागू नहीं होंगी, तब तक दिल्ली एक गैस चेंबर बनी रहेगी। इतने भयावह हालात के बावजूद सरकार की ओर से ठोस कदमों की कमी दिखती है। जनता के धैर्य की सीमा अब खत्म हो रही है। इसलिए रविवार को जब सैकड़ों नागरिक इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए, तो यह केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष था। लोगों ने नारे लगाए 'हमें सांस दो', 'साफ हवा हमारा अधिकार है', 'जीना है तो कुछ करना होगा।' दरअसल दिल्ली का प्रदूषण कई स्रोतों से आता है, पराली जलना, वाहन उत्सर्जन, धूल, औद्योगिक धुआं और निर्माण कार्य। पराली पर हर साल वही बहस दोहराई जाती है, लेकिन व्यावहारिक समाधान अब तक नहीं निकला। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, ई-वाहनों को प्रोत्साहन देने और निर्माण स्थलों पर सख्त निगरानी जैसे कदम अभी भी आधे अधूरे हैं। सरकारें केंद्र और राज्य में एक-दूसरे पर आरोप लगाती रहती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि दिल्ली की हवा किसी राजनीतिक सीमा को नहीं मानती। यह पूरे एनसीआर की समस्या है और इसका हल भी सामूहिक जिम्मेदारी से ही निकलेगा। यह समय 'कमेटी बनाने' का नहीं, बल्कि 'कार्रवाई करने' का है। स्कूल बंद करने या दफ्तरों को 'वर्क फ्रॉम होम' पर भेजने से समस्या अस्थायी रूप से टल सकती है, लेकिन खत्म नहीं होती। सरकार को दीर्घकालिक कदम उठाने होंगे, जैसे कि सर्दियों से पहले प्रदूषण नियंत्रण के लिए एयर-कलिटी एक्शन प्लान को सफिय करना, निर्माण स्थलों पर स्वचालित मॉनिटरिंग, डीजल वाहनों पर सख्त नियंत्रण, और पराली प्रबंधन के लिए किसानों को प्रोत्साहन देना। साफ हवा केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मानव अधिकार का सवाल है। जब दिल्ली के नागरिकों को हर सांस के साथ अपने स्वास्थ्य की कीमत चुकानी पड़ रही है, तो यह लोकतंत्र के लिए भी शर्म की बात है। दिल्ली की हवा अब एक अदृश्य हत्यारा बन चुकी है, जो धीरे-धीरे, चुपचाप हर घर में दस्तक दे रही है। डॉक्टर, रिसर्चर और पर्यावरणविद् सभी चेतावनी दे चुके हैं कि अगर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले सालों में यह शहर रहने लायक नहीं बचेगा। सरकारों को समझना होगा कि जनता की यह लड़ाई सिर्फ एक दिन की 'प्रोटेस्ट फोटो' नहीं है। यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है। आज अगर हम सांस नहीं ले पा रहे, तो कल शायद बोल भी न पाएं। हकिकत यह है कि सरकारें बदलती रहें, नीतियां बनती रहें, लेकिन जब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक जवाबदेही नहीं होगी, तब तक दिल्ली का आसमान धुएं में डूबा रहेगा। अब वक्त है कि %स्वच्छ हवा1 को एक मौलिक अधिकार की तरह लागू किया जाए क्योंकि अगर सांस ही नहीं बची, तो शासन और राजनीति दोनों बेअर्थ हैं। दिल्ली को बचाना अब सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक आपातकालीन जिम्मेदारी है, और यह जिम्मेदारी हर नागरिक, हर नेता, हर संस्थान की है। दिल्ली की हवा अब सिर्फ एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि जीवन-मृत्यु का प्रश्न बन चुकी है। यह लोकतंत्र का दर्पण है, जो हमें बताता है कि अगर नागरिक अपने ही शहर में सांस लेने को मजबूर हों, तो विकास का सारा शोर बेमानी है। इसलिए उम्मीद यही की जानी चाहिए कि अब केंद्र और राज्य मिलकर दिल्ली में ऐसी नीतियां बनायें जिससे लोगों के सांसों पर जो संकट मंडरा रहा है उस से निजात दिलाने में मदद मिले।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# असम का विधान, नारी सम्मान का नया संविधान

**असम से उठी वह लहर, जो समाज की दिशा बदल देगी**

**परंपरा बनाम समानता: असम का 'पॉलिगैमी बिल 2025**

एक छोटा-सा राज्य, एक विराट फैसला। असम की मिट्टी में सदियों से जड़ जमाए बहुविवाह की प्रथा अब कानून की मजबूत दीवार से टकराने वाली है। रविवार की उस शांत शाम, जब गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी लहरों को समेटे चुपचाप बह रही थी, उसी क्षण मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा की कैबिनेट ने एक ऐसा बिल पारित किया जिसने पूरे पूर्वोत्तर को स्तब्ध कर दिया–'असम प्रोहिबिशन ऑफ पॉलिगैमी बिल 2025'। 25 नवंबर को विधानसभा में पेश होने वाला यह कानून न केवल एक व्यक्ति को एक से अधिक जीवित पत्नी रखने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएगा, बल्कि उल्लंघन करने वालों को सात वर्ष तक की कठोर कैद और पीड़ित महिलाओं को न्यायोचित मुआवजे का मजबूत अधिकार भी देगा। यह कोई साधारण विधेयक नहीं; यह एक सांस्कृतिक क्रांति का उद्घोष है–जहाँ एक ओर महिलाओं की गरिमा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर सदियों पुरानी परंपराओं का अटूट किला। सबसे पहले समझना जरूरी है कि बहुविवाह असम में कोई दुर्लभ प्रथा नहीं रही। खासकर कुछ समुदायों में इसे सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता रहा है। जमीन-जायदाद बिखरने से बचाने के नाम पर, वंश-वृद्धि के नाम पर, या बस इसलिए कि 'हमारे पूर्वजों की यही रीति थी'–बहाने अनगिनत थे। किंतु इन बहानों के पीछे छिपी थीं हजारों महिलाओं की कुचली हुई आकांक्षाएँ, टूटे हुए सपने। दूसरी, तीसरी, चौथी पत्नी बनकर घर में प्रवेश करने वाली स्त्री न कानूनी अधिकार रखती थी, न सम्मान। बच्चे जन्म लेते थे, पर उनका भविष्य हमेशा अनिश्चय के अंधेरे में लटका रहता था। संपत्ति का हक? वह तो पहली पत्नी के बच्चों को भी दुर्लभ था। सरकार ने ठीक यहीं प्रहार किया है–उस जड़ पर, जो सदियों से महिलाओं को रौंदती आई है। कानून का मसौदा स्पष्ट है–कोई भी व्यक्ति, किसी भी धर्म या समुदाय का हो, एक जीवित पत्नी रहते दूसरा विवाह नहीं कर सकेगा। अपवाद सिर्फ उन मामलों में है जहाँ पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी हो या तलाक हो चुका हो। उल्लंघन पर सात वर्ष की सजा और जुर्माना। पर सबसे क्रांतिकारी है मुआवजे का प्रावधान। अगर कोई व्यक्ति छिपाकर दूसरा विवाह करता है, तो पीड़ित पत्नी को न्यायालय के माध्यम से मुआवजा मिलेगा। यह प्रावधान इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि अब तक ऐसी महिलाएँ न पुलिस के पास जाती थीं, न अदालत। शर्म, सामाजिक दबाव और आर्थिक मजबूरी उन्हें मौन रहने को बाध्य करती थी। अब कानून उन्हें सशक्त आवाज दे रहा है। विरोध अपेक्षित था। बिल की खबर जैसे ही बाहर आई, कुछ संगठनों ने इसे 'सांस्कृतिक आक्रमण' करार दिया। उनका दावा है कि यह विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रहा है, क्योंकि इस्लाम में चार विवाह की अनुमति है। किंतु सरकार का उत्तर अडिग है–यह बिल किसी धर्म-विशेष के विरुद्ध नहीं। हिंदू, ईसाई, आदिवासी–सब पर समान रूप से लागू होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा, ÷हम किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं कर रहे; हम केवल महिलाओं को उनका जन्मसिद्ध अधिकार लौटा रहे हैं।÷ वास्तव में यह यूनिफॉर्म सिविल कोड की दिशा में असम का पहला दृढ़ कदम है। केरल, गोवा जैसे राज्य पहले से इस पथ पर हैं। असम अब गर्व से उस सूची में शामिल हो रहा है। दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ता इसे युगांतकारी बता रहे हैं। गुवाहाटी की एक वकील कहती हैं, "मैंने सैकड़ों महिलाएँ देखीं जो दूसरी-तीसरी पत्नी बनकर नौकरानी से बदतर जीवन जीती हैं। उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पाते क्योंकि पिता उनका नाम तक नहीं लिखाता। यह बिल उन्हें न्याय की किरण देगा।" उनके साथ असंख्य महिला संगठन खड़े हैं। पर प्रश्न यह भी है–क्या कानून बनते ही प्रथा समाप्त हो जाएगी? ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतें आज भी निकाह कराती हैं, बिना किसी रजिस्ट्रेशन के। सरकार ने सभी निकाहों का रजिस्ट्रार के पास पंजीकरण अनिवार्य किया है। किंतु क्या काजी मानेंगे? क्या पंचायतें स्वीकार करेंगी? यही असली परीक्षा होगी। एक और दिलचस्प पहलू है–राजनीतिक। असम में सत्तारूढ़ दल अपनी छवि को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है। कुछ कड़े कानूनों के बाद अब महिलाओं के अधिकारों की जोरदार वकालत करके उन शहरी मध्यम वर्ग, बुद्धिजीवी और अल्पसंख्यक समुदायों को लुभाना चाहता है, जो उसे अब तक सांप्रदायिक मानते आए हैं। विपक्ष इसे महज चुनावी स्टंट और वोट की राजनीति कहकर खारिज कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि उनकी अपनी सरकारों ने कभी इस मुद्दे पर इतना साहसिक कदम उठाने की हिम्मत नहीं दिखाई। 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह बिल एक मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है। अंततः प्रश्न वही है–क्या कानून समाज बदल सकता है? बहुविवाह रातोंरात समाप्त नहीं होगा। किंतु जब पहली महिला अदालत से मुआवजा लेकर लौटेगी, जब पहला पुरुष सात वर्ष की सजा भुगतेगा, तभी समाज को अहसास होगा कि युग बदला है। असम ने एक साहसी शुरुआत की है। अब बाकी राज्यों की बारी है। ब्रह्मपुत्र की लहरें शांत हैं, पर गहराई में एक नया तूफान उठ रहा है–महिलाओं की मुक्ति का तूफान। 25 नवंबर को जब विधानसभा में यह बिल पेश होगा, पूरा देश देखेगा कि परंपरा और न्याय की इस टक्कर में विजय किसकी होती है। अभी तो हवा में एक ही नारा गूंज रहा है–एक पुरुष, एक विवाह। बस यही काफी है एक नई, उज्ज्वल सुबह के लिए।

**प्रो. आरके जैन**

# 70 साल में भी वेस्ट यूपी नही बनी हाईकोर्ट बेंच

पश्चिमी उत्तर प्रदेश (वेस्ट यूपी) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित करने की मांग एक बहुत पुराना और लगातार जारी रहने वाला आंदोलन है। लगभग 70 साल पुरानी यह मांग केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की एक गहरी पुकार है। इस आंदोलन के कामयाब न होने की खास बात यह है कि आंदोलनरत वकील आदोलन से जनता को नही जोड़ सके। वह यह बताने में और जनता में मन में बैठाने में असफल रहे कि हाईकार्ट की बैंच पश्चिम उत्तर प्रदेश में बनने से यहां के रहने वालों को क्या लाभ होगा? 1948 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित की गई थी, लेकिन पश्चिमी यूपी को इससे कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि लखनऊ भी इस क्षेत्र से काफी दूर था। वैसे 1955 की विधि आयोग की सिफारिशों ने इस आंदोलन को एक नई दिशा दी। आयोग ने सिफारिश की थी कि उच्च न्यायालय की बेंच उन क्षेत्रों में स्थापित की जानी चाहिए, जहाँ से दूरी अधिक है। साल 1955 में तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूर्णानंद ने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की सिफारिश की। वर्ष 1976 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने केंद्र को खंडपीठ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा। जनता पार्टी के शासन में राम नरेश यादव की सरकार ने भी इस मांग पर मुहर लगाई और पश्च?मी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के प्रस्ताव को कर उसे केंद्र सरकार को भेजा। बनारसीदास सरकार एवं बाद में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी एक प्रस्ताव पारित कर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को संस्तुति प्रदान की गई। प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया। 1970 और 1980 के दशक में, यह आंदोलन और भी जोर पकड़ने लगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों ने हड़तालों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। किसान नेता चौधरी चरण सिंह, मुलायम सिंह यादव और अजित सिंह जैसे नेताओं ने भी इस मांग को अपना समर्थन दिया। इससे यह मांग राजनीतिक मुद्दा बन जरूर बन गई किंतु नेताओं की इच्छा शक्ति के अभाव में और इलाहाबाद के वकीलों के दबाव में कभी पूरी नही हुई। आज भी, पश्चिमी यूपी के कई संगठन और बार एसोसिएशन इस मुद्दे पर नियमित रूप से आंदोलन करते रहते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और मथुरा से इलाहाबाद की दूरी 500 से 700 किलोमीटर है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों और वकीलों को अत्यधिक समय, धन और ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। गरीबी और संसाधनों की कमी वाले लोगों के लिए यह एक बड़ा बोझ बन जाता है।इलाहाबाद में एक मुकदमे के लिए जाने का मतलब है, न केवल यात्रा का खर्च, बल्कि वहाँ रहने और खाने का भी खर्च। इसके अलावा, वकीलों की फीस भी अधिक होती है। यह सब मिलकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए न्याय को बहुत महंगा बना देता है।एक बात और इलाहाबाद की जगह यदि पश्चिम उत्तर प्रदेश को लखनऊ खंड पीठ से संबद्ध कर दिया जाता, तब भी दूरी दो सौ किलोमीटर के आसपास कम हो जाती।

लखनऊ पश्चिम उत्तर प्रदेश के नजदीक पड़ता है किंतु ऐसा भी नही किया गया।इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले से ही मुकदमों का भारी बोझ है। पश्चिमी यूपी से आने वाले मामलों की बड़ी संख्या के कारण, न्याय में और अधिक देरी होती है। एक बेंच की स्थापना से मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा, जिससे न्यायपालिका पर दबाव कम होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसे अक्सर "भारत का चीनी का कटोरा" कहा जाता एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से इस क्षेत्र की न्यायिक और राजनीतिक पहचान मजबूत होगी, और यह एक आत्मनिर्भर केंद्र बन सकेगा।

वर्तमान में भी यह आंदोलन जारी है, हालाँकि इसने कई बार धीमी गति पकड़ी है।1981 से वकीलों के संगठन नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार को हड़ताल करते हैं, वे धरने देते रहतें हैं, और ज्ञापन सौंपते हैं। हालांकि, इस आंदोलन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस आंदोलन के सामने सबसे बडी चुनौती है कि किसी भी राजनीतिक दल ने इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से नहीं लिया है। केंद्र और राज्य सरकारें इस मांग को टालती रही हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकील इस मांग का विरोध करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि एक बेंच की स्थापना से उनका काम और आय प्रभावित होगी। सरकार का तर्क है कि एक बेंच की स्थापना से प्रशासनिक जटिलताएँ बढ़ेंगी और यह एक आर्थिक बोझ होगा। इसके अलावा, सरकार अक्सर इस मुद्दे को भविष्य के लिए टाल देती है।एक मजबूत और एकीकृत नेतृत्व की कमी ने इस आंदोलन को कमजोर किया है। अलग-अलग संगठन अपने-अपने तरीके से आंदोलन चला रहे हैं, जिससे एकता नहीं बन पाती। हाल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापना के लिए सांसद अरुण गोविल मुखर हो गए हैं। मेरठ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने यह मांग उठाने के बाद सांसद अब अधिवक्ताओं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कराएंगे। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं के लिए मिलने का समय मांगा है। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगभग छह करोड़ आबादी को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में उच्च न्यायालय की चार बेंच हैं।मध्य प्रदेश में दो बेंच हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश इतना बड़े होने के बाद भी यहां उच्च न्यायालय की एक पीठ है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए न्याय प्राप्त करना मुश्किल है। सांसद ने कहा कि यहां बेंच मिलने से कम समय में न्याय मिलेगा और धन की भी बचत होगी।एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न केवल पश्चिमी यूपी के लोगों को न्याय तक पहुँचने में आसानी होगी, बल्कि यह पूरे राज्य की न्याय प्रणाली को मजबूत करेगा। यह आवश्यक है कि सरकार, न्यायपालिका और सभी हितधारक मिलकर इस मुद्दे का समाधान निकालें। पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में बॉम्बे हाईकोर्ट की एक नई पीठ ओर राज्य में चौथी हाईकोर्ट बेंच के गठन की अधि?सूचना एक अगस्त को जैसे ही जारी हुई यूपी के मेरठ में सरगर्मियां बढ़ गई। "पश्चिम उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बेंच केंद्रीय संघर्ष समिति?" ने तुरंत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पश्च?मी यूपी के 22 जिलों के बार अध्यक्षों और महामंत्री के साथ बैठक की. समिति के पदाधिकारियों ने सरकार से सवाल किया कि जब कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की चौथी बेंच खुल सकती है तो यूपी के मेरठ में हाईकोर्ट की तीसरी बेंच क्यों नहीं स्थापित हो सकती? मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर पश्चिमी यूपी के वकीलों ने चार अगस्त को हड़ताल कर प्रदर्शन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना का आंदोलन पिछले लगभग 70 साल से जारी है। कब तक जारी रहेगा, यह भी नही कहा जा सकता।इतना जरूर कहा जा सकता है कि लगभग 70 साल चलने वाला यह आंदोलन लंबी अवधि तक चलने वाले आंदोलनों में जरूर दर्ज हो गया है।

**अशोक मधुप**

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस: ज्ञान ही राष्ट्र की असली पूँजी

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के शब्द आज भी उतने ही सार्थक हैं – "यदि हमें सच्चा लोकतंत्र चाहिए, तो हमें पहले शिक्षित समाज बनाना होगा।" हर वर्ष 11 नवम्बर को देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। यह तिथि भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती का प्रतीक है एक ऐसे विद्वान, जिनकी दृष्टि में शिक्षा केवल जीवन-निर्वाह का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का सबसे सशक्त उपकरण थी। सन् 2008 में भारत सरकार ने इस दिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस घोषित किया, ताकि नागरिकों में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके और मौलाना आज़ाद के योगदान को उचित सम्मान दिया जा सके। स्वतंत्र भारत के आरंभिक वर्षों में जब गरीबी, निरक्षरता और सामाजिक विषमता देश की जड़ें कमजोर कर रही थीं, तब मौलाना आज़ाद ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम माना। उनका विश्वास था कि "किसी राष्ट्र की असली पूँजी उसके शिक्षित नागरिक होते हैं।" यही विचार भारतीय शिक्षा नीति की बुनियाद बना। उन्होंने सर्वशिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा को प्राथमिकता दी। आज जब भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है। मौलाना आज़ाद के कार्यकाल में शिक्षा को नई दिशा देने वाले कई संस्थानों की स्थापना हुई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) और भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) जैसी संस्थाएँ उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम थीं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहे; उसमें मानवीय मूल्य, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक चेतना भी समाहित होनी चाहिए। यही कारण है कि वे शिक्षा को "चरित्र निर्माण की प्रक्रिया" कहा करते थे। आज जब हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हैं, तो यह केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। हमें यह प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली उस समावेशी, गुणवत्तापूर्ण और मानवीय शिक्षा की दिशा में अग्रसर है, जिसका स्वप्न मौलाना आज़ाद ने देखा था? क्या शिक्षा केवल रोजगार तक सीमित हो गई है, या वह समाज में संवेदनशीलता और विवेक का भी प्रसार कर पा रही है? नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 इन प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास करती है। यह नीति शिक्षा को रटने की प्रक्रिया से निकालकर कौशल विकास, नवाचार और मातृभाषा आधारित शिक्षण पर बल देती है।

यह दृष्टिकोण मौलाना आज़ाद के उस विचार से मेल खाता है कि शिक्षा व्यक्ति को अपनी जड़ों से जोड़े रखे, पर उसे वैश्विक दृष्टिकोण भी दे। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न करना होना चाहिए। हालाँकि, ग्रामीण भारत और वंचित वर्गों में शिक्षा की पहुँच अब भी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। बालिकाओं की शिक्षा, डिजिटल संसाधनों की कमी, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की अनुपलब्धता जैसी समस्याएँ हमारे समक्ष हैं। ये चुनौतियाँ केवल सरकारी नीतियों से नहीं सुलझ सकतीं; इसके लिए समाज के हर वर्ग को भागीदारी करनी होगी।

यदि शिक्षा को हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखेंगे, तो "सबके लिए शिक्षा" का सपना अधूरा ही रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि शिक्षा किसी व्यक्ति का अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है ज्ञान को आगे बढ़ाने का, और समाज को बेहतर बनाने का। यह दिन उन शिक्षकों, विद्यार्थियों और नीति-निर्माताओं के प्रयासों को भी सम्मान देता है जो शिक्षा के माध्यम से देश को प्रगति की राह पर ले जाने में जुटे हैं। आज के दौर में जब वैश्विक प्रतिस्पर्धा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक शिक्षा के स्वरूप को तेजी से बदल रही है, तब शिक्षा को केवल सूचना तक सीमित न रखना, बल्कि चिंतन, नैतिकता और सह-अस्तित्व के मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। मौलाना आज़ाद का दृष्टिकोण इसी संतुलन की ओर इंगित करता है जहाँ ज्ञान और संवेदना दोनों साथ चलें।




शिक्षा केवल विद्यालयों की चारदीवारी में नहीं, बल्कि समाज की हर गतिविधि में दिखाई देनी चाहिए चाहे वह नागरिक व्यवहार हो, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, या लैंगिक समानता की भावना। एक शिक्षित समाज वही है जो दूसरों की गरिमा का सम्मान करे और विवेकपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम हो। इसलिए, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम शिक्षा को केवल अंकों या प्रमाणपत्रों की दौड़ न बनाएं, बल्कि इसे चरित्र निर्माण और सामाजिक न्याय का माध्यम बनाएं। जब तक देश के अंतिम बच्चे तक ज्ञान का प्रकाश नहीं पहुँचता, तब तक स्वतंत्रता अधूरी है। शिक्षा ही वह शक्ति है जो राष्ट्र को आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और मानवतावादी बनाती है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस इस विश्वास की पुनः पुष्टि है कि ज्ञान से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं, और शिक्षित नागरिक से बड़ा कोई संसाधन नहीं।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ला**, मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस मुठभेड़, कुख्यात बदमाश पप्पू सिंह गिरफ्तार

**आधा दर्जन अवैध असलहे बरामद**

**देवरिया।** जनपद की कोतवाली पुलिस और बदमाशों के बीच बीती रात सकरापार रेलवे क्रॉसिंग के पास मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी विवेक सिंह उर्फ पप्पू के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने मौके से दो पिस्टल, चार तमंचे, तीन कारतूस, एक खोखा, दो खाली मैगजीन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम पतलापुर थाना खुखुन्दू निवासी है और उसके खिलाफ अवैध शस्त्र, गैंगेस्टर, एनडीपीएस, लूट, चोरी व गुण्डा एक्ट जैसे करीब 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धारा 109(1) के तहत नया केस दर्ज किया है। मुठभेड़ के दौरान घायल बदमाश का इलाज पुलिस निगरानी में कराया जा रहा है।

## गैंगेस्टर एक्ट में दो गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद क़ी एकौना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अवध राय पुत्र हरिलाल राय निवासी सब्बलपुर, सोनपुर, सारन (बिहार) को पचलड़ी से गिरफ्तार किया। वहीं लार पुलिस ने संजीत पासवान पुत्र बुद्धू पासवान (चक साहवली, महिसौर, वैशाली, बिहार) को मठ रोड पैधशाला के पास से एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। दोनों पर गैंगेस्टर एक्ट सहित आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। देवरिया पुलिस का कहना है कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी संजीव सुमन के निर्देश पर जिलेभर में वांछित अपराधियों के खिलाफ पुलिस की दबिश लगातार जारी है।

## चोरी की ई-रिक्शा के साथ तीन गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद क़ी कोतवाली पुलिस ने चोरी की गई ई-रिक्शा (UP52BT2119) बरामद करते हुए तीन अभियुक्तों को अनिल कुमार (खरजरवा, देवरिया) गुड्डु उर्फ विक्रम गोस्वामी (गोपालगंज, बिहार) शाकिर (खरजरवा, देवरिया / हाल मुकाम गड़ेर, भलुअनी) को गिरफ्तार किया है। ये तीनों 7 नवम्बर को चोरी हुई ई-रिक्शा के मामले में शामिल थे। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

## ट्रैफिक जाम का दूसरा नाम खजुहा चौराहा



**-बाइपास के बावजूद गुजर रहे ट्रक**
**-मूकदर्शक बनी रूद्रपुर पुलिस**

**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर का खजुहा चौराहा ट्रैफिक जाम का दूसरा नाम बन गया है। त्योहारों में कौन कहे सामान्य दिनों में भी चौराहे पर घण्टों जाम लगता है। जिससे चौराहे पर तू-तू-मैं-मैं की स्थिति पैदा हो जाती है। खजुहा चौराहा रुद्रपुर नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा साबित हो रहा है। रुद्रपुर से बड़हलगंज के रास्ते बनारस की तरफ जाने वाली सभी बड़ी ट्रकें नजदीक होने के कारण रुद्रपुर उपनगर से ही होकर गुजर रही हैं। हालांकि गौरी बाजार रुद्रपुर मार्ग पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के पास बाईपास बना हुआ है किंतु ज्यादातर ट्रक वाले बाईपास से नहीं जा रहे हैं। खजुहा चौराहा एक तो संकरा है ऊपर से बसों और ट्रकों की भीड़ के नाते दिन में अक्सर जाम ही रहता है। ट्रैफिक जाम से जहां एक तरफ राहगीर परेशान है वहीं चौराहे की दुकानदार भी खासे परेशान हैं। जाम के झाम से निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है। कभी-कभार चौराहे पर एक दो होमगार्ड की ड्यूटी लगा दी जाती है किंतु ना तो नगर पंचायत प्रशासन और ना ही कोतवाली पुलिस कोई ठोस उपाय कर रही है।

## 17 वर्ष से एक ही पटल पर जमे बाबू की आज तैयार होगी रिपोर्ट

**बलरामपुर।** नलकूप खंड में तैनात वरिष्ठ सहायक अजीत कुमार मिश्र की रिपोर्ट तैयार होगी। अधीक्षण अभियंता नलकूप मंडल सुरेश मोहन को यह रिपोर्ट आयुक्त को सौंपनी है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट एक्सईन से मांगी गई है। समय से रिपोर्ट न मिलने पर कार्रवाई होगी। वरिष्ठ लिपिक पर आरोप है कि विभाग के जरूरी कार्य उनको आवंटित हैं। विभागीय अधिकारियों के खास होने से वह बीते 17 वर्षों से एक ही पटल पर जमे हुए हैं। विभागीय नियमों के अनुसार तीन या पांच वर्षों में पटल बदलना होता है, लेकिन उनपर विभागीय नियम लागू नहीं हुए। वरिष्ठ लिपिक पर पेंशनरों के देयकों के भुगतान में लेनदेन करने का भी आरोप है। आयुक्त ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच रिपोर्ट तलब की है।

# गोरखपुर से एकता का संदेश: लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकली भव्य एकता रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** राष्ट्र निर्माता, भारत की अखंडता के शिल्पकार और लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज गोरखपुर में भव्य "एकता यात्रा" का आयोजन हुआ। शहर के गोलघर मुख्य मार्ग से निकली इस रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं नेतृत्व किया। सुबह से ही शहर का माहौल राष्ट्रभक्ति और उत्साह से भर गया। भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, एनसीसी कैडेट, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा टाउनहॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। इसके उपरांत मुख्यमंत्री काली मंदिर पहुंचे और पूजन-अर्चन के बाद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अनेक रियासतों को जोड़कर भारत को जो स्वरूप दिया, वह एकता, संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण है। आज की यह यात्रा उसी भावना को नए सिरे से जन-मन तक पहुँचाने का प्रयास है।

रैली में "वंदे मातरम" और "सरदार पटेल अमर रहें" के गगनभेदी नारे लगातार गूंजते रहे। गोलघर से लेकर सरदार पटेल चौक तक पूरा मार्ग केसरिया झंडों, पोस्टरों और स्वागत द्वारों से सजा हुआ था। स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं कतारबद्ध खड़े होकर यात्रियों का स्वागत करते दिखाई दिए। जगह-जगह राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" का सामूहिक गायन किया गया, जिससे वातावरण में अद्भुत देशभक्ति की ऊर्जा उत्पन्न हुई। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी एकता और राष्ट्रीय गौरव के संदेश के साथ सामूहिक वंदे मातरम का गायन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पैदल पदयात्रा करते हुए सरदार पटेल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सरदार पटेल के जीवन से हमें राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा मिलती है। यह एकता यात्रा न केवल समारोह थी, बल्कि यह संदेश भी कि देश की विविधता ही उसकी शक्ति है और उसके केंद्र में एकता ही सबसे बड़ा आधार है। आज गोरखपुर ने सरदार पटेल के विचारों को फिर जीवंत किया और राष्ट्रप्रेम की लौ और भी प्रखर कर दी।

# पुलिस ने गैंग बनाकर लूट करने वाले दो शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत की कड़ी कार्रवाई

**●लगातार वारदातों से फैला रहे थे दहशत, अब कानून के शिकंजे में आए गिरोह के सदस्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गोरखपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना एम्स पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं में सक्रिय दो शातिर अपराधियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की है। थाना एम्स पुलिस ने बताया कि गैंग लीडर अनिल चौहान पुत्र कोईल चौहान निवासी बड़ी रेवतिहिया थाना पिपराइच और उसके साथी उग्रसेन चौहान उर्फ लाला पुत्र स्व. राम सिंह चौहान निवासी खुटहवा तुर्रा नाला थाना पिपराइच मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर लूट, मारपीट, गाली-गलौज, अवैध शस्त्र रखने और आमजनमानस में भय व आतंक फैलाने जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे। पुलिस जांच में यह पाया गया कि यह गिरोह भौतिक व आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, चोरी, शस्त्र अधिनियम, मारपीट, धमकी और धोखाधड़ी जैसे संगीन अपराधों के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और समाज में व्याप्त भय के मद्देनज़र पुलिस द्वारा विस्तृत गैंग चार्ट तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर की अनुमति के पश्चात दोनों अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। इसके तहत थाना एम्स पर मु0अ0सं0 453/25 धारा 2(ख) (i), (iv), (xi)/3(1) गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्तों का विवरण एवं आपराधिक इतिहास**

1. गैंग लीडर - अनिल चौहान पुत्र कोईल चौहान, निवासी बड़ी रेवतिहिया थाना पिपराइच, गोरखपुर

इस अपराधी पर कुल 12 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें - धारा 392, 411 भादवि (लूट व चोरी), धारा 307, 504 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट (हत्या का प्रयास व अवैध शस्त्र), धारा 457, 380 भादवि (रात में चोरी व घर में घुसपैठ), धारा 323, 325, 506 भादवि (मारपीट व धमकी) जैसे प्रकरण शामिल हैं।

2. गैंग सदस्य - उग्रसेन चौहान उर्फ लाला पुत्र स्व. राम सिंह चौहान, निवासी खुटहवा तुर्रा नाला थाना पिपराइच, गोरखपुर इस अपराधी पर भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें धारा 392, 394, 411 भादवि (लूट व डकैती), धारा 307, 504 भादवि व 9/25 आर्म्स एक्ट (हत्या का प्रयास व अवैध हथियार), धारा 120बी (षड्यंत्र) धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट जैसे मुकदमे शामिल हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दोनों अपराधी गोरखपुर शहर और आसपास के इलाकों में लंबे समय से सक्रिय थे। इनके विरुद्ध थाना एम्स, थाना पिपराइच और थाना शाहपुर में कई आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। गोरखपुर पुलिस का कहना है कि इन अपराधियों की वजह से क्षेत्र में भय का माहौल था। अब इन पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई कर उनकी संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। थाना एम्स पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों के मनोबल को तोड़ना और समाज में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। गोरखपुर पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे संगठित अपराधियों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# रामलीला से लोगों में आती है जागरूकता- रईस अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा** - विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत कूक नगर ग्रांट के जनता नगर में आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन किया गया जिस में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया इस अवसर पर रईस अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि आज रामलीला का प्रचलन कम हुआ है नहीं तो रामलीला का प्रचलन पहले बहुत ज्यादा था उस समय कम पढ़े-लिखे लोग होते थे यह रामलीला कलाकार विस्तार से श्री भगवान राम जी की जीवनी और उनके शौर्य की चर्चा करते थे तमाम लोगों को इस रामलीला कार्यक्रम से श्रवण की श्रद्धा शबरी जैसी भक्ति हनुमंत जैसी अद्भुत निष्ठा और शक्ति हो रईस अहमद ने मर्यादा पुरुषोत्तम पुरुषोत्तम राम की महिमा देखने आए सभी युवाओं मातृशक्ति बच्चों और बुजुर्गों और बहन बेटियों से आग्रह किया हमें एक रहना चाहिए और देश के प्रति हमेशा हम लोगो को एकता के साथ खडे रहना चाहिए हम सबके लिए सबसे पहले देश सर्वोपर है देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा हमारी मां और बहनों और बेटियों और सभी नौजवानों, माता एवं बहनों से भी आग्रह करेंगे कि देश की एकता और अखंडता के लिए हम हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहे यह देश में आजादी हमें न जाने कितनी माताओं ने अपनी गोद को सुना किया है न जाने कितने बहनों ने अपने भाई को खोया है न जाने कितनी मां और बहनों ने अपने सिंदूर को धोया है बहुत ही मुश्किल से हमें यह आजादी मिली है इस आजादी को बचाने के लिए आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अभी अपनी आजादी किसी को छीनने नहीं देंगे वहां पर मौजूद भक्तों ने रईस अहमद का खूब उत्साह वर्धन किया खूब जयकारे लगे और खूब तालियां बजाई इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रानंदन, उपाध्यक्ष तेज नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी नरेंद्र यादव, समाजवादी पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष डॉ सूर्य प्रताप यादव, जिला सचिव बसंत यादव, शिव प्रसाद प्रधान रवि यादव, विनोद यादव राजेश, अलख राम राजेन्द्र यादव कार्यक्रम का संचालन तेजमनी यादव उर्फ साधु यादव ने किया।

# जिलाधिकारी ने किया नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** भारत सरकार की योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तैयारी एवं क्षमता निर्माण (P&CB) कोष के तहत दिनांक 10 से 16 नवम्बर, 2025 तक नागरिक सुरक्षा के अवैतनिक वार्डन सेवा सदस्यों/ स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर नगर स्थित प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री कृषक सभागार में प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि ÷आपदा के समय नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आप सभी समाज के ऐसे सशक्त स्तंभ हैं जो संकट की घड़ी में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि प्रत्येक स्वयंसेवक को आत्मविश्वास और क्षमता से परिपूर्ण बनाना है ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तत्परता से जनहित में सेवा कर सकें।

उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, शिवराज सिंह ने प्रशिक्षण की उपयोगिता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि स्वयंसेवकों को व्यावहारिक एवं तकनीकी दोनों दृष्टियों से सशक्त बनाया जा सके।इस अवसर पर नगर के विभिन्न नागरिक सुरक्षा प्रखंडों से आए लगभग 200 स्वयंसेवकों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 150 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में प्रखंडों के वरिष्ठ वार्डन भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने प्रशिक्षण को सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन विष्णु कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार दुबे, सहायक उपनियंत्रक तथा प्रवीण वर्मा, भण्डार अधीक्षक प्रथम/ प्रभारी सहायक उपनियंत्रक भी उपस्थित रहे।

## तहसील बार एसोसिएशन : अंतिम दिन 6 पर्चे खरीदे गए

**रुद्रपुर,देवरिया।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव के अंतिम दिन कुल 6 पर्चा खरीदा गया जिसमें अध्यक्ष के लिए बृजबिहारी पाण्डेय, महामंत्री के लिए आनन्द शंकर मणि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बृजकिशोर सिंह उपाध्यक्ष के लिए सत्यपाल यादव और पंकज शुक्ला द्वारा तथा कनिष्ठ मंत्री के लिए कृष्णमूर्ति मणि त्रिपाठी द्वारा परचा खरीदा गया। लोगों से बातचीत और प्रचार के मद्देनजर यह पाया गया है कि अध्यक्ष पद के तीन प्रत्याशी आनंद कुमार सिंह बृज बिहारी पांडे और सत्यानंद पांडे द्वारा परचा भरा गया है,जबकि महामंत्री पद के लिए दो प्रत्याशी आनंद शंकर मणि और विनोद पाठक का परचा भरा गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बीके सिंह और रामेश्वर मणि त्रिपाठी और उपाध्यक्ष के लिए सत्यपाल यादव और पंकज शुक्ला के बीच सीधी लड़ाई होने की संभावना है। शशि भूषण मिश्रा कोषाध्यक्ष के लिए और कनिष्ठ मंत्री के लिए कृष्णमूर्ति मणि त्रिपाठी एकमात्र प्रत्याशी हैं। परचा वापसी कल 11 नवंबर को है और चुनाव 14 नवंबर को होना है और इसी दिन ढाई बजे से मतगणना प्रारंभ होगी और परिणाम की घोषणा तत्काल कर दी जाएगी।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार गोरखपुर-** गोला ब्लॉक के झुमिला बाजार में स्थित अनीता देवी इंटर कॉलेज प्रांगण में रविवार कोआयोजित स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर बढ़िया प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त राजू मौर्य ने छात्रों को साइन , सैल्यूट, दीक्षा संस्कार, वर्दी की महत्ता आदि विषयों पर विधिवत प्रशिक्षण दिया। समापन शिविर के मुख्य अतिथि श्रृंजय मिश्रा ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड एक ऐसी विधा है जिसमें विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखी जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्राचार्य डॉ सुभाष शाही ने कहा कि स्काउट गाइड स्वैच्छिक गैर राजनीतिक एवं धर्म निरपेक्ष संगठन है। जिसमें राष्ट्र प्रेम और अनुशासन पर बल दिया जाता है। विद्यालय के प्रबंधक श्रीराम यादव ने आए हुए समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बालचंद सोनकर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्या सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# गगहा में पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली, हालत नाजुक - गांव में दहशत का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नरहुआशिरा में रविवार देर रात पुरानी रंजिश का विवाद खून-खराबे में बदल गया। जानकारी के अनुसार पवन गौड़ नामक युवक को एक बाल आपचारी ने नजदीक से गोली मार दी। गोली लगते ही पवन मौके पर जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत सूचना गगहा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल पवन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर करवा दिया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पवन गौड़ और आरोपी बाल आपचारी के बीच कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस दौरान पवन ने कथित रूप से उसे बेइज्जत कर दिया था। इसी बात का प्रतिशोध लेने की नीयत से आरोपी बाल आपचारी ने घटना को अंजाम देने की योजना बनाई। जैसे ही मौका मिला, उसने पवन को नजदीक से निशाना बनाकर फायर कर दिया।गोली की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी वहां से भाग निकला। हालांकि सतर्कता और कार्रवाही में तेजी दिखाते हुए गगहा थाना पुलिस ने आरोपी बाल आपचारी को थोड़ी देर के अंदर ही अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है और हथियार बरामद करने के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद गांव में दहशत फैली हुई है। लोग खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं, लेकिन अंदर ही अंदर पूरा गांव सहमा हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसी घटनाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी वारदात को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। इस मामले पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरी घटना गंभीर है। आरोपी को किशोर न्याय अधिनियम के तहत आगे की कानूनी प्रक्रिया में भेजा जाएगा। वहीं घायल पवन गौड़ की हालत फिलहाल नाजुक है और डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। पुरानी रंजिश के चलते गोलीकांड की यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि छोटी-छोटी कहासुनी कैसे हिंसा और अपराध का रूप ले लेती है। समाज में संवाद और समझ जरूरत है, ताकि छोटे विवाद किसी परिवार की जिंदगी पर हमेशा के लिए परछाई न डाल दें।

# सोशल मीडिया ने पिता-पुत्र को मिलाया : गांव में भटके बुजुर्ग की पहचान वायरल तस्वीर से हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।(ग़ोला बाजार )-** तकनीक के इस दौर में सोशल मीडिया जहां गलत सूचनाओं और अफवाहों के लिए आरोपित होता है, वहीं कभी-कभी यही माध्यम किसी परिवार के लिए संजीवनी भी साबित हो जाता है। गोला थाना क्षेत्र से सामने आई एक मानवीय कहानी ने यह साबित कर दिया कि यदि तकनीक का सही उपयोग हो तो वह बिछड़ों को मिलाने का जरिया भी बन सकती है। मामला गोला क्षेत्र के ग्राम सेमरी का है। सोमवार की तड़के गांव के प्रसिद्ध माँ जम्बूद्वीप भगवती मंदिर परिसर में एक बुजुर्ग व्यक्ति असहाय अवस्था में भटकते हुए दिखाई दिए। ठंड से कांप रहे इस अज्ञात बुजुर्ग को देखकर गांव की निवासी गीता तिवारी, पत्नी कृष्णानंद तिवारी, हक्का-बक्का रह गईं। उन्होंने तुरंत अपने पति को बुलाया और दोनों ने मिलकर मानवता का परिचय देते हुए बुजुर्ग को घर ले जाकर स्वेटर पहनाया, चाय-पानी और भोजन कराया। थोड़ी देर में बुजुर्ग की शारीरिक अवस्था तो ठीक हो गई, मगर वे अपना नाम-पता स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ थे।

इसी बीच गांव के युवाओं ने आगे आकर सराहनीय कदम उठाया। उत्साही युवक राहुल तिवारी और राकेश तिवारी ने उस बुजुर्ग की तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कीं और लोगों से पहचान कराने की अपील की। साथ ही गोला पुलिस को भी जानकारी दी गई। देखते ही देखते तस्वीर वायरल हो गई और कुछ ही घंटों में सैकड़ों लोगों तक पहुंच गई। तभी युवकों के फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि तस्वीर में दिख रहे बुजुर्ग उनके पिता त्रिलोकी हैं, जो कुरावल, थाना उरूवा के निवासी हैं और मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण दो दिन पहले घर से निकल गए थे। कॉल करने वाले युवक राम मिलन ने बताया कि पिछले दो दिनों से वह अपने पिता की तलाश में परेशान होकर इधर-उधर भटक रहा था, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। बाद में वीआईपी ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल राम बाबू ने भी पहचान की पुष्टि में सहयोग किया।

खबर मिलते ही लगभग एक घंटे के भीतर ही गांव में पिता-पुत्र का भावुक मिलन हुआ। अपने पिता को सामने देख राम मिलन की आंखें भर आईं। उन्होंने गांव वालों और सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करने वाले समस्त लोगों के प्रति आभार जताया। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जब इंसानियत और तकनीक साथ मिल जाएं, तो चमत्कार जैसे परिणाम सामने आते हैं।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

**सौहार्द और एकता को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा**

**देवरिया** - विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुभाष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मृत्युंजय प्रसाद चतुर्वेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवनारायण सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवमुनि वर्मा, गोपाल मिश्र समेत समिति के सदस्य, धर्मगुरु और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में सामाजिक सद्भाव, आपसी एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई।

इस दौरान डॉ. शोभा शुक्ला, राघवेंद्र द्विवेदी (मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, सुभासपा), फादर सिंजो जॉन (संत पुष्पा मिशन), विस्मिल्लाह लारी (पूर्व सदर, अंजुमन इस्लामिया), कमलेश पांडेय, अखंड प्रताप सिंह, विश्वजीत सिंह सैथवार, प्रभा भारती, बबीता चौहान, डॉ. राधेश्याम शुक्ल, रत्नेश्वर गर्ग और कुन्दन जायसवाल समेत कई प्रबुद्ध नागरिकों ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष पं. गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि समिति समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# यंग इंडिया पार्लियामेंट दिल्ली के लिए कानपुर की बेटी अनमता अली का चयन



**●विभिन्न समाजिक हस्तियों ने किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आज शहर का नाम रोशन करने वाली बेटी का सम्मान विभिन्न समाजिक कार्यकर्ताओं ने यंग इंडिया पार्लियामेंट प्रतियोगिता दिल्ली के फाइनल राउन्ड मे कानपुर की बेटी अनमता अली का चयन होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। अनमता अली जो की हडर्ड हाई स्कूल में क्लास ङ्गद्ध की स्टूडेंट है का सिलेक्शन यंग इंडियन पार्लियामेंट (YIP) के कॉम्पीटिशन मे पहले लोकल राउंड उसके बाद रीजनल राउंड मे क्वालीफाई करने के बाद अब NATIONAL ROUND मे हो गया है जिसमे पार्टिसिपेट करने के लिए अब उसको ओल्ड पार्लियामेंट न्यू दिल्ली मे जाने का मौका मिला है! इस कॉम्पीटिशन मे पूरे भारत से 100 बच्चे और उत्तर भारत के 25 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है जिसमे कानपुर की बेटी अनमता अली हडर्ड हाई स्कूल कानपुर से अकेली सेलेक्ट हुई है! इस मौके पर दा ब्रिटिश इंग्लिश स्पीकिंग इंस्टिट्यूट के निदेशक अलीम अख्तर खान, एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फर हाशमी, अखिल भारतीय सर्व धर्म महासभा के महामंत्री महबूब आलम खान, कुली हिंद जमीअत उल आवाम के नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी , हाजी सलीम खान, हाजी सलीस पप्पू, मोईन खान, दानिश खान, मोहम्मद तौफीक, शहनवाज़ अन्सारी, मोहम्मद इरफान एडवोकेट आदि ने पटका व माला पहनाकर अनमता को सम्मानित किया इस मौके पर शहर व मां-बाप का नाम रोशन करने वाली बेटी की तरक्की के लिए कारी आरिफ रजा कादरी साहब ने विशेष दुआ कराई।

## संक्षिप्त खबरें

### .गणना पर पत्र को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक दिए निर्देश



**बरेली**/नवाबगंज एसडीएम उदित सिंह पवार ने अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान गणना प्रपत्र को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक में तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य आदि उपस्थित थे इस कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने सभी सुपरवाइजरों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया। और कहा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करना होगा इसके लिए सभी बीएलओ से संपर्क कर इस कार्य को अति शीघ्र पूर्ण किया जाए इसी क्रम में एसडीम पवार ने भी ऐप के माध्यम से कार्य को निपटाया जाए इस कार्य में किसी भी तरह का कोई टालमटोल बर्दाश्त करने योग्य नहीं है अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी।

### रामलीला में हुआ लंका दहन का मंचन, दर्शक हुए अभिभूत

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में चल रहे ऐतिहासिक राम लीला मेले में आज लंका दहन का मंचन किया गया। लंका दहन के मंचन को देखने के लिए मेले में दर्शकों का रेला लगा रहा। लंका दहन का मंचन देख दर्शक आनन्दित हो उठे। श्री राम लीला मेला में सोमवार को हुए लंका दहन मंचन में दिखाया गया कि हनुमान सब बाधाओं को पार करते हुए लंका पहुंचे जहां उनका विभीषण से मिलन होता है। हनुमान विभीषण से सीता का पता जानकर अशोक वाटिका में प्रवेश किया। जहां सीता के सामने श्री राम द्वारा दी हुई मुद्रिका को डालकर अपना परिचय दिया। मां सीता से हनुमान आज्ञा ले अपनी क्षुधा मिटाने हेतु अशोक वाटिका में फल खाने के साथ वाटिका को उजाड़ते और रावण पुत्र अक्षय कुमार का वध कर देते। अक्षय कुमार के वध से क्रोधित रावण अपने ज्येष्ठ पुत्र मेघनाद को हनुमान से युद्ध हेतु भेजता जहां हनुमान उसके ब्रह्मफ़ांस के बन्धन को स्वीकार कर रावण के समक्ष पहुंच जाते। रावण व हनुमान के बीच रोचक संवाद सुनकर मौजूद दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं। हनुमान द्वारा रावण को राम मय करने का हर प्रयास विफल हो जाता है, अन्ततः रावण पुत्र वध और राम मय करने के प्रयास से क्रोधित होकर हनुमान के पूंछ में आग लगाने का आदेश दे देता है, पूंछ में आग लगते ही हनुमान सम्पूर्ण लंका को जलादेते और मां जानकी के पास पहुंच कर पहचान स्वरूप चूड़ामणि लेकर श्री राम के पास प्रस्थान करते।लंका दहन में मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह मेला महामंत्री प्रवीन शाह सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### लेखपाल पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपए दोबारा रुपए मांगने से ग्रामीण परेशान




**चित्रकूट।** कर्वी तहसील के भगवतपुर गांव में तैनात लेखपाल भास्कर शुक्ला पर रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। गांव के निवासी मलखान सिंह ने आरोप लगाया है कि लेखपाल न्यायालय में लंबित भूमि विवाद मामले में रिपोर्ट तैयार करने के नाम पर दोबारा पैसे की मांग कर रहा है। मलखान सिंह के मुताबिक उनका मामला वाद संख्या 3442/2022 कृ मलखान सिंह बनाम राजेंद्र सिंह आदि उप जिलाधिकारी ;एसडीएमद्ध कर्वी के न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि रिपोर्ट और नक्शा तैयार करने के लिए लेखपाल ने पहले दो हजार रुपये ले लिए थेए लेकिन अब फिर से दो हजार रुपये अतिरिक्त मांग रहा है। पीड़ित के अनुसारए जब उन्होंने दोबारा रिश्वत देने से इनकार किया तो लेखपाल ने जानबूझकर फाइल में देरी करनी शुरू कर दीए जिससे अदालत में उन्हें अपना पक्ष रखने में दिक्कतें आ रही हैं। मलखान सिंह ने कहा कि ष्जो लोग ईमानदारी से काम करवाना चाहते हैंए उनके लिए ऐसी रिश्वतखोरी बड़ी समस्या बन गई है।ष् उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ऐसे मामलों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी कामकाज में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो जाएंगे। वहींए लेखपाल भास्कर शुक्ला ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है कृ क्या भ्रष्टाचार पर लगे आरोपों की होगी निष्पक्ष जांच या मामला फिर फाइलों में दब जाएगा।

# सुशासन की क्लास : डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भावी अफसरों को सिखाई सुशासन की बारीकियां!

● जिले में फील्ड स्टडी पर 16 नवंबर तक रहेगा अकादमी से आए प्रशिक्षु अफसरों का दल

डीएम बोली, टीमवर्क ही बनाता है प्रशासन को मजबूत और भरोसेमंद

कलेक्ट्रेट में हुआ प्रेरक संवाद, डीएम ने साझा किए अपने अनुभव और चुनौतियाँ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** देश के अलग-अलग राज्यों से आए भावी अफसरों के लिए शनिवार का दिन सीख और प्रेरणा से भरा रहा, जब लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (भारत सरकार), मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों का दल डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिला। यह दल फाउंडेशन कोर्स के तहत 16 नवंबर तक लखीमपुर खीरी में फील्ड स्टडी और रिसर्च प्रोग्राम पर रहेगा।कलेक्ट्रेट में आयोजित संवाद सत्र में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात कर उनसे परिचय प्राप्त किया और प्रशासनिक सेवाओं की कार्यप्रणाली पर गहन संवाद किया।कहा कि एक अच्छा प्रशासक वही है, जो जनता की नब्ज़ समझे और समाधान अपनेपन से दे। **उन्होंने अधिकारियों को शासन-** प्रशासन में संवेदनशीलता, जनसंपर्क और टीमवर्क की अहम भूमिका पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। डीएम ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे प्रशासन की असली परीक्षा फील्ड पर, लोगों के बीच होती है। उन्होंने जनसुनवाई, सीमांत विकास, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार, अभिनव पहल ÷मिशन मैदान÷ जैसे अभियानों पर विस्तार से चर्चा की। सुशासन की पाठशाला में अफसरों ने बांटे अनुभव, कानून-व्यवस्था से लेकर ग्रामीण विकास तक हुई सार्थक चर्चा!- कार्यक्रम में एसपी संकल्प शर्मा ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन में समन्वय की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए। वहीं, सीडीओ अभिषेक कुमार ने ग्रामीण विकास योजनाओं और सामाजिक नवाचारों के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम मोहम्मदी/जॉइंट मजिस्ट्रेट चलुवराजू आर, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे मौजूद रही।फील्ड स्टडी दल जिले के विभिन्न विकासखंडों, ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में जाकर शासन की जमीनी व्यवस्था, सामाजिक पहल एवं नवाचारों का अध्ययन करेगा। प्रशिक्षु अधिकारियों ने डीएम की कार्यशैली और संवाद शैली की सराहना करते हुए कहा कि यह फील्ड विज़िट उनके लिए किताबों से परे, असली प्रशासन सीखने का अनुभव साबित होगा।

**फील्ड स्टडी दल में शामिल अधिकारी-** फील्ड स्टडी दल में शामिल प्रशिक्षु अधिकारियों में आईपीएस दीपक चौधरी, आईपीएस सागर आईएफएस अभिशील जायसवाल, आईआरएमएस लिंगुडु जोशी बाबू, आईआरएमएस गौरव सिंह, आईआरएमएस राजन छत्रौला, आईआरएमएस प्रवीन कुमार, आईएफएस दीपक कुमार मीणा, आईएफएस आदर्श सीएस, इंडियन फॉरेस्ट सर्विस अधिकारी श्रीरंग काओरे, आईआरएस (सी एंड आईटी) दिव्यांशु शांडिल्य तथा आरबीपीएस अधिकारी सोनम शेरिंग शामिल हैं।

### बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल का हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ



**बरेली**/बजाज हिंदुस्तान की बरखेड़ा चीनी मिल आज हवन पूजन के बाद उसने अपना गन्ने की पिराई शास्त्र प्रारंभ कर दिया इसका प्रारंभ करने के लिए चीनी मिल प्रांगण में मिलके अधिकृत पुरोहित द्वारा रामायण पाठ के बाद विशाल हवन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में यजमान स्थान पर मिल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जादौन को बनाया गया इस हवन में चीनी मिल के महा गन्ना प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह एवं मिल के अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे यहीं पर मिल प्रबंधन द्वारा बुलाए गए क्षेत्र के संभ्रांत किसानों को भी हवन में सम्मिलित किया गया हवन के समाप्ति के उपरांत चीनी मिल ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया जिससे किसानों का गन्ना अब चीनी मिल को जाना प्रारंभ हो जाएगा यहां पर किसानों में पंडित कमलेश शर्मा मनी चौधरी कन्हैयालाल महेश चंद मिश्रा परमेश्वरी दयाल समेत अनेकों किशनगढ़ उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सामूहिक प्रदर्शन किया



● फर्जी निलंबन एवं बेवजह हो रहे उत्पीड़न को लेकर बरेली में ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास सचिव ने सामूहिक धरना प्रदर्शन किया मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सोपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सामूहिक रूप से मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर विकास भवन में धरना प्रदर्शन किया इसमें उन्होंने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी बरेली को दिया जिसमें उन्होंने मांग की है शशि शेखर सचिव एक वर्ष से निलंबित चल रहे हैं इनकी निलंबन समाप्त कर बहाल किया जाए इसी क्रम में विकासखंड भुता मैं कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी सुमित कुमार को पेंशन सत्यापन मामले में निलंबित कर दिया गया जब के संगठन ने दावा किया है कि उस सत्यापन पर सुमित के दस्तखत नहीं है फिर भी उनका आना आवश्यक रूप से निलंबित कर दिया गया है।

उन्हें बहाल किया जाए इसी तरह गौशालाओं में गौ वंश की हो रही मृत्यु पर सचिवों का बेवजह बन्द उत्पीड़न किया जा रहा है इससे भी उनको मुक्त किया जाए पुराने ऑडिटो में सचिवों पर आवश्यक बकाया निकली गई इसका पुनः सत्यापन करवा कर सचिवों को इस दोस्त से मुक्त कराया जाए इसी क्रम में सचिवों की झूठी शिकायत पर किए जा रहे उत्पीड़न बंद किए जाएं। इन सभी मांगों को लेकर जनपद के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ने सामूहिक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को देखकर विकास भवन पर धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया जिसके तहत उन्होंने अपने हितों की मांग को रखा है इस प्रदर्शन में संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार मंत्री करण सिंह राजीव कुमार सिंह कमल कुमार सुरेंद्र कुमार आदि जिला संगठन के वरिष्ठ अधिकारी हैं इनके साथ सभी विकास करो के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी गण उपस्थित थे सभी ने एक और में हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाई और ज्ञापन दिया।

## कश्यप परिवार उत्तर प्रदेश तहसील इकाई फरीदपुर ने निकाली रैली किया प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/ एक बैनर तले गंगादीन कश्यप (प्रदेश महासचिव कश्यप परिवार) ने कस्बा फरीदपुर में चेतना यात्राबाइक रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नि.सांसद लोकसभा आँवला धर्मेन्द्र कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि कश्यप परिवार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कश्यप रहें। कार्यक्रम में फरीदपुर विधान सभा क्षेत्र के समस्त गांवों से कश्यप समाज के लगभग 5000 लोगों ने लगभव 2500 मोटरसाइकिलों के साथ हिस्सा लिया, जिसमें विभिन्न गांवों से ग्राम प्रधानों, पूर्व प्रधानों, युवा। नेताओ, कोटेदारो, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, समाजसेवकों जैसे नरेश कश्यप, गुरूपाल कश्यप, वीरपाल कश्यप, परमजीत कश्यप, बालकिशन कश्यप, सूरजपाल कश्यप, जगदीश कश्यप, राकेश कश्यप,मूँगालाल कश्यप, सन्तोष कश्यप, जीवन लाल कश्यप, हरिराम कश्यप, श्रीपाल कश्यप, भगवान दास कश्यप, देवेंद्र कश्यप, सर्वेश कश्यप, हरद्वारी लाल कश्यप, राकेश कश्यप, सिपट्टर कश्यप, रामूर्ति लाल कश्यप, सीताराम कश्यप, मनोज कश्यप, प्रमोद। कश्यप, जितेंद्र कश्यप, संजू कश्यप, एड. शुचिन्द्र कश्यप, एड. रजनीश कश्यप, एड.दीपक कश्यप,डॉ. मनोज, पंकज कश्यप आर्य, मुनेंद्र कश्यप BDC, देवेंद्र कश्यप प्रधान, रामौतार कश्यप, भूपराम कश्यप, पुत्तूलाल कश्यप आदि ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की व्यवस्था सह संयोजक तहसील अध्यक्ष शेर सिंह कश्यप,तहसील प्रभारी विजेंद्र कश्यप सनातनी,तहसील महासचिव सतीश कश्यप, तहसील सलाहाकर श्यामलाल कश्यप, रामसरन कश्यप, अमित कश्यप, राधे कश्यप, सुनील कश्यप आदि। लोगों ने देखी। बाइक रैली फरीदपुर के नए बस स्टैंड से शुरू होकर कस्बा में घूमते हुए पुनः बस स्टैंड पर आकर समापन की गई --आयोजक गंगादीन कश्यप थे।

### गांजा के साथ दो महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार

**चित्रकूट:** जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस टीम ने पांच आरोपियों को 17 किलो 158 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह व उनकी टीम आरक्षी अनुज सिंह, आशीष सिंह, रविन्द्र राठौर व महिला आरक्षी काजल यादव द्वारा आरोपी शारदा प्रसाद उर्फगोलू निवासी कुल्लू खेड़ा थाना बदौसा जनपद बांदा को पांच किलो 158 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार मानिकपुर थाने के उपनिरीक्षक गौरव तिवारी तथा उनकी टीम उपनिरीक्षक हरी सिंह, मुख्य आरक्षी संदीप देव व आरक्षी विनोद कुमार द्वारा आरोपी अंशुल अनुरागी व भरत कुमार निवासीगण जुगियाना कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर, कलावती निवासी उमरिया थाना राठ जनपद हमीरपुर तथा रामदेवी निवासी पठानपुरा कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर को कुल 12 किलोग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मान्यता मांग हेतु बहुआयामी संस्था संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जब पत्रकारिता की रोड खामोश होती है तो संसद आवारा हो जाती है बहुआयामी संस्था परिवार अध्यक्ष डॉ0 के0 एम0 आमिश जी का कहना है देश के लोकतंत्र की चौथे स्तंभ को बचाने की जिम्मेवारी हम सब पत्रकार संगठन, संचालकों, पत्रकार बंधुओ के कंधे पर है जिस तरीके से आज राजनेताओं के माध्यम से लोकतंत्र व पत्रकारिता को टारगेट करते हुए क्षति पहुंचाई जा रही है, अंकुश लगाना प्रश्न करना अति आवश्यक हो जाता है पत्रकारों की आधारभूत आवश्यक एवं जरूरत पत्रकार संघ संचालक की मांगों को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 9 नवंबर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के शुभ अवसर पर बहुआयामी संस्था बहुआयामी समाचार एम. डी न्यूज़ परिवार के माध्यम से यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में एक विशाल पत्रकार सम्मान समारोह संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नियोधि फाउंडेशन के संस्थापक योगेश कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर पत्रकारों की जिम्मेवारी व बढ़ाते डिजिटल युग में पत्रकारिता के बदलते आयाम को ध्यान में रखते हुए संगठन के माध्यम से पत्रकारिता को सरल सुविधाजनक पत्रकारिता के कोर्स करने वाले को कम शुल्क पर सरकार को सुझाव प्रेषित किया है। बहुआयामी संस्था परिवार के सलाहकार श्रीमान मुबीन गाजी जी के माध्यम से पत्रकारिता के चौबे चौथे स्तंभ को मान्यता प्राप्त करने हेतु न्यायिक संवैधानिक लड़ाई जारी रखने की बात कही।

वहीं एम डी न्यूज़ के राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमान धर्मेंद्र कुमार कसौधन जी के माध्यम से पत्रकार संगठन संचालक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एम डी न्यूज़ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के माध्यम से समस्त पत्रकारों को आईडी कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सैयद अजीम अहमद जी के माध्यम से पत्रकारिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले साथियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बहुआयामी संस्था परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 के0 एम0 आमिश जी के माध्यम से पत्रकार संगठन संचालकों को 12 सूत्री मांगों (पत्रकारों की सुरक्षा परिषद व वेब पोर्टल की की पंजीकृत मान्यता दिलाए जाने हेतु) के साथ एक मंच पर आकर एक साथ ज्ञापन प्रेषित करने की अपील की है साथ ही साथ पत्रकारों के हक अधिकार सम्मान को ध्यान में रखकर विशाल धरना प्रदर्शन देकर आंदोलन खड़ा कर के सरकार को लोकतांत्रिक जिम्मेवारी याद दिलाने की अपील की है।

इस विशाल संगोष्ठी में यूपी प्रेस क्लब सदस्य एस0 के0 संगठन संस्थापक अमीन खान, आरटीआई स्पेशलिस्ट मिस्टर तनवीर अहमद प्रधान संपादक लखनऊ का अभियान, सामाजिक कार्यकर्ता सलाहकार हाईकोर्ट अधिवक्ता जुनैद अहमद आदि महत्वपूर्ण साथियों के अतिरिक्त संस्था से जुड़े राष्ट्रीय नियंत्रक इंजीनियर इश्तियाक अली, शिवम दिक्षित, ऋषभ कटियार, सूरज कुमार, इमरान, प्रदीप कुमार पांडे, आलोक मालपानी, संदीप कुमार, मनीष कांत शर्मा, विशाल कुमार गुप्ता, मोहम्मद शाबान, रुखशीद, मोहम्मद बाकर, आदि महत्वपूर्ण साथियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## एकल अभियान द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण अभियान गुलरीपुरवा में प्रारम्भ

● सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर-खीरी।** भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान का प्रशिक्षण वर्ग गुलरी पुरवा पंचायत भवन में प्रारंभ हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा उमाशंकर मिश्रा ,प्रान्तीय अधिकारी विहिप आचार्य संजय मिश्र ,एकल समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा ,महिला प्रमुख दिव्या शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण वर्ग में ग्रामीण क्षेत्र से 50 गांव के एकल विद्यालय अभियान के आचार्य भैया एवं बहने उपस्थित रहें सदर विद्यालय योगेश वर्मा ने अपने उद्बोधन में एकल विद्यालय द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की सराहना की कहा कि एकल विद्यालय के आचार्य ग्रामीण बच्चों को संस्कारवान निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं और बच्चों को पढ़ते समय समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक कर रहे हैं यह कार्य बहुत ही सराहनीय है एवं एकल अभियान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है एकल अभियान जनपद के 480 गांव में बच्चों को निशुल्क संस्कार शिक्षा प्रदान कर रहा है आचार्य संजय मिश्र ने कहा कि हमे समाज मे रह कर बच्चों को संस्कृति से जोड़े रखना है वर्तमान में बहुत से ऐसे लोग समाज मे है जो हमारे हिंदुओं को बांटने का प्रयास कर रहे हैं हमें समाज के प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक जा कर उसे अपने समाज से जोड़ना है यही हमारा ध्येय है कि समाज संगठित रहे देश संगठित रहे प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को समाज में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा जिससे सभी कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा के साथ समाज मे कार्य करेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री राम सागर ,एकल फ्यूचर जिलाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्र,सुप्रीत गुप्ता, प्रशिक्षण प्रमुख मोहिनी सिंह गतिविधि प्रमुख रामकुमार ,अरविंद दीक्षित, जिले भर से प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### लेखपाल अभिशेष श्रीवास्तव व एक प्राइवेट लड़का पर खुलेआम दलाली का आरोप

**एसडीएम समेत तहसीलदार भी फसल मुआवजे की रकम को डकारने में नहीं की कोताही,कई किसानों ने दी शिकायत**

**निघासन खीरी।** निघासन में दो महीने पहले आई बाढ़ ने किसानों की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया कई किसानों ने मुआवजे की रकम दिलाने के नाम पर डीएम समेत एसडीएम को कई बार शिकायत दी लेकिन कोई भी कार्रवाई ना होने से हताश किसानों ने लेखपाल अभिशेष श्रीवास्तव के साथ एक प्राइवेट लड़के के खिलाफ शिकायत दी है। किसानों ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से लेखपाल अभिशेष श्रीवास्तव आधी रकम मिलने वाले फर्जी किसानों को लाभ दे दिया,जो किसान असलियत में पीड़ित है उन्हें अभी तक लाभ नहीं मिल सका है ।

## रोमांचक मुकाबले में नानपारा और सिंगाही की टीमें विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** सोमवार को महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन दो मैच खेले गए। दोनो मैचों के रोमांचक मुकाबले में नानपारा और सिंगाही की टीमें विजेता रहीं। कस्बे में रामलीला मेले के साथ चल रहे महारानी सुरथ कुमारी पब्लिक स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मैच साइनिंग स्टार क्लब सिंगाही और डी एफ एम सिंगाही खेला गया जिसके खेल की शुरुआत होते ही 6 मिनट पर साइनिंग स्टार के खिलाड़ी हुमेर ने एक गोल कर बढत बना ली। इसके पूरे खेल के दौरान दोनो टीमें गोल करने के लिए संघर्ष करती रहीं लेकिन गोल नहीं कर सकीं पहला मैच साइनिंग स्टार की टीम ने 1-0 से जीत लिया।

दूसरा मुकाबला नानपारा वर्सेज शाहजहांपुर के हुआ इस मैच दौरान भी खेल के 5 वें मिनट नानपरा के खिलाड़ी अर्शद ने गोल करने मे सफलता पाई ली। इस मैच में दोनो टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल के लिए प्रयास किए लेकिन किसी टीम को सफलता नहीं मिली। दूसरा मैच नानपारा ने 1-0 से जीत लिया। इस दौरान बीजेपी नेता धनीराम मौर्य, सपा नेता अशोक कश्यप, दीप शाह, राकेश जायसवाल टूर्नामेंट महामंत्री महामंत्री शिखर तिवारी, आयोजन सचिव पराक्रम शाह, भानू , कोषाध्यक्ष अमर गुप्ता , जितेंद्र सिंह, वास्तव गुप्ता, टूर्नामेंट आब्जर्वर अयूब शाह, रेफरी प्रदीप गुप्ता डीएफए सेक्रेटरी मनोज तिवारी हजारो फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

## पलिया के मझरा पश्चिम में विधवा की जमीन पर दबंगों की नजर

● पीड़िता को मिल रही धमकियां, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलियाकलां-खीरी।** ग्राम मझरा पश्चिम की विधवा महिला जमुना देवी पत्नी स्व. केशन इन दिनों भारी परेशानियों से जूझ रही हैं। उनका आरोप है कि गांव के ही कमाल, जमाल और सोनू नामक दबंग उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।जमुना देवी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देने के साथ-साथ ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता का कहना है कि दबंग लगातार उसे धमका रहे हैं और स्थानीय पुलिस भी कोई सहयोग नहीं कर रही है।महिला ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसे न्याय दिलाया जाए और उसकी जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। इलाके में कानून व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी है, क्योंकि विधवा महिला की मदद के लिए कोई आगे नहीं आ रहा। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप करे और दबंगों पर सख्त कार्रवाई करे।

### थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी चौकी प्रभारी ओयल पटेल राठी की कार्यवाही से मचा हड़कंप

**खीरी टाउन।** पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी/ सहायक पुलिस अधीक्षक लखीमपुर सदर विवेक तिवारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी कस्बा ओयल पटेल राठी ने अभियान चलाकर कई आरोपियों को किया गिरफ्तार। आपको बता दें कि लगातार संपूर्ण थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ चेकिंग अभियान, अवैध कच्ची शराब, संदिग्धों की चेकिंग, थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीसीटर अपराधियों की नियमित रूप से निगरानी के साथ ही कई अन्य तरह के अपराधों एवं अपराधियों पर लगातार की जा रही कार्यवाही से क्षेत्र के अपराधियों में मचा हड़कंप साथ ही आमजन मानस ने ली राहत की सांस।

## निशुल्क राशन वितरण की तारीखें घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश में नवंबर महीने के निःशुल्क राशन वितरण की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। वितरण आज शनिवार, 8 नवंबर, 2025 से शुरू होकर 25 नवंबर, 2025 तक चलेगा। खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों और उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) को निर्देश जारी कर दिए हैं।

**मुख्य समाचार:** वितरण की तारीखें: राशन का वितरण 8 नवंबर से शुरू हो गया है और 25 नवंबर तक चलेगा। कैसे मिलेगा राशन: वितरण ई-पॉस (e-POS) मशीनों के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा किया जाएगा। अंतिम तिथि (25 नवंबर) को मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के जरिए भी राशन लिया जा सकता है, उन लोगों के लिए जो आधार प्रमाणीकरण नहीं करा पाए हैं।

**कितना मिलेगा राशन:** अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल (कुल 35 किलो) निःशुल्क मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल (कुल 5 किलो) निःशुल्क दिया जाएगा।

**समय सारिणी:** कोटेदारों को अपनी दुकानें सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए हैं।

**ई-केवाईसी जरूरी:** जिन कार्डधारकों ने अभी तक अपने सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें यह नवंबर महीने में अवश्य करा लेनी चाहिए, अन्यथा दिसंबर से उनके नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। सभी कार्डधारक निर्धारित तिथियों के भीतर अपनी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी लापरवाही की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## संक्षिप्त खबरें

### महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, कस्बों, स्कूलों/कॉलेजों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, सशक्तिकरण योजनाओं एवं सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक किया गया।

### विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने किया आज 73 वां डोनेशन



**मीरजापुर।** SDPडोनेशन की जागरूकता लाने वाली संस्था विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानन्द ने बताया कि सितंबर महीने में ही SDP मशीन उद्घघाटन हुआ था जिसमे मीरजापुर में पहला SDP मुझे करने का अवसर मिला था ऐसे हमारी संस्था तो पिछले कई वर्षो से मीरजापुर से वाराणसी जाकर के कैन्सर मरीजो के लिए होमी भाभा में SDP डोनेशन कैम्प लगती ही रहती है । 2 दिन पूर्व एक मरीज के परिजन संस्था के सम्पर्क साध कर जब SDP मदद की मांग वाराणसी में जताई तो उन्हें मीरजापुर में ही यह SDP दिलाने हेतु वापस बुलाया गया। परिजन ने बताया कि उन्हें इस सुविधा की जानकारी नही थी।

रक्तकोष प्रभारी डॉ राजन कुमार ने बताया कि उद्घघाटन के बाद आज पहली बार मरीज के लिए SDP डोनेशन हो रहा है । जो कि मरीजो के लिए बेहद राहत का कार्य हुआ अन्यथा SDP चढ़वाने के लिये मरीजो को वाराणसी या प्रयागराज जाना पड़ता था। मरीज के परिजन को जब कृष्णानन्द के द्वारा दान किया SDP मिला उनके चेहरे में खुशी झलकी उन्होंने बताया कि हमारे लिए इंसानियत का फर्ज निभाने स्वंय संस्था के अध्यक्ष ने SDP दान करके अपने संस्था के उद्देश्य का परिचय दिया। SDP मशीन LT शैलेंद्र वर्मा द्वारा कुशल तरीके से डॉ राजन की देख रेख में 70 मिनट तक मशीन संचालित होकर SDP डोनेशन पूरा हुआ। मौके पर विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव अभिषेक साहू , सदस्य निहाल दुबे व अन्य रक्तकेन्द्र कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने मोहम्मदपुर में स्टांप वाद के अंतर्गत विक्रय अभिलेख के आधार पर किया निरीक्षण

**स्टांप व राजस्व वादों का स्थलीय निरीक्षण कर 'न्यायालय आपके द्वार' को किया चरितार्थ**

**त्वरित व शुचितापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने लंबित मुकदमें का किया स्थलीय निरीक्षण**



**भदोही 10 नवम्बर 2025:-** 'न्यायालय आपके द्वार' अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट शैलेष कुमार ने शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील औराई के मोहम्मदपुर में सरकार बनाम दीपक गुप्ता मामले में स्टांप वाद के अंतर्गत विक्रय अभिलेख के आधार पर निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में तथा विक्रय अभिलेख निष्पादन के तथ्य में अंतर पाया गया है। मौके पर पूर्व का बना हुआ निर्माण पाया गया जो बैनामा दस्तावेज में दिखाई नहीं गया है। तथ्यों को छुपा कर दस्तावेज पंजीकृत किया गया है इसलिए स्टांप कमी का प्रकरण पाया गया है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी ,तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि संबंधित न्यायालय में लंबित व विवादित प्रकरणों के संबंध में न्यायालय आपके द्वार के क्रम में स्थलीय निरीक्षण व सुनवाई करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। स्थलीय निरीक्षण में औराई तहसीलदार सुनील कुमार,चीफ रीडर बृजनाथ सहित संबंधित कानूनगो, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।।

# महिलाओं को न्याय और सहायता दिलाने की पहल, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समिति बैठक

**● रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत 14 पीड़िताओं को राहत, जिलाधिकारी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही 10 नवंबर 2025:-** जनपद भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की संयुक्त अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत दुष्कर्म, एसिड अटैक, पॉक्सो एक्ट और दहेज हत्या जैसी घटनाओं की शिकार महिलाओं और बच्चियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। इस योजना में पीड़ित महिलाओं और बच्चियों को इलाज, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत पीड़ितों को 01 लाख से लेकर 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है। इसका उद्देश्य उन्हें शिक्षा जारी रखने, रोजगार स्थापित करने और एक नई जिंदगी शुरू करने में मदद करना है।

बैठक में कुल 91 लम्बित प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने 14 प्रकरणों में एफआईआर, चार्जशीट और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को क्षतिपूर्ति की स्वीकृति प्रदान की। शेष प्रकरणों में चार्जशीट और एफएसएल रिपोर्ट न होने के कारण मामलों को अगली बैठक के लिए स्थगित कर दिया गया।

नोडल पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वे 05 दिन के भीतर लंबित एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त करें। इससे पीड़ितों को जल्द क्षतिपूर्ति दी जा सकेगी। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश किया गया कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से किसी भी स्तर पर लंबित न रहे। यदि किसी प्रकरण को अनावश्यक रूप से अधिक समय तक लंबित रखा जाता है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में कुवंर वीरेन्द्र मौर्या अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), रमेश चन्द्र ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, डॉ0 ओ0पी0 शुक्ला अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 नीलिमा धवन नोडल मेडिकल अधिकारी, शत्रुघ्न कन्नौजिया जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## जनपद में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण जारी

**भदोही।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद में मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। इस अभियान के तहत जनपद के कुल 12,33,324 मतदाताओं को उनके घर जाकर गणना प्रपत्र (Form) उपलब्ध कराया जाना है। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर तक जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6,57,725 मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्रदान किए जा चुके हैं – भदोही विधानसभाः 2,43,999, ज्ञानपुर विधानसभाः 1,96,155, औराई विधानसभाः 2,17,571 इस कार्य में समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, के साथ-साथ 126 पर्यवेक्षक एवं 1256 बूथ लेवल अधिकारी (BLO) सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ' पोर्टल भी शुरू किया है। इसके माध्यम से कोई भी मतदाता अपने नाम या अन्य जानकारी से संबंधित विवरण प्राप्त कर सकता है। अब तक जनपद में 194 मतदाताओं ने इस सेवा का लाभ प्राप्त किया है।

## अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**● इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों पर सुनी जा रही जन शिकायतें**

**जनसुनवाई में आई महिलाओं को थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में भी दी गई विस्तृत जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक- 10.11.2025 को अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/मिशन शक्ति केंद्र को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में आई महिलाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के के कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## मुख्यालय की जमीन पर दुकानों व मकानों का अतिक्रमण, जिलाधिकारी ने दिये तत्काल हटाने के निर्देश

**● सरपतहाँ गॉव में कोटेदार द्वारा स्वयं के परिवार में अन्त्योदय कार्ड बनाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने दिये सम्बन्धित अधिकारी को दिए जॉच के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** 10 नवम्बर, 2025:- जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित मुकदमों का स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित निस्तारण के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने पूर्वाह्न में जनपद न्यायालय समीप रास्ते पर दुकानदारों द्वारा मुख्यालय की जमीन पर किए गए अतिक्रमण का अवलोकन किया। अतिक्रमण कर्ता राजेश कुमार, बलवन्ता, शिवशंकर आशीष कुमार, फुलचन्द, अनुप कुमार, तेजई, गजराज, राजबहादुर, राजू प्रसाद, अमृत लाल, छविराज, मेवालाल, भोलानाथ, श्यामलाल, पवन कुमार, द्वारिका द्वारा किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने ज्ञानपुर एसडीएम व तहसीलदार को दिया।

निरीक्षण के दौरान लोगों द्वारा बताया गया कि शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, लेखपाल व तहसीलदार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारे संज्ञान में ये मामला नही है। जबकि भूमि मुख्यालय के नाम पर दर्ज है, तहसीलदार को बार-बार निर्देश दिये जाने के बाद भी धारा-67 की कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त नही किया गया है। इससे प्रतीत होता है कि तहसीलदार द्वारा अपने कार्यो के प्रति अत्यन्त ही घोर लापरवाही तथा राजस्व की हानि की जा रही है। अतः मुख्यालय की भूमि पर हो रहे शौचालय निर्माण कार्य को अतिक्रमण मुक्त कराकर अवगत कराये। जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा सरपतहाँ गॉव में औचक निरीक्षण किया गया। वहाँ भूमि अतिक्रमण होने शिकायत पर जिलाधिकारी मौके का स्थलीय निरीक्षण कर लेखपाल व तहसीलदार को निर्देशित किया कि जांचकर अवगत कराए, कि कितनी भूमि पर अतिक्रमण है। ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत की गई कि कोटेदार द्वारा स्वयं के परिवार में अन्त्योदय कार्ड बनवाया गया है, जिलाधिकारी ने इसकी जॉच कराने का निर्देश तहसीलदार व उपजिलाधिकारी को दिया।

## हलिया पुलिस की दबंगई का वीडियो हुआ वायरल

**पीड़ित ने पुलिस का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पुलिस ने छीना मोबाइल**



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी ओमप्रकाश तिवारी ने हलिया थाने पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय का गुहार लगाते हुए बताया। दबंग गांव के कीचड़ भरे सड़क में नहीं डालने दे रहे गिट्टी।दादी के देहांत के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने आ रहे लोगों के लिए कीचड़ भरे सड़क में डलवाना चाह रहा गिट्टी।गांव के दबंग के कारण पीड़ित के घर आने वाले लोग कीचड़ वाले सड़क से पहुंचने को हो रहे मजबूर पीड़ित ओमप्रकाश तिवारी ने हलिया थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर लगाया गुहार।आईजीआरएस पर भी शिकायत करने के बाद नहीं की जा रही कोई कार्रवाई।पीड़ित ने बताया कि दादी का देहांत हो गया है आने जाने वाले लोगों के साथ ही तेरहवीं कार्यक्रम में होगी परेशानी।अपने पैसा से सड़क में गिट्टी डलवाना चाह रहे हैं इसके बावजूद भी दबंग नहीं डालने दे रहे हैं। वही मौके पर मुआयना करने पहूचे एस आई ने पिड़ित को विडियो बनाता देख एस आई ने मोबाईल छिना। हलिया पुलिस का यह कृत्य देखकर ग्रामिणो मे आक्रोश व्याप्त है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष पर नगर पंचायत सुरियावा में गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**भदोही सुरियावा** 10 नवंबर 2025 सोमवार को नगर पंचायत सुरियावा के सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष के अवसर पर नगर पंचायत सुरियावा द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ओमप्रकाश तिवारी टंकी गुरु विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी भदोही तथा नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया का अधिशासी अधिकारी सुरियावा सुजीत कुमार द्वारा माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया तथा महिला प्रकोष्ठ के कार्य कर्ती रीना श्रीवास्तव रेशमा बानो को अंग वस्त्र को भी भेट किया गया कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत गाकर शुरुआत किया गया तथा मुख्य अतिथि ओमप्रकाश तिवारी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो की परिचर्चा करते हुए उनके सच्चे कर्तव्य एवं देश प्रेम के भाव को उजागर किया उन्होंने बताया कि सरदार पटेल के द्वारा देश हित में किए गए कार्यों का कोई तोड़ नहीं है इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार मिश्रा द्वारा कहा गया कि सरदार पटेल भारत माता के सच्चे एवं वीर सपूत थे उन्होंने देश के लिए अपना जीवन समर्पण किया ऐसे महापुरुषों केजीवन चरित्र से हमें सीख लेनी चाहिए तथा उनके बताए हुए आदर्श पर चलने का संकल्प लेना चाहिए उन्होंने कहा कि देश की एकता अखंडता के लिए हमें एकजुट होकर रहना एवं चलना चाहिए जातिवाद धर्मवाद से बड़ा राष्ट्रवाद है हम सब मिलकर अपने राष्ट्र को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाएं कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के संजय पाठक द्वारा किया गया इस मौके पर नगर पंचायत के सभी सभासद तथा रीना श्रीवास्तव रेशमा बानो अशोक जालान पंजाबी मोदनवाल सहित भारी संख्या में नगर पंचायत कर्मी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा अधिकार जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**● न्याय तक सबकी पहुँच सुनिश्चित करने का प्रयास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड, मीरजापुर।** सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में विधिक सेवा अधिकार जागरूकता अभियान का आयोजन विकास खण्ड के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा के निर्देश पर आयोजित किया गया,। जिसमें समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो को मुफ्त कानूनी सहायता, सलाह और अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई ।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यह बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और जेल में बंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा ने बताया कि कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय तक पहुँच का अधिकार है। विधिक सेवा अधिकार के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे। जागरूकता ही न्याय का पहला कदम है।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्थानीय महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा लोक अदालत, विधिक सलाह केंद्र एवं मुफ्त सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परियोजना के सभी केन्द्र की कार्यकत्री उपस्थित रही।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन 12 नवंबर को मंडलआयुक्त को पत्रकार हितों की माँग के लिए सौपेंगा ज्ञापन




**मीरजापुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर 12 नवंबर बुधवार को प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालय पर माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मंडल आयुक्त को पत्रकारों के हित के लिए संगठन के मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में दिया जाएगा यह जानकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के विंध्याचल मंडल अध्यक्ष रुपेश पाण्डेय ने दी। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि संगठन की पकड़ प्रत्येक गांव और कस्बों पर है सरकार की नीतियों व योजनाओं को गांवों और कस्बों के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हमारे पत्रकार करते हैं। पत्रकार की सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर प्रदेश भर के मंडल मुख्यालय पर दिया जाएगा ज्ञापन जिसमें मीरजापुर, भदोही व सोनभद्र के जिलाध्यक्ष व पत्रकार साथी मौजूद रहेंगे।

## धान खरीद मे केन्द्र प्रभारी धान क्रय नीति का करे अनुपालन- किसानों को न हो कोई असुविधा- मण्डलायुक्त

**● मण्डलायुक्त ने मण्डी समिति गोपीगंज मे पहुंचकर धान क्रय केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण, उपस्थित किसान से की वार्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश गोपीगंज मंडी स्थित खाद्य विभाग के 02 एवं भारतीय खाद्य निगम के 01 धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त के निरीक्षण के समय धान क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी आरती शुक्ला उपस्थित रही। केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर 1600 मी. टन धान खरीद लक्ष्य के सापेक्ष 84 कुन्तल धान की खरीद अब तक किया गया है। मौके पर कृषक रमाशंकर यादव ग्राम कंसापुर के धान का तौल केन्द्र पर कराया जा रहा था मण्डलायुक्त ने कृषक रमांशकर से वार्ता कर केन्द्र पर किसानो के लिए दी जा रही सुविधाओ के बारे मे वार्ता की उनके द्वारा बताया गया कि धान को बेचने पर केन्द्र पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है उनके द्वारा 52 कुन्तल धान लाया गया है जिसकी तौल की जा रही है। तत्पश्चात शान्ती देवी ग्राम कंसापुर का भी धान 11 कुन्तल केन्द्र पर बेचने के लिए लाया गया है।

मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि धान क्रय नीति का अनुपालन कर जनपद में धान क्रय किया जाये। किसी भी दशा में कृषको को क्रय केंद्र से वापस न किया जाये। बिचैलियों से खरीद किये जाने की जानकारी होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसानो से सम्पर्क कर धान क्रय में प्रगति लायी जाए। कृषको के पंजीकरण में भी प्रगति लाये एंव संबंधित तहसील से सत्यापन भी तत्काल कराया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रो का सतत निरीक्षण नोडल अधिकारियों से कराया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि कृषक भाई अपना धान केवल सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर विक्रय करे एंव समर्थन मूल्य रु 2369/- प्रति कुंतल का लाभ प्राप्त करे। निरीक्षण के समय मण्डलायुक्त को अवगत गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्नगर्त धान खरीद हेतु जिले में कुल 30 क्रय केंद्र संचालित है जिसमे 15 खाद्य विपणन के, 14 पीसीएफ के तथा 01 भारतीय खाद्य निगम का धान क्रय केंद्र संचालित है।

## छह प्रशिक्षु आईएएस ने क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत

**● ग्राम पंचायत गुर्गी पंचायत पर योजनाओ की ली जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मिर्जापुर।** छह प्रशिक्षु आईएएस में गंगा धारी विक्रम, डंडिन वांग चु, सुष्टि सुरेश, मोना जखर, प्रिया राजन, योगेश राजपूत ने सोमवार को क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत आकांक्षी ब्लॉक हलिया के ग्राम पंचायत हलिया के पंचायत भवन पर पहुंचकर ग्रामीणों से शासन से मिलने वाली योजनाओ के संबंध में जानकारी लिया है।बिडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने विकास कार्यो की जानकारी दी।ग्राम पंचायत सचिव चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षु आईएएस को जानकारी देते हुए बताया की जनगणना के अनुसार कुल आबादी 2852 व 2400 मतदाता है ग्राम पंचायत में पेयजल के लिए 50 हैण्डपम्प व 12 कुआ है हर घर नल जल योजना के तहत टोंटी के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है 584 जॉबकार्ड बनाये गए है कुल 302 लोगो को प्रधानमंत्री आवास दिया गया है 356 लोगो को आवास के लिए सर्वे किया गया है 149 वृद्धा पेंशन 37 निराश्रित पेंशन 4 विकलांग पेंशन ग्राम पंचायत गुर्गी में चार प्राथमिक विद्यालय व एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है सीएम फेलो गौरव सिंह ने आकांशी ब्लॉक के 49 सूचकांक की जानकारी दिया है जिसमे स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, पशु पालन विभाग द्वारा सूचकांक पर कार्य करते है प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की गुर्गी में उप स्वास्थ्य केंद्र, व सीएचओ सेंटर है जिसके माध्यम से टीकाकरण, दवाईया आदि वितरित किया जाता है जननी सुरक्षा योजना, नसबन्दी, आयुष्मान कार्ड की जानकारी दिया है प्रशिक्षु आईएएस सुरष्टि ने उपस्थित आशा वर्कर से कार्य के बारे में जानकारी लिया है जिसमे आशा द्वारा कार्य की जानकारी दिया है आशा वर्कर से मानदेय की जानकारी लिया जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा आशा वर्कर को कार्य के अनुसार मानदेय मिलने की जानकारी दिया है सीडीपीओ दिलीप वर्मा ने बाल विकास विभाग की योजनाओ की जानकारी दी व गोदभरायी, अन्न प्रासन कराया है।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव से प्रशिक्षु आईएएस द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी लिया जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की 64 उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षु आईएएस ने मनरेगा श्रमिक से कार्य व भुगतान की जानकारी लिया है राशन वितरण की जानकारी भी ग्रामीणों से जानकारी लिया है। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, सीडीपीओ दिलीप वर्मा, बीईओ प्रकाश चंद्र यादव, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय, ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्या, भटवारी राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय सॉफ्ट स्किल कार्यशाला एवं रोवर्स रेंजर्स प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नात?कोत्तर महाविद्यालय चुनार में सोमवार को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 (डॉ 0) माधवी शुक्ला के नेतृत्व में पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। यह कार्यशाला आई.सी.टी.और सॉफ्ट स्किल्स विषय पर आधारित है। कार्यशाला के प्रथम दिन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0माधवी शुक्ला ने अपने आशीर्वचन से विद्यार्थियों को सम्बोधित किया तथा उन्होंने डिजिटल अवेयरनेस और सॉफ्ट स्किल्स की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित कुमार यादव ने वेब-सर्फिंग,ई-मेल,ब्राउजर और साईबर सेक्यूरिटी विषय पर पी.पी.टी.के माध्यम से विस्तार से व्याख्यान दिया।कार्यशाला के दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में बी0 एड0 विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीपक कुमार सिंह ने साईबर सेक्यूरिटी और डिजिटल अरेस्ट के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इस कार्यशाला का संचालन कार्यशाला के संयोजक डॉ शिवकुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ शैलेन्द्र कुमार ने किया। इसी क्रम में रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो (डॉ) माधवी शुक्ला ने की।उन्होंने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि रोवर्स रेंजर्स छात्र छात्राओं को अनुशासन सिखाता है एवं साथ ही सेवा भाव की भावना विकसित करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग काउंसलर,चुनार प्रदीप कुमार मौर्या ने किया। स्वागत भाषण रेंजर प्रभारी डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन रोवर लीडर डॉ रजनीश ने किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों मुकेश कुमार सिंह (जिला संगठन, कमिश्नर स्काउट, मिर्जापुर), श्रीमती संगीता विश्वकर्मा (जिला संगठन कमिश्नर गाइड मिर्जापुर), डॉ चंदन साहू,डॉ दीप नारायण,डॉ अरविंद कुमार, डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ अवधेश सिंह यादव, डॉ नलिनी सिंह,डॉ शेफालिका राय, डॉ चंदन द्विवेदी,डॉ रीता मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र,डॉ अदिति सिंह,डॉ. मंजुला शुक्ला,डॉ धर्मेंद्र कुमार, कमलेश शुक्ला सहित समस्त रोवर्स रेंजर्स और महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ की बैठक



**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने रविवार को संगम सभागार में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। प्रशिक्षु अधिकारियों के द्वारा जनपद के विकासखंड कोराव एवं बहरिया के साथ-साथ नगर पंचायत फूलपुर एवं नगर पंचायत कोराव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर फील्ड स्टडी किया जाएगा। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्लम एरिया एवं सॉलिड लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी भ्रमण किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत रोजगार उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, उपनिदेशक कृषि आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### दो बाइकों में लगी आग, जलकर खाक



**नैनी, प्रयागराज।** कांशीराम कॉलोनी रात में दो बाइकों में आग लग गई। जिससे दोनों बाइक जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मामले की तहरीर नैनी पुलिस को दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी राजू कुमार पुत्र जग्गू कबाड़ का कारोबार करता हैं। वह अपनी बाइक को अपने कमरे के समीप खड़ी किए थे। जबकि उन्हें के बगल एक अन्य पड़ोसी की भी बाइक खड़ी थी। दोनों बाइकों में अचानक आग लग गई। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। लोगों ने शोर मचाया तो राजू कुमार और पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन जब तक आग पर सभी लोग मिलकर काबू पाते। तब तक दोनों बाइक जलकर चुकी थी। बताते हैं कि दोनों बाइकों में बिजली के शार्ट सर्किट की चिंगारी से आग लगी थी।

### स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 10.11.2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 10 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील कोरांव के ग्राम खजुरीकला, चपरो में नवीन परती की भूमि, ग्राम लेडियारी में नाली की भूमि, ग्राम पंडरिया में बंजर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील बारा के ग्राम झंझराचौबे में तालाब की भूमि व ग्राम बडगडी में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील फूलपुर के ग्राम धमौर में चकमार्ग, ग्राम पाली में चकमार्ग व नाली की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। सोरांव के ग्राम सरांय चन्द्रभान उर्फ नानन सई में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज श्री मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तदनुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### एलटी लाइन पर काम के चलते विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**नैनी,प्रयागराज।** मिर्जापुर रोड पर न्यू एलटी लाइन बनाई जा रही है। जिसके कारण 11 नवंबर से लेकर 14 नवंबर तक 11:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक शटडाउन रहेगा। जिसकी वजह से मिर्जापुर रोड नई बाजार, नैनी गांव, सरगम चौराहा, प्रेम नगर और आनंद नगर मोहल्ले की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। यह जानकारी टीएसएल विद्युत सब स्टेशन पर तैनात अवर अभियंता रविकांत ने दी है।

# DMK के बाद, पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने चुनावी रोल की SIR के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी की पश्चिम बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में जाकर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ECI) द्वारा राज्य में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के आदेश को चुनौती दी है।याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस सूर्यकांत के सामने यह मामला उठाया, जो बिहार स्ढ्ढक्र केस की सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को बिहार स्ढ्ढक्र केस के साथ इस मामले को भी लिस्ट करने की मांग की।वकील ने कहा, "बिहार का मामला कल लिस्टेड है। हम चाहते हैं कि यह मामला भी कल बिहार SIR केस के साथ लिस्ट हो।" उन्होंने यह भी दावा किया कि लोग प्रोसेस में कमियों का हवाला देते हुए पार्टी से संपर्क कर रहे हैं और इसी वजह से पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। बेंच ने कहा, "यह CJI पर निर्भर करता है कि पश्चिम बंगाल का मामला भी हमारे सामने आएगा या नहीं।" इसके बाद वकील ने बताया कि SIR से जुड़े ऐसे ही दूसरे मामले भी कल बिहार SIR मामले के साथ आ रहे हैं। इसके बाद बेंच ने मंगलवार को बिहार SIR केस के साथ इस मामले को भी लिस्ट करने पर सहमति जताई। ECI ने सबसे पहले जून 2025 में एक स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का निर्देश दिया था। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) और नेशनल फेडरेशन फॉर इंडियन विमेन (NFIW) सहित कई याचिकाएं पहले से ही उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं। इसके बावजूद, ECI ने बिहार में SIR की प्रक्रिया जारी रखी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कोई रोक नहीं लगाई थी।इसके बाद, ECI ने 27 अक्टूबर 2025 को SIR को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ा दिया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) पार्टी पहले ही तमिलनाडु में SIR को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर चुकी है। 'मनमाना और अव्यवहारिक': तमिलनाडु की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (SIR) को चुनौती देते हुए CPI(M) पहुंची सुप्रीम कोर्ट भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [CPI(M)] ने तमिलनाडु में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, इसे "मनमाना, अवैध और असंवैधानिक" करार दिया है। CPI(M) तमिलनाडु के सचिव पी. शन्मुगम द्वारा दायर याचिका में 27 अक्टूबर 2025 के ECI आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिसमें राज्य में SIR प्रक्रिया को एक महीने में पूरा करने का निर्देश दिया गया था। DMK के बाद, पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने चुनावी रोल की SIR के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की कांग्रेस पार्टी की पश्चिम बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में जाकर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ECI) द्वारा राज्य में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के आदेश को चुनौती दी है।याचिकाकर्ता के वकील ने जस्टिस सूर्यकांत के सामने यह मामला उठाया, जो बिहार SIR केस की सुनवाई कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को बिहार SIR केस के साथ इस मामले को भी लिस्ट करने की मांग की।वकील ने कहा, "बिहार का मामला कल लिस्टेड है। हम चाहते हैं कि यह मामला भी कल बिहार SIR केस के साथ लिस्ट हो।" उन्होंने यह भी दावा किया कि लोग प्रोसेस में कमियों का हवाला देते हुए पार्टी से संपर्क कर रहे हैं और इसी वजह से पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। बेंच ने कहा, "यह CJI पर निर्भर करता है कि पश्चिम बंगाल का मामला भी हमारे सामने आएगा या नहीं।" इसके बाद वकील ने बताया कि SIR से जुड़े ऐसे ही दूसरे मामले भी कल बिहार SIR मामले के साथ आ रहे हैं। इसके बाद बेंच ने मंगलवार को बिहार SIR केस के साथ इस मामले को भी लिस्ट करने पर सहमति जताई। ECI ने सबसे पहले जून 2025 में एक स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का निर्देश दिया था। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स



(ADR) और नेशनल फेडरेशन फॉर इंडियन विमेन (NFIW) सहित कई याचिकाएं पहले से ही उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं। इसके बावजूद, ECI ने बिहार में SIR की प्रक्रिया जारी रखी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कोई रोक नहीं लगाई थी।इसके बाद, ECI ने 27 अक्टूबर 2025 को SIR को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ा दिया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [CPI(M)] ने तमिलनाडु में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, इसे "मनमाना, अवैध और असंवैधानिक" करार दिया है। CPI(M) तमिलनाडु के सचिव पी. शन्मुगम द्वारा दायर याचिका में 27 अक्टूबर 2025 के ECI आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिसमें राज्य में SIR प्रक्रिया को एक महीने में पूरा करने का निर्देश दिया गया था।

# महेवा पश्चिम पट्टी में चले ईट पत्थर, गाडियों मे तोड़फोड़



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी ,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी में रविवार की देर रात अचानक से बवाल मच गया। एक मकान के बाहर 50 की संख्या में पहुंचे हमलावरों ने गाली गलौच करते हुए एक मकान में पथराव शुरू कर दिया। घर के बाहर खड़ी सफारी गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दिया।शोर सुनकर लोग छत के ऊपर पहुंचे लेकिन हमलावरों की भीड़ देख लोग घबरा गए और अंदर चले गए।वही जिसके घर पर पथराव किया जा रहा था उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर भाग निकले। पुलिस ने पहुंचकर लोगों से पूछताछ की और मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देख हमलावरों की पहचान की। पुलिस ने सीडीआर कब्जे में ले लिया है। पीड़ित की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के मुताबिक नैनी महेवा पश्चिम पट्टी के रहने वाले ध्रुव निषाद अपने भांजे हिमांशु के साथ रविवार की रात करीब 10 बजे अपने 8 साल के बेटे रुद्र को लेकर डॉक्टर को दिखाने के लिए टीसीआई चौराहा गए हुए थे। वहीं गांव के ही कुछ लोग शराब पी रहे थे।ध्रुव का कहना है कि वह दवा लेकर निकला तो शराब पी रहे लोगों ने गाली देना शुरू कर दिया। जब विरोध किया तो मारपीट शुरू हो गई। उधर ध्रुव बच्चे को लेकर घर वापस लौट आया। उधर धुव के घर पहुंचने के बाद गांव के ही , करीब 50 की संख्या में लाठी डंडे लेकर ध्रुव के घर पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने जमकर पथराव और तोड़फोड़ की।पुलिस के पहुंचते ही हमलावर मौके से फरार हो गए पुलिस सीसीटीवी और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

# 'महिलाएं सबसे बड़ा अल्पसंख्यक वर्ग', महिला आरक्षण लागू करने पर SC ने केंद्र से मांगा जवाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महिला आरक्षण कानून को लागू करने की याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा. इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह मामला न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया. पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि महिलाएँ देश में सबसे बड़ी अल्पसंख्यक हैं. पीठ ने मौखिक रूप से कहा, '(भारत के संविधान की) प्रस्तावना कहती है कि (सभी नागरिक) राजनीतिक और सामाजिक समानता के हकदार हैं. इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? वह महिलाएँ हैं. लगभग 48 प्रतिशत।' पीठ ने आगे कहा कि यह महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है. शीर्ष अदालत कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नए परिसीमन की प्रक्रिया का इंतजार किए बिना महिला आरक्षण विधेयक 2024 को तत्काल लागू करने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व किया। पीठ ने कहा कि ऐसे नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने की न्यायालय की अपनी सीमाएँ हैं। पीठ ने दलीलें सुनने के बाद कहा, 'परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी? इसे सरकार को सौंप दीजिए। कानून का प्रवर्तन कार्यपालिका का काम है और हम परमादेश जारी नहीं कर सकते। प्रतिवादियों को नोटिस जारी कीजिए।' महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा द्वारा 20 सितंबर, 2023 को और राज्यसभा द्वारा उसी वर्ष 21 सितंबर को पारित किया गया था. इसके बाद इसे 28 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली। ठाकुर की याचिका में कहा गया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व आवश्यक है, लेकिन पिछले 75 वर्षों से संसद के साथ-साथ राज्य विधानमंडल में भी महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। याचिका में कहा गया, 'यह दशकों से लंबित मांग है और संसद ने 33फीसदी आरक्षण के लिए उपरोक्त अधिनियम को सही रूप से पारित किया है. हालांकि इस बात पर अड़चन डाल दी है कि उक्त अधिनियम को पहली जनगणना के



प्रासंगिक आंकड़ों के बाद इन उद्देश्यों के लिए किए गए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा. इसे 33फीसदी महिला आरक्षण के तत्काल कार्यान्वयन के लिए कृपया शून्य घोषित किया जा सकता है।' याचिका में तर्क दिया गया है कि संविधान संशोधन को अनिश्चित काल के लिए रोका नहीं जाना चाहिए. याचिका में तर्क दिया गया है कि वर्तमान संशोधन में जनगणना और परिसीमन की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि सीटों की संख्या पहले ही घोषित की जा चुकी है. संशोधन में मौजूदा सीटों के लिए 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है. याचिका में कहा गया, 'इसमें अड़चन डालने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिला प्रतिनिधित्व के सभी उद्देश्य विफल हो रहे हैं।'

# एक और ज़मीन घोटालाः महाराष्ट्र के मंत्री को 200 करोड़ का प्लॉट 3 करोड़ में मिला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** महाराष्ट्र की सियासत में जमीन हड़पने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक विजय वडेट्टीवार ने राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक पर गंभीर आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने परिवहन मंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने मुंबई के पास मीरा-भाईंदर में चार एकड़ जमीन, जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपये है, मात्र 3 करोड़ रुपये में हासिल कर ली है। यह जमीन सरनाइक ने अपने शिक्षण संस्थान के लिए खरीदने का दावा किया है। वडेट्टीवार के इस आरोप ने सत्ताधारी महायुति सरकार पर निशाना साधा है, जबकि सरनाइक ने इसे सिरे से खारिज करते हुए दस्तावेजी सबूत मांगे हैं। सरनाइक शिवसेना शिंदे गुट के विधायक और मंत्री हैं। ईडी ने 2022 में उनकी संपत्ति को अटैच किया था, उस समय शिवसेना एक थी। महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार जमीन घोटालों में घिर गई है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़े पुणे के मुंधवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन की विवादास्पद बिक्री भी इसी सिलसिले की कड़ी है। अमादिया एंटरप्राइजेज नामक कंपनी को यह जमीन सस्ते दाम पर दी गई थी। इस कंपनी को पार्थ पवार और अजित का भतीजा मिलकर चलाते हैं। विपक्ष का दावा है कि इस डील में जरूरी मंजूरीयां नहीं ली गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने जांच समिति गठित की है। मीडियाकर्मियों से बातचीत में कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने कहा, "क्या कोई मंत्री अपनी शिक्षा संस्था के लिए ऐसी जमीन हासिल कर सकता है? अगर यह जायज है, तो महाराष्ट्र को ऐसे ही चलने दो। हम आंखें बंद करके देखते रहेंगे। आइए और देखिए, यह उनकी हुकूमत का हाल है।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरनाइक ने मीरा-भायंदर की प्राइम लोकेशन वाली चार एकड़ जमीन को महज 3 करोड़ रुपये में प्राप्त किया, जबकि उसकी मार्केट वैल्यू 200 करोड़ रुपये से अधिक है। वडेट्टीवार ने कहा कि यह सत्ता के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है, और विपक्ष इस मुद्दे को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएगा। मंत्री प्रताप सरनाइक ने वडेट्टीवार के आरोपों को "बेबुनियाद" बताते हुए कहा कि मंत्री पद पर रहते हुए ऐसी अफवाहें आम हैं। उन्होंने कहा, "वडेट्टीवार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। मुझे उम्मीद है कि वे अपने आरोपों के दस्तावेज पेश करेंगे। मुझे तो यह भी नहीं पता कि ऐसी कोई जमीन कहां है और यह मुझसे कैसे जुड़ी हुई है। हां, मंत्री होने के नाते जनता को स्पष्टता देना मेरा फर्ज है। अगर वे प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिटेल्स दें, तो मैं जवाब दूंगा।" सरनाइक ने कहा कि विपक्ष को मीडिया के बजाय औपचारिक शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा,




"मैं ऐसी किसी जमीन का मालिक नहीं हूं, और न ही कोई अनियमितता की है।" महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बोवनकुले ने कहा कि उन्हें इस आरोप की जानकारी तो मिली है, लेकिन कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई। उन्होंने कहा, "ये लोग मीडिया में आरोप लगाने में ज्यादा वक्त बिताते हैं, शिकायत दाखिल करने में कम। अगर शिकायत आती है, तो हम जांच का आदेश दे देंगे। पुणे लैंड केस को देखिए, मुद्दा उठा तो सरकार ने तुरंत समिति बनाई और जांच शुरू की।" इस विवाद ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले सियासी माहौल को और गरमा दिया है। कांग्रेस ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को विधानसभा सत्र में उठाएंगे और सीबीआई जांच की मांग करेंगे। दूसरी ओर, शिवसेना (शिंदे गुट) ने वडेट्टीवार के दावों को "चुनावी स्टंट" करार दिया है।

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे भक्तगण, कन्हैया ने फोड़ी मटकी





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फूलपुर प्रयागराज।** श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से ही मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं। फूलपुर क्षेत्र के बदल का पूरा बेलवा गांव में आयोजित सप्तदिवसीय कथा का रसपान करने दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं इसी क्रम में रविवार 9 नवम्बर को हो रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान प्रयागराज राजनीति के चर्चित चेहरों में बारा विधानसभा के पूर्व विधायक पं0 उदयभान करवरिया के पहुंचने पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं फूलपुर विधायक दीपक पटेल भी अपने समर्थकों के साथ कथा श्रवण करने पहुंचे। श्री करवरिया ने पहुंचते ही भगवान को प्रणाम करते हुए व्यास जी का आशीर्वाद लेते हुए जमीन में ही बैठकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया तथा समाज को एक संदेश दिया कि व्यक्ति छोटा हो या बड़ा लेकिन भगवान के सामने सभी छोटे ही हैं। वहीं 5 नवंबर से चल रही सप्तदिवसीय कथा में रविवार को कथा के पंचम दिवस में पूज्य पाद श्री बद्रीनारायण शुक्ल (चन्दन जी महराज) ने अपने मुखारबिंद से गोवर्धन पूजा की कथा तथा भगवान का नामकरण का सार सुनाते हुए भगवान श्रीकृष्ण जी का नामकरण किया तथा कन्हैया जी ने घर में लटकती मटकी फोड़ कर सारा माखन खा लिया और गोपियों संग खूब अटखेलियां भी की। इस दौरान कथा श्रवण करने वाले भक्तजन महिलाओं ने व्यास जी के मधुर प्रवचन पर खूब थिरकियां भी लगाई और तालियां भी बजाई। यजमान मोहन लाल मिश्र, जगदीश प्रसाद मिश्र, चन्द्रशेखर मिश्र, सूर्य नारायण मिश्र, व शेषमणि मिश्र ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए भगवान के प्रसाद का पान कराया। इस मौके पर श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित भक्तजन अतिथि पूर्व विधायक पं0उदय भान करवरिया, दीपक पटेल (विधायक फूलपुर),गीता सिंह (ब्लॉक प्रमुख),अनूप सिंह, सत्यम सिंह, बाबा ओझा, अखिलेश पाण्डेय (कोषाध्यक्ष), देवराज उपाध्याय शशांक दुबे,संदीप दुबे,डब्बू दुबे,पप्पू मिश्रा,अशोक दुबे,उमा शंकर तिवारी (अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष),रत्नेश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी, जोखूलाल तिवारी,रविन्द्र मिश्र शास्त्री, डब्लू पाण्डेय, राकेश केसरवानी, वीरू पाण्डेय, शेखर त्रिपाठी,संतोष मिश्रा पायशी,दिलीप मिश्रा,प्रियांशु मिश्रा,शैलेश मिश्रा,आशुतोष मिश्रा,अभिषेक मिश्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### माघ मेला के सकुशल हेतु भूमि पूजन

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज दिनांक 10-11-2025 को श्रीमठ बाघम्बरी गद्दी के महंत श्री बलवीर गिरि जी महाराज एवं पुलिस आयुक्त प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था व मेलाधिकारी द्वारा माघ मेला 2025-26 के सकुशल आयोजन हेतु संगम पवित्र स्थल पर वैदिक रीतिरिवाज व मन्त्रोच्चार के साथ भूमि-पूजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त नगर, गंगानगर, यमुनानगर, मुख्यालय व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिहार चुनाव 2025: दूसरे चरण में एनडीए को बढ़त बचाने की चुनौती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** यह चुनाव सिर्फ़ बिहार के लिए नहीं है. यह इस बात का फ़ैसला करेगा कि क्या भारत "सांप्रदायिक अधिनायकवाद" की ओर बढ़ेगा या अपनी लोकतांत्रिक जड़ों की ओर लौटेगा. 14 नवंबर को, जब नतीजे आएंगे, तो यह सिर्फ़ एक राज्य का जनादेश नहीं होगा, बल्कि 125 करोड़ भारतीयों के भविष्य का एक संकेत होगा। और जैसा कि श्रवण गर्ग ने कहा, हमें उन नतीजों का सामना करने के लिए मानसिक और भावनात्मक रूप से तैयार रहना होगा, चाहे वे हमारी उम्मीदों के मुताबिक़ हों या नहीं। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों की जिन 122 सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होना है वहां एनडीए के लिए चुनौती है कि वह 2020 में मिली बढ़त को बरकरार रखे। पहले चरण की 121 सीटों पर 2020 में महागठबंधन आगे था। इन 122 सीटों के बारे में एक दिलचस्प आंकड़ा यह बताया गया है कि इनमें से 15 सीटों पर तीन हजार और तीन सीटों पर एक हजार से भी कम वोटों से फैसला हुआ था। मोटे तौर पर यह माना जा रहा है कि एनडीए को 2020 में इन सीटों में से 66 पर जीत मिली थी जबकि महागठबंधन का आंकड़ा 49 पर रुक गया था। अगर इन आंकड़ों में एआईएमआईएम के चार विधायकों के पाला बदलकर आरजेडी में चले जाने को जोड़ने पर महागठबंधन का आंकड़ा 53 तक पहुंच जाता है। तब राजद ने इस चरण की 33 सीटें जीती थीं और बाद में उसके चार विधायक और हो गए थे। इस चरण में कांग्रेस को 11 सीटें और सीपीआईएमएल को 5 सीटें मिली थीं। 2020 में इस चरण की सीटों में भारतीय जनता पार्टी को 42 और जदयू को 20 सीटों पर जबकि जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को चार सीटों पर जीत मिली थी। एक निर्दलीय के समर्थन और बसपा के टिकट पर चुने गए एक विधायक के जदयू ज्वाइन करने से एनडीए का आंकड़ा 68 तक पहुंचता है। इस चरण में एनडीए की तरफ से सबसे ज्यादा 53 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ रही है जबकि दूसरे स्थान पर जदयू 44 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) 15, उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा चार और जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा 6 सीटों पर चुनावी मैदान में हैं। महागठबंधन की ओर से दूसरे चरण में भी आरजेडी सबसे ज्यादा 71 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। कांग्रेस 37, सीपीआईएमएल 6 और सीपीएम दो सीटों पर अपनी किस्मत आ रहे हैं। सीपीआई के 6 उम्मीदवार मैदान में माने जा रहे हैं। पहले चरण में मोटे तौर पर गंगा के किनारे और उससे कुछ दूर के मध्य बिहार के जिलों में वोटिंग हुई थी। 11 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों कि जिन 122 सीटों पर वोटिंग होनी है उनमें ज्यादातर जिले बाहरी हिस्से और सीमावर्ती बिहार के हैं। इस चरण के अगर सबसे चर्चित इलाके की बात की जाए तो वह सीमांचल के चार जिले- अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार हैं। यहां असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की वजह से चुनावी समीकरण अलग माना जाता है। यहां की 24 सीटों में पिछली बार ओवैसी की पार्टी ने वैसे तो पांच सीटें जीती थीं लेकिन उसके चार विधायक बाद में राजद में चले गए थे। माना गया था कि पिछली बार ओवैसी की पार्टी वजह से सीमांचल में महागठबंधन को घाटा हुआ और एनडीए ने यहां बढ़त हासिल की थी। एनडीए ने तब 12 सीटों पर कब्जा किया था। इस चरण में मगध कमिश्नरी के पांच जिलों गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल और नवादा में भी दोनों गठबंधनों के बीच अच्छी टक्कर की संभावना बताई जा रही है। पिछली बार एनडीए को जहां सबसे अच्छी बढ़त मिली थी वह इलाका चंपारण का था, जहां पूर्वी और पश्चिम चंपारण की 21 सीटों में से 17 पर एनडीए को जीत हासिल हुई थी। इसी तरह अंगिका भाषी भागलपुर और बांका की 12 में से 9 सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की थी। नेपाल के सीमावर्ती जिलों सीतामढ़ी और शिवहर की 9 सीटों में से 6 एनडीए ने जीती थीं। दूसरे चरण में मधुबनी जिले में भी चुनाव होना है जहां एनडीए ने 10 में से 8 सीटें जीती थीं। सीमांचल से सटे सुपौल में तो एनडीए ने पांच में पांच जीत हासिल कर महागठबंधन का सुपड़ा साफ कर दिया था। इसके अलावा काराकाट इलाके के कैमूर और रोहतास जिले में भी दिलचस्प मुकाबला हो सकता है जहां राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता कुशवाहा भी उम्मीदवार हैं। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा को जैसी हार का सामना करना पड़ा था उससे सबक लेते हुए एनडीए ने इस बार इस इलाके में ऐसी व्यवस्था की है जिसका फायदा उसे हो सकता है। 2020 के विधानसभा चुनाव में रोहतास और कैमूर की सभी 11 सीटों पर एनडीए को हार मिली थी। दूसरी तरफ, यह कहा जा रहा है कि इस बार अगर महागठबंधन ने ढंग से कोशिश की होगी तो चंपारण में उसे बीजेपी को हराने में कामयाबी मिल सकती है। इस इलाके में कांग्रेस से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। वैसे तो बिहार में जन सुराज को अब किसी ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है लेकिन कहा जा रहा है कि इस चरण में सीमांचल की जोकीहाट सीट पर तस्लीमुद्दीन के पुत्र सरफराज अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी तरह प्रशांत किशोर के गृह जिले की सीट करहगर पर गायक रितेश पांडे से भी अच्छी उम्मीद की जा रही है।

# साहित्यकारों के साथ महापौर ने किया साहित्य तीर्थ स्थल का भूमि पूजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** सोमवार को साहित्य तीर्थ का भूमि पूजन महापौर गणेश केसरवानी ने अरैल शिवालय के समीप, किया जिसमे सभी ,पार्षद व भाजपा पदाधिकारी रहे। इस दौरान महापौर गणेश केसरवानी ने कहा की ,साहित्यकारों के बीच अपने उद्बोधन में विश्व के मानस पटल पर साहित्य तीर्थ अंकित हो,इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।÷साहित्य तीर्थ÷ का उद्देश्य है–प्रयागराज की साहित्यिक विरासत को समर्पित एक स्थल बनाना, जहाँ इस क्षेत्र के मूर्धन्य साहित्यकारों की स्मृति अंकित की जाए, महापौर ने कहा है कि इस साहित्य तीर्थ में साहित्यकारों की प्रतिमाएँ, उनका परिचय सहित उनकी संक्षिप्त कृतियां भी सम्मिलित होंगे, इतना ही नहीं समय-समय पर साहित्यिक अनुष्ठान भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस साहित्य तीर्थ को शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य कराया जाएगा।उन्होंने प्रयागराज के साहित्यकारों एवं साहित्य अनुरागियों से आह्वाहन किया की उक्त पुनीत कार्य में जोड़कर साहित्य तीर्थ को एवं साहित्य देश के सपनों को साकार करने में अपना अमूल्य योगदान दें। साहित्य तीर्थ भूमि पूजन में सम्मिलित साहित्यकार शैलेन्द्र मधुर ने कहा कि हिंदी साहित्य जगत के लिए एवं काव्य जगत के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान पार्षद गण व संचालन डॉ आभा मधुर श्रीवास्तव, में अशोक बेशरम, राम कैलास पाल प्रयागी, आभा मधुर श्रीवास्तव, जितेन्द्र मिश्रा जलज, संतोष शुक्ला समर्थ, अमित, योगेश झमाझम,पवन श्रीवास्तव,क्षेत्रीय पार्षद रण विजय डब्बू, पार्षद मयंक यादव, रोहित सिंह राणा,भाजपा नेता राजन शुक्ला,पार्षद शिव सेवक सिंह,आनंद घड़ियाल, किरण जायसवाल,कुसुम लता गुप्ता ,सोनिका अग्रवाल, सुनीता चोपड़ा, मिथिलेश सिंह पार्षद राकेश जयसवाल ,मुकेश लारा, संजय कुमार ,बालराज पटेल, पार्षद दीपचंद्र, दीपिका, अरुण चौहान,रमेश पासी, सुशील खरबंदा, शिव शंकर सिंह गिरजेश मिश्रा, राजन शुक्ला, सुभाष वैश्य, नरसिंह, अशोक जैन, रौनक गुप्ता, रवि मिश्रा ,नीरज टंडन, राम लोचन साहू, ओ पी मिश्रा रवि मिश्रा, मुकेश शुक्ला ,संजय श्रीवास्तव, आदि रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## चंदवा सीएचसी में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



**11 से 26 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान, गांव-गांव जाकर खोजे जाएंगे संभावित मरीज**

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सा विभाग के अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), प्रमुख प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी सहित अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहिया और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 11 नवंबर से 26 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत गांव-गांव जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। अभियान में महिला रोगियों की जांच के लिए महिला सहिया एवं पुरुष रोगियों के लिए पुरुष स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें शामिल हैं– त्वचा पर बदरंग दाग जिनमें सुन्नपन महसूस होना, चेहरे पर चमक या तेलियापन, कान या चेहरे पर गठानें, आंख की पलक बंद करने में कठिनाई या आंख से पानी आना, भौं का झड़ना, हाथ-पांव में झुनझुनी या दर्दरहित घाव, उंगलियों का मुड़ जाना या पंजा ऊपर न उठ पाना इत्यादि। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति में इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई दे तो वह तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करे, ताकि समय रहते इलाज शुरू किया जा सके और कुष्ठ रोग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके।

## जनपद में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरु कराने की मांग

**चित्रकूटः** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मण्डल के मीडिया प्रभारी अंकुर केशरवानी ने जनपद में प्रस्तावित मेडिकल कॉलिज का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने सहित स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने पत्र में कहा है कि जनपद गत वर्ष जनपद में मेडिकल कॉलिज की स्थापना किया जाना प्रस्तावित हुआ था। जिस पर वर्तमान में कोई भी प्रक्रिया होती नजर नहीं आ रही है। चित्रकूट की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर एवं शासन प्रशासन की उदासीनता का शिकार है। जिला चिकित्सालय का आधुनिकीकरण न किया जाना एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव रखना चित्रकूटवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है। इस पर जनपद के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उनके स्वस्थ जीवन को ध्यान में रखते हुए शासन एवं प्रशासन द्वारा समुचित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिए ठोस कदम उठाया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि जनपद में प्रस्तावित मेडिकल कॉलिज के निर्माण की प्रक्रिया को जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए तथा संयुक्त जिला चिकित्सालय में विशेष रूप से न्यूरो, कार्डियो यूरो, गैस्ट्रो एवं स्किन आदि विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की त्वरित नियुक्ति की जाए। इसी प्राकर जिला चिकित्सालय में एमआरआई मशीन की स्थापना व खोह स्थित मातृ एवं शिशु अस्पताल का संचालन पूर्ण रूप से कराया जाए एवं उसके समस्त विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए।

## डीएम ने कराई क्राप कटिंग

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सदर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनकट में कृषक केशव प्रसाद के खेत के में धान के फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई। जिसमें 21 किलो 700 ग्राम धान निकला। इस आधार पर अपर सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि जनपद में 50.127 कुंतल प्रति हेक्टेयर का उत्पादन हुआ। इस मौके पर तहसीलदार कर्वी चन्द्र कांत तिवारी, अपर सांख्यिकी अधिकारी शैलेश तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, लेखपाल राजेश कुमार वर्मा एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बरही में रन फॉर झारखंड 2025 कार्यक्रम कल, झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड राज्य के गठन के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य भर में रन फॉर झारखंड 2025 कार्यक्रम का आयोजन 11 नवम्बर को किया जा रहा है। इसी कड़ी में बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में भी इस विशेष आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 11 नवम्बर 2025 की सुबह 8:00 बजे से आरंभ होगा। आयोजन का शुभारंभ बरही चौक से कोबरा बटालियन की दिशा में लगभग 200 मीटर की दौड़ के रूप में किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद, बरही विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सभी जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। बीडीओ बरही द्वारा जारी आमंत्रण पत्र में कहा गया है कि झारखंड के गौरवशाली 25 वर्ष पूरे होने के इस अवसर पर हम सभी को राज्य की एकता, समृद्धि और गौरव का प्रतीक बनकर इस आयोजन में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। बरही थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि कार्यक्रम के दौरान बरही चौक से कोबरा बटालियन मार्ग तक यातायात व्यवस्था को नियंत्रित और सुचारू बनाए रखें। रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की एकता, ऊर्जा और विकास के संकल्प को मजबूत करना है। इस अवसर पर युवाओं, सरकारी कर्मचारियों, स्कूली छात्रों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह आयोजन पूरे राज्य में एक उत्सव का रूप ले चुका है, और बरही में भी इस अवसर पर जनभागीदारी की व्यापक उम्मीद की जा रही है।

## अपना दल की मासिक बैठक सम्पन्न

**चित्रकूटः** अपना दल (एस) द्वारा पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर सोमवार को नांदी तौरा हनुमान मंदिर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के विचारों पर चलकर संगठन को मजबूत करते हुए पंचायत चुनाव 2026 में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करते ग्रामवासियों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी जा जनाधार मजबूत करें। जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के संघर्ष और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व की वजह से पार्टी प्रदेश कि तीसरे नंबर कि पार्टी है। कहा कि सभी कार्यकर्ता सक्रियता से कार्य करते हुए पंचायत चुनाव 2026 में पार्टी प्रत्याशियों को जिताकर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख बनाए। जब्बर सिंह पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करें तथा पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करें। इस मौके पर विनोद पटेल, राजेश फौजी, अशोक सिंह, संजय खंगार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिवान के काराकाट मे महाबली सिंह की जीत सुनिश्चित है : प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपालगंजः** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह सिवान जिला संगठन प्रभारी सह बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र अतिरिक्त प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने प्रथम चरण का विधानसभा चुनाव सिवान मे सम्पन्न होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा जी ने दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु श्री प्रमोद कुमार पटेल जी को रोहतास जिला के 213 काराकाट विधानसभा में विशेष चुनाव प्रभारी बनाकर, भेजें जहां प्रमोद कुमार पटेल ने लगातार काराकाट विधानसभा क्षेत्र में एनडीए समर्थित जनता दल युग के प्रत्याशी पूर्व सांसद महाबली सिंह कुशवाहा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शाम 5:00 बजे तक काराकाट संझौली बी बिक्रमगंज प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क कर मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी महाबली सिंह कुशवाहा के पक्ष में तिर छाप पर बटन दबाकर विजई बनाने का अपील किया! वही श्री पटेल ने कहा कि बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनने जा रही है , और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर एक बार बनेंगे बिहार की जो विकास की गति है उसको और आगे बढ़ाएंगे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि महिलाओं को जो 10000 - 10000 रुपया दिया गया है उन्हें पुनः सरकार बनने के बाद दो-दो लाख रुपया और दिया जाएगा जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर स्वरोजगार कर और आगे बढ़े ! श्री पटेल कहा 2025 फिर से नीतीश 225 नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है मुख्यमंत्री थे मुख्यमंत्री रहेंगे!

# आंगनबाड़ी केंद्र धनवार में बच्चों के बीच मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण

**● आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की सुख-सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है : राजेन्द्र प्रसाद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के धनवार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 और 2 में सोमवार को बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद एवं सामजिक कार्यकर्ता ममता देवी ने संयुक्त रूप से नन्हें बच्चों को ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया। स्वेटर वितरण के दौरान मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों की सुख-सुविधा और विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे स्वस्थ रहें और शिक्षा व पोषण की बेहतर व्यवस्था उन्हें मिले। पंचायत स्तर पर बच्चों के हित में हर संभव सहयोग किया जाएगा। वहीं महिला नेत्री ममता देवी ने कहा कि समाज के सबसे छोटे और महत्वपूर्ण वर्ग यानी बच्चों की देखभाल हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को बेहतर माहौल, पोषण और सुविधा मिले, यही हमारा संकल्प है। ठंड के मौसम में स्वेटर से बच्चों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। स्वेटर पाकर बच्चों ने उत्साह जताया। मौके पर सेविका बेबी देवी, बिलकिस प्रवीण, सहायिका संगीता देवी, राजिया प्रवीण सहित आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।

## एलसीडीसी राष्ट्रीय कुष्ठ रोगी खोज अभियान के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से एलसीडीसी (राष्ट्रीय कुष्ठ रोगी खोज अभियान) के तहत जागरूकता रथ को शनिवार, 10 नवम्बर को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भरत भूषण भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाना और संभावित रोगियों की पहचान कर उनका शीघ्र उपचार सुनिश्चित करना है। ज्ञात हो कि 10 नवम्बर से एलसीडीसी कुष्ठ रोगी खोज अभियान की शुरुआत की गई है, जो विभिन्न गांवों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अभय श्राफ, गंगा शरण साह, प्रधान लिपिक नित्य कुमार पाल, प्रभात दास, मृत्युंजय कुमार सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# नगर भवन बरही में डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**● ग्राम पंचायत स्तर पर ई-गवर्नेंस को सशक्त बनाने पर दिया गया जोर, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने वीएलई को बेहतर कार्य करने का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग झारखंडः-** नगर भवन बरही में सोमवार को डिजिटल पंचायत मुख्यालय प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक इशो सिंह, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, कांति देवी, राजेंद्र रुखरियार, तोखन प्रजापति, सीएससी डीजीग्राम मैनेजर मुकेश झा, सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रौशन कुमार एवं एसबीआई डिविजनल हेड मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन वीएलई कोनरा जयदीप कुमार सिन्हा ने किया। स्वागत सभी अतिथियों को बुके देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता एवं धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि डिजिटल पंचायत व्यवस्था ग्रामीण विकास में नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे डिजिटल पंचायत वीएलई ग्रामीण जनता तक सुविधाएं पहुँचा रहे हैं।

सरकारी तंत्र को चाहिए कि वे इनकी हर प्रकार से सहायता करें ताकि योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुँचे। बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि पंचायत के बुनियादी विकास में प्रज्ञा केंद्र संचालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य स्थापना दिवस को लेकर सभी पंचायतों में जनता दरबार आयोजित होने जा रहा है, जिसमें प्रज्ञा केंद्र संचालक की भूमिका निभा रहे हैं। डिजिटल पंचायत का उद्देश्य ई-गवर्नेंस को सशक्त बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और ग्रामीण नागरिकों को ऑनलाइन सेवाओं से जोड़ना है। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि जाति, आय व आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत करने में बरही प्रखंड पूरे जिले में अव्वल है। इसमें प्रज्ञा केंद्र संचालकों का योगदान सराहनीय है और आगे भी इसी तरह जनसेवा करते रहें। प्रशिक्षण सत्र में निम्न विषयों पर पंचायत अवार्ड एंट्री, पंचायत प्रोफाइल एंट्री, पंचायत डेटा एंट्री, एसबीआई लाइफ संबंधित जानकारी दी गई। डिजीग्राम मैनेजर मुकेश झा ने कहा कि ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्य करना वीएलई की जिम्मेदारी है और उन्हें निर्धारित समय पर सेवाएँ उपलब्ध करानी चाहिए। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि पारदर्शिता और सेवा भावना से कार्य करने वाले वीएलई डिजिटल भारत के आधार स्तंभ हैं।

प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालक सरकार और जनता के बीच मजबूत कड़ी के रूप में काम कर रहे हैं, इसलिए सभी विभागों को सहयोग देना चाहिए। मौके पर जयदीप कुमार सिन्हा कोनरा, मोती सिंह बरही पश्चिमी, कुंदन कुमार बरही पूर्वी, प्रभात कुमार सिंह करसो, पप्पू इक्का खोड़ाहार, संदीप सिंह केदारुत, मो. नईम अंसारी गौरिया करमा, नितेश कुमार रसोईया धमना, दिलीप रजक बेंदगी, विरेंद्र यादव बसरिया, गणेश यादव करियातपुर, मनीष कुमार दुलमहा, रंजीत केसरी बरसोत, नान्हू यादव बिजैया, राजेश कुमार गुप्ता भंडारों, अब्दुल कलाम मलकोको, रामदेव यादव डपोक, चंदन कुमार कोल्हुआकला, उमेश कुमार धनवार सहित अन्य प्रज्ञा केंद्र संचालक शामिल थे।

# हजारीबाग सदर अस्पताल में रोटी बैंक की जल्द होगी स्थापना, जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन होगा उपलब्ध

**● रांची रोटी बैंक के संस्थापक विजय पाठक ने समाजसेवी राकेश गुप्ता को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह् भेंटकर किया आत्मिय स्वागत**

**सदर अस्पताल में सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन की सुविधा मिल सकेगी : राकेश गुप्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** रांची रोटी बैंक के संस्थापक विजय पाठक ने समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह् भेंटकर आत्मिय स्वागत एवं अभिनंदन किया। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने आत्मिक स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत होकर आभार व्यक्त किया। इस दौरान हजारीबाग सदर अस्पताल में जल्द रोटी बैंक की स्थापना को लेकर काफी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। जहां सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि बीते 6 वर्षो से रांची रिम्स में रोटी बैंक कार्यरत हैं। जहाँ सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन निशुल्क उपलब्ध कराने में जुटी रहती है। 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन रोटी बैंक के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध होता है। रांची रोटी बैंक के सदस्यगणों सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। राकेश गुप्ता के समाजसेवी कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता



ने कहा कि रोटी बैंक जैसा सराहनीय कार्य समाज में मानवता और सेवा की सशक्त मिसाल है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग सदर अस्पताल में भी इसी तरह की व्यवस्था प्रारंभ होने से सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन की सुविधा मिल सकेगी। यह एक अत्यंत पुण्य कार्य होगा, जो मानवता की सच्ची सेवा के रूप में समाज को प्रेरित करेगा। मौके पर मुख्य रूप से आयूष पाठक एवं नीरज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अपर एसपी ने सुनी पेंशनर्स की समस्याएं




**चित्रकूटः** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पेंशनर्स को कानूनी सहायता व शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी सांझा की। उन्होनें पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। बैठक के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के आलोक में 105 गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 नवम्बर को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के तहत 105 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र के डॉक्टर प्रीतम कुमारी, गंगा शरण साह एवं अभय श्राफ ने किया। जांच के क्रम में वजन, रक्त परीक्षण, स्वास्थ्य जांच, आयरन जांच करते हुए महिलाओं को आवश्यकता अनुसार दवा दी गई। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना के आलोक में पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य साहिया के साथ प्रत्येक माह की 9 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया आकर स्वास्थ्य परीक्षण कराती हैं। यदि रविवार रहे तब दूसरे दिन गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र से मिली सूचना के मुताबिक किसी कारणवश गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य जांच से वंचित रह गई तो वे माह की अंतिम बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण करा सकती हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के तकनीशियन अटल प्रसाद, निगेश प्रसाद, योगेश प्रसाद, अलखनिरंजन प्रसाद, प्रभात कुमार दास, शैलेन्द्र सोरेन, प्रधान लिपिक नित्य कुमार पाल, नर्से व मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। जांचोपरांत डॉक्टरों ने महिलाओं को भारी घरेलू काम नहीं करने को कहा जबकि हल्के कार्य करने की सलाह दी ताकि शारीरिक स्फूर्ति बनी रहे। वहीं गर्भवती महिलाओं को मौसमी फल तथा सब्जियां भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। एक सवाल के जवाब में डॉक्टरों ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण से काफी लाभ मिलता है, विशेष रूप से प्रसव के समय उन्हें कठिनाइयां नहीं होतीं। समाचार संप्रेषण करने तक 105 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया जा चुका था।

# इंसानियत की मिसाल : पेलावल विकास मंच का 14वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**● थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए 20 लोगों ने किया रक्तदान, दो-दो भाइयों ने मिलकर रचा अनोखा उदाहरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** पेलावल विकास मंच के तत्वावधान में मंच का 14वां रक्तदान शिविर उत्साह और मानवीय संवेदना के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर दो चरणों में आयोजित किया गया – पहला चरण सुबह 9:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन में और दूसरा चरण शाम 6:00 बजे से रात 8:00 बजे तक एसबीएमसीएच ब्लड बैंक में चला। पहले चरण के मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. मेहता (पीवीएम संरक्षक) और दूसरे चरण के मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर श्रवण कुमार सहाय (पीवीएम संरक्षक) थे। शिविर की शुरुआत स्वदेश टुडे के पत्रकार शमीम अहमद ने रक्तदान करके की, जबकि समापन समाजसेविका एवं नियमित रक्तदात्री रेखा रानी के 23वें रक्तदान के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथियों में प्रशांत कुमार वर्मा, सुरजीत नागवाला, धीरज कुमार सिंह, आरक्षी मो. इमरान, एएसआई सुरेंद्र कुमार एवं देवाशीष मोजुमदार उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया और समाजसेवा की इस भावना को सलाम किया। शिविर की सबसे भावुक क्षण तब आया जब थैलेसिमिया पीड़ित बच्ची मानवी कुमारी ने मंच पर आकर एक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि आप लोगों की वजह से ही हम जैसे बच्चों को खून प्राप्त होता है, धन्यवाद। कुल 20 रक्तदाताओं ने थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल थे संजय राणा, शकील अहमद, मो. परवेज आलम, ऐनुल हक, प्रशांत कुमार वर्मा, मो. अयुब उप मुखिया, पेलावल उत्तरी, विजय राणा, सोहैल अहमद, राजन कुमार, राहुल यादव, फैज अंसारी, देवन ठाकुर, रेयान अहमद, शहादत हुसैन, मो. उर्मान, सिद्धार्थ कुमार राणा, मो. इमरान एवं मो. शादाब जिनका यह 21वां रक्तदान रहा। विशेष बात यह रही कि तीन घरों से दो-दो भाइयों ने एक साथ रक्तदान कर मानवीय एकता की मिसाल कायम की संजय राणा - विजय राणा, शकील अहमद - सोहैल अहमद, मो. उर्मान - मो. इमरान। शिविर में एसबीएमसीएच ब्लड बैंक के राजीव प्रसाद, गोपाल कुमार, सुशील कुमार, अजीत कुमार, करिश्मा कुमारी, संगीता कुमारी, श्रुति कुमारी एवं पूनम कुमारी का सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष सह संस्थापक एम. हक भारती, उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा एवं उप सचिव इंजमामुल हक भारती की भूमिका उल्लेखनीय रही। पेलावल विकास मंच ने सभी रक्तदाताओं को दिल की गहराइयों से सलाम करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, यही सच्ची इंसानियत की पहचान है।

# चंदवा के पंचायत भवन में जेएसएलपीएस द्वारा महिलाओं के बीच सरसों बीज का निःशुल्क वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के पंचायत भवन परिसर में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से महिलाओं के बीच सरसों बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरकारी योजना का लाभ उठाया। कार्यक्रम के तहत एक हेक्टेयर भूमि के लिए प्रत्येक लाभुक को 2 किलोग्राम सरसों बीज प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को कृषि के प्रति आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। इस दौरान जेएसएलपीएस के पदाधिकारियों ने बीज के उपयोग और खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि सरसों की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसल है, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा सकती हैं। ग्रामीण महिलाओं ने जेएसएलपीएस द्वारा दी जा रही इस सहायता को सराहा और कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## हकीकुल्लाह चौधरी महाविद्यालय घारीघाट में 'समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047" गोष्ठी का आयोजन

**मनकापुर (गोण्डा)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के निर्देश पर हकीकुल्लाह चौधरी महाविद्यालय, घारीघाट में 'समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047"विषय पर जनजागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा नामित प्रो. अरविंद शर्मा व प्रो. दिलीप शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों व शिक्षकों को राज्य के विकास, सुशासन, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार राय ने कहा कि शिक्षा और नवाचार राज्य के विकास की मजबूत नींव हैं। विद्यार्थियों ने डिजिटल सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े सुझाव साझा किए।कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार गौड़ ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक मोहम्मद कमाल चौधरी, डॉ. प्रमोद कुमार दुबे, प्रशासक प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. महेश कुमार श्रीवास्तव सहित शिक्षकगण व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र जैन वीटू एड हुये निर्वाचित



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजी.लखनऊ के त्रैवार्षिक चुनाव 2025- 28 प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में बीती 06 नव बर 2025 को स पन्न हुये। निर्वाचन में प्रदेश के 72 जिलों के कर अधिवक्ताओं ने हरिद्वार जाकर चुनाव में प्रतिभाग किया, जिसमें शैलेन्द्र जैन वीटू सर्वाधिक मत पाकर उपाध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी घोषित किया गया। ललितपुर स्टेशन पंहुचने पर शैलेन्द्र जैन एड. का कर अधिवक्ता संघ के समस्त कर अधिवक्ताओं एवं ईष्टमित्रों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्टेशन से लेकर विजय जुलूस श्रीअभिन्दोनय मंन्दिर एवं श्रीतुवन मन्दिर पर दर्शन करने के उपरान्त निज निवास आजादपुरा पहुंचा, जहां शैलेन्द्र जैन वीटू के पिताजी कोमलचन्द्र जैन ने सभी लोगो का टीका लगाकर स्वागत किया। इस चुनाव विजय यात्रा में हरिद्वार में साथ गये कर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रुपनारायण विश्वकर्मा एड., रामेश्वर राय एड. अध्यक्ष झांसी, अजयचन्द्र श्रीवास्तव झांसी, पूर्व अध्यक्ष झांसी अभय कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष ललितपुर एवं दिवाकर शर्मा, कोषाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव, मुकेश साहू, पवन राठौर, गजेन्द्र नायक, प्रहलाद राठौर, प्रदीप झां, रजत दीक्षित, रमाकान्त साहू, संजीव निरंजन, जितेन्द्र राठौर, नरेन्द्र राठौर, दीपक सैन, बृजेश सैन, अंकित जैन आदि अधिवक्ताओं ने चुनाव में प्रतिभाग किया। अंत में नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन वीटू ने सभी का आभार जताया।

## गांव के दबंगों पर पुत्री को गायब करने का आरोप

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम ककरूआ निवासी कमला बुनकर पत्नी स्व. कन्छेदी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी पुत्रियों को गांव के रजवन पुत्र हनुमत अहिरवार, सुशीला पत्नी हनुमत, हरदयाल पुत्र हल्कूवर, संजय पुत्र हरदयाल एकराय होकर उसे भी प्रताड़ित व परेशान करते हुये गालियां देते रहे हैं। बताया कि जब उसने विरोध किया तो उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। उक्त लोगों के कारण वह अपनी पुत्रियों के साथ काफी प्रताड़ित है। बताया कि 30 सित बर 2025 को वह अपनी पुत्री के साथ खेतों में भैंसों व बकरियां चरा रहे थे। तभी उन्होंने सभी लोग एकत्र होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। पीड़िता व उसकी पुत्री के साथ मारपीट से बचते हुये घर आ गयी, जहां पहुंचने पर उसकी पुत्री का पता नहीं चला। मामले की सूचना चौकी नेहरूनगर पुलिस को दी गयी, लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। पीड़िता ने पुत्री के साथ किसी भी अप्रिय घटना होने की संभावना व्यक्त करते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये। पुलिस ने एसपी के आदेश व पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जब अधिकारी ही सोए हों तो कर्मचारी क्यों जागें? नगर संसाधन केंद्र बना लापरवाही का अड्डा

**●सुबह 10 : 28 बजे तक सूना पड़ा नगर संसाधन केंद्र, केवल कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहा था ड्यूटी**

**नगर संसाधन केंद्र में कर्मचारियों का नहीं है कार्यालय में आने जाने का कोई समय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**संवाददाता - नरेन्द्र चन्देल**

**ललितपुर।** शिक्षा विभाग की अनुशासनहीनता अब खुलकर सामने आने लगी है। नगर संसाधन केंद्र में सोमवार की सुबह जब मीडिया कर्मी और कुछ शिक्षक पहुंचे तो नजारा चौंकाने वाला था। सुबह 10 बजे तक पूरे कार्यालय में केवल कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद था, जबकि अन्य किसी भी कर्मचारी की उपस्थिति नहीं थी। कार्यालय का माहौल सन्नाटे में डूबा हुआ था, न कोई क्लर्क, न लिपिक, न ही प्रभारी अधिकारी। यह स्थिति तब है जब बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समयपालन और उपस्थिति को लेकर कई बार स त निर्देश दिए जा चुके हैं। फिर भी नगर संसाधन केन्द्र जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय में इस तरह की मनमानी और लापरवाही यह दिखाती है कि अधिकारी स्वयं भी अनुशासन लागू कराने में नाकाम हो रहे हैं। स्थानीय शिक्षकों ने बताया कि यहां अक्सर यही हाल रहता है, कर्मचारी देर से आते हैं और जल्दी निकल जाते हैं। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई आवश्यक कार्य, जैसे वेतन बिल, अवकाश स्वीकृति, डाटा अपडेट और विद्यालयों से संबंधित पत्राचार, इन कर्मचारियों की गैरहाजिरी के कारण रुक जाते हैं। इस पूरे मामले ने न केवल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है, बल्कि यह भी दर्शा दिया कि ठै। के स्तर पर भी निगरानी व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है।

**समय पालन की धज्जियां, सुबह 10: 28 बजे तक सूना पड़ा दतर**

जब मीडिया ने मौके पर जाकर हकीकत देखी तो केवल कंप्यूटर ऑपरेटर अपने डेस्क पर बैठा मिला। उसने बताया कि साहब लोग आमतौर पर देर से आते हैं, कभी 11 बजे तो कभी 12 बजे तक। यानी जिस द तर से पूरी शिक्षा व्यवस्था की रिपोर्ट तैयार होती है, वही अनुशासन की धज्जियां उड़ा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो विभागीय कामकाज पर गहरा असर पड़ेगा।

**बीएसए की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर सवाल उठना लाजिमी है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि बीएसए न तो औचक निरीक्षण करते हैं, न ही अनुशासनहीन कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही। जबकि नगर संसाधन केन्द्र बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय से चन्द




कदमों की दूरी पर स्थित है, जिसके बाद भी कार्यालय की स्थिति चिंताजनक है। कुछ शिक्षकों का कहना है कि कार्यालय में मनमानी करने वाले कर्मचारियों को अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, इसीलिए वे बिना डर देर से आते हैं। यह पूरा मामला विभागीय सुस्ती और निगरानी की कमी को उजागर करता है।

**सुबह 10: 28 बजे तक सूना पड़ा नगर संसाधन केंद्र, केवल कंप्यूटर ऑपरेटर था ड्यूटी पर**

गौरतलब है कि नगर संसाधन केंद्र में एक सामान्य दिन की शुरुआत भी लापरवाही से होती है। शुक्रवार को सुबह 10: 28 बजे तक कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी गैरहाजिर थे, जबकि केवल एक कंप्यूटर ऑपरेटर ड्यूटी पर मौजूद था। इससे यह सवाल उठता है कि जब अधिकारी ही समय पर कार्य में संलग्न नहीं हैं तो कर्मचारियों से अनुशासन की उमीद कैसे की जा सकती है?

**कर्मचारियों के आने-जाने का कोई निर्धारित समय नहीं**

नगर संसाधन केंद्र में कर्मचारियों के लिए कार्यालय में आने-जाने का कोई तय समय नहीं है। यह स्थिति न केवल कार्यालय के कार्यों में अव्यवस्था का कारण बनती है,




बल्कि सरकारी कार्यों की दक्षता पर भी प्रतिकूल असर डाल रही है। अगर कर्मचारियों का समय पर द तर में न पहुंचना और बिना कारण लापरवाही दिखाना जारी रहेगा, तो यह सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता को भी प्रभावित करेगा। विभागीय सूत्र बताते हैं कि एमआईएस कोर्डिनेटर चुपचाप आकर हस्ताक्षर करके अपने पटल से गायब हो जाते हैं और सहायक लेखाकार की भी यही स्थिति है, क्वालिटी कोर्डिनेटर सक्षम अधिकारी के बेहद करीबी होने के कारण 12 बजे कार्यालय में आना बताया जाता है। जिसकी पुष्टि गोपनीयता निरीक्षण से की जा सकती है।

**बीएसए की चुप्पी और बढ़ती अनियमितताएं**

शासन की इस लापरवाही पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की चुप्पी भी चिंताजनक है। ऐसा प्रतीत होता है कि बीएसए इस स्थिति को सुधारने में दिलचस्पी नहीं रखते, और नगर संसाधन केंद्र में बढ़ती अनियमितताओं पर उनका कोई ध्यान नहीं है। अधिकारी की उदासीनता के कारण कर्मचारियों के लिए किसी प्रकार की जि मेदारी नहीं बची है।

# किसानों की जमीनों के सहमति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर करा रहे दबंग

**●गांव के दबंगों व दलालों पर किसानों ने लगाये गंभीर आरोप**

**किसानों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम भैलोनीसूवा में अज्ञात निजी क पनी को सोलर प्लाण्ट लगवाने के नाम पर गांव के दबंग लोगों द्वारा किसानों से जबरन सहमति पत्र लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने मु यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजते हुये प्रकरण की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। भैलोनीसूवा निवासी किसानों ने बताया कि उनकी जमीनों को मनमाने दामों पर गांव के दबंग लोगों द्वारा सहमति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। आरोप है कि पारौन मौजा से सटी हुयी करीब 400 एकड़ जमीन पर दबंगों की नजर है, जिसमें किसी निजी क पनी जिसका नाम, पता किसानों को नहीं बताया जा रहा है के लिए दबंगों द्वारा जानमाल का भय दिखाकर जबरन ही सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के नाम पर दबंगों द्वारा किये जा रहे इस कार्य से कई ग्रामीण व किसान सहमत नहीं है, जो किसान अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं,



उनसे जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि कृषि भूमि किसी भी क पनी को देने के लिए यहां के किसान तैयार नहीं हैं। यदि किसानों की जमीन सोलर प्लाण्ट या किसी निजी क पनी को जबरन गांव के दबंगों द्वारा दिलाने के लिए सहमति करायी जाती है तो यहां के किसान उग्र आंदोलन या आत्मघाती कदम उठाने को विवश होंगे। किसानों ने बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति दलालों से मिलकर किसानों की बेशकीमती जमीनों को जबरन लेने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसानों ने जिलाधिकारी से उक्त सहमति पत्रों को निरस्त कराये जाने और सोलर प्लाण्ट या निजी क पनी को दबंगों द्वारा दिलायी जा रहीं जमीनों को वापस किसानों को कराये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय वीरसिंह लोधी, रामचरन, साकूलाल वंशकार, सुरेश बाल्मीकि, बाबा वंशकार, गोकुल, बहादुर सिंह, समुद्राबाई, निर्भय, वीरदयाल कुशवाहा, प्रभन, गोपीलाल, देवेन्द्र, अद्रत लोधी, सुरेन्द्र लोधी, नन्दू कुशवाहा, महेन्द्र लोधी, पंचम सिंह, हद्दू कुशवाहा, नाथूराम कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

# सोनभद्र में पत्रकारों की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का महाअभियान संगठन विस्तार और उत्पीड़न रोकने का कड़ा संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र** -पत्रकारों पर बढ़ते हमलों, दबाव और उत्पीड़न की गंभीर घटनाओं को देखते हुए, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (RPSP) ने सोनभद्र जिले में अपने संगठन को संगठित और मजबूत करने का एक बड़ा कदम उठाया है। जिला अध्यक्ष सन्तोष साहनी के जुझारू नेतृत्व में, ओबरा तहसील क्षेत्र के कमला पेट्रोल टंकी के सामने स्थित पत्रकार कार्यालय पर एक अहम और निर्णायक बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में सोनभद्र के विभिन्न ब्लॉकों और क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य और सर्वोपरि एजेंडा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और भविष्य में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न न होने देने का सामूहिक संकल्प लेना था।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद, सोनभद्र इकाई को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और हर पत्रकार तक पहुंच सुनिश्चित करने के



लिए कई अनुभवी और सक्रिय पत्रकारों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया। रामप्यारे सिंह विधि सलाहकार कुंम्धज चौधरी, श्याम जी पाठक, अनुज जायसवाल , अमरजीत सिंह, घनश्याम पांडे, विजय साहनी, अनिल अग्रहरि, अनिकेत श्रीवास्तव, पवन सिंह, मुकेश भारती, अजीत प्रताप सिंह, कैलाश बिहारी, कन्हैया केसरी, विकास भारती, कामेश्वर विश्वकर्मा, विजय साहनी,विकास अग्रहरि ,पद देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान, जिलाध्यक्ष सन्तोष साहनी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की गंभीरता समझाई और उन्हें पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में, जिलाध्यक्ष सन्तोष साहनी ने एक स्पष्ट और निर्भीक संदेश दिया। उन्होंने कहा, अब पत्रकार बंधुओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। मीडिया समाज का आईना है और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। हम सभी पत्रकार भाई-बहन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पत्रकार निर्भीकता, निष्पक्षता और सच्चाई के साथ अपना कर्तव्य निभा सके।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की यह संगठनात्मक पहल सोनभद्र के पत्रकारिता जगत में एकजुटता, आत्मविश्वास और सुरक्षा के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। संगठन ने उत्पीड़न की किसी भी घटना का मिलकर मुकाबला करने का संकल्प लिया है, जिससे पत्रकार बंधुओं को अपनी आवाज़ उठाने और जनहित के मुद्दों को उजागर करने में अधिक आत्मविश्वास मिल सके।

# सोनभद्र के ओबरा में अपना दल (एस) का मंथन संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा - सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में तेजी से उभर रहे अपना दल (सोनेलाल) ने सोनभद्र जिले के ओबरा विधानसभा क्षेत्र में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को तेज कर दिया है। आज ओबरा विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा अध्यक्ष प्रभुनाथ खरवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य फोकस संगठन विस्तार, बूथ स्तरीय मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर रहा। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे आनंद पटेल दयालु, प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा मंच), ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने अपना दल (एस) के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुद्दों पर जितना सक्रिय रूप से अपना दल (एस) के



कार्यकर्ता काम कर रहे हैं, उतना कोई अन्य दल नहीं कर रहा है। पटेल ने कार्यकर्ताओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और हमारे लिए प्रत्येक कार्यकर्ता समान है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने पार्टी की बढ़ती शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपना दल (एस) आज उत्तर प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे माननीय अनुप्रिया पटेल जी एवं आशीष पटेल जी के नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर काम करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महताब आलम, प्रदेश सचिव (अल्पसंख्यक मंच), ने पार्टी की समावेशी विचारधारा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) एक सर्वसमाज की पार्टी है, यही कारण है कि सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में इससे जुड़ रहे हैं। बैठक में अन्य अतिथि के रूप में जनाब शिब्बु शेख, जिला सचिव संतोष कन्नौजिया, और जिला कार्यकारिणी सदस्य रामलाल प्रजापति भी मौजूद रहे। बैठक का सफल संचालन धनपाल सिंह गौड़ द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करना, संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूती लाना और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना रहा।बैठक में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में शिवदत्त दुबे (पूर्व जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच), रामलखन सिंह, सत्य प्रकाश, बाल किशन (विधानसभा सचिव), सुखदेव, मोतीलाल (जोन अध्यक्ष) एवं पिंटू राम (जोन अध्यक्ष) सहित अनेक समर्पित कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मोहल्ला जुगपुरा में सडक़ व नाली निर्माण की मांग

**●मां अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज के पीछे रहने वाले एक सैकड़ा परिवार परेशान**

**मोहल्लेवासियों ने नाली व सडक़ निर्माण के लिए डीएम व नपाध्यक्ष को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के वार्ड सं या 8 मोहल्ला जुगपुरा में आवागमन के लिए सुगम मार्ग न होने और बोर्ड बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में सडक़ निर्माण का प्रस्ताव पास होने के बावजूद भी सडक़ निर्माण न होने से लोगों को आवागमन के लिए भारी मुसीबतें उठानी पड़ रहीं हैं। इस स बन्ध में मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाले करीब एक सैकड़ा परिवारों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व नपाध्यक्ष सोनाली जैन को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीसी रोड, नालियां और हालिया तौर पर मौरंग डलवाये जाने की मांग



उठायी है। ज्ञापन में जुगपुरा के लोगों ने डीएम व नपाध्यक्ष को अवगत कराया है कि अगस्त माह में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की स पन्न हुयी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव सं या 1145 में 26 लाख 34 हजार रुपये की सडक़ मोहल्ला जुगपुरा में का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव के उपरान्त कार्यवाही नहीं हो सकी। इसके बाद नगर पालिका के उप चुनाव की अधिसूचना जारी हो गयी थी। लेकिन चुनाव स पन्न होने के बाद आज तक यहां निर्माण कार्य नहीं किया गया है। बताया कि मां अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज के पीछे करीब एक सैकड़ा से अधिक परिवार निवासरत हैं। यहां अधिकांश प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हैं और अधिकांश लोग नगर पालिका को गृहकर भी अदा कर रहे हैं। यहां तक पहुंच मार्ग बहुत ही उबड़-खाबड़ हो जाने के कारण पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। बताया कि वर्तमान समय में रास्ता खराब है, लेकिन बारिश के मौसम में यह और भी खराब हो जाता है। यहां पानी की निकासी न होने के कारण आज भी नालियों का गन्दा पानी कच्ची सडक़ों पर भरा हुआ है, जिससे भारी-भरकम गड्ढे हैं, जिससे पैदल निकलना भी दूभर है। मोहल्लेवासियों ने मौके पर जल्द ही सडक़ व नाली निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जितेन्द्र कुमार, अंशुल, रचना देवी, प्रदीप राजपूत, कलावती, पवन, मानू, अभय, वैदान, दीपक कुमार, आकाश, अजय सिंह, प्रतिज्ञा, आशाराम, अजय सिंह, अमित, शंकरलाल, जसवंत सिंह, मुन्नालाल, श्रीराम, सुरेश, रामबाबू मिश्रा, अजय, थोवन, गुडडी पाल, सुनीता, अनिल कुमार, जगदीश, महीप सिंह, सोनल, शंकरलाल, पवन कुमार, पर्वत, सुरेन्द्र विश्वकर्मा के अलावा अनेकों मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# सोनभद्र के ओबरा में देव दीपावली के सफल आयोजन के बाद प्रतिभा का सम्मान किड्स केयर स्कूल के छात्रों को शील्ड और प्रमाणपत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र** -सामाजिक प्रगति परिषद (सामाजिक प्रगति परिषद देव दीपाली) द्वारा हाल ही में आयोजित किए गए भव्य देव दीपावली महापर्व के सफल समापन के बाद, अब प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में, स्थानीय किड्स केयर इंग्लिश स्कूल के उन छात्र-छात्राओं को सोमवार को सम्मानित किया गया, जिन्होंने देव दीपावली के अवसर पर आयोजित पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। कार्यक्रम के आयोजक अरविंद सोनी ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल के दो दर्जन (24) से अधिक बच्चों ने इन कला




प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया था। बच्चों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। पेंटिंग प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।रंगोली प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सामाजिक प्रगति परिषद की ओर से सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य न केवल उनके वर्तमान प्रदर्शन को पहचानना था, बल्कि उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना था। अरविंद सोनी ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों को रचनात्मकता और कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। इस सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए किड्स केयर इंग्लिश स्कूल का प्रबंधन भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख लोगों में शामिल थे।स्कूल के डायरेक्टर एस.पी. तनेजा, मैनेजिंग डायरेक्टर अमरदीप सिंह, प्रधानाचार्य सुनील कुमार गुप्ता, शिक्षक कुमार सौरभ सिंह, शिक्षिकाएं प्रतिमा शुक्ला और तान्या यादव शिक्षकगणों ने भी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह समारोह ओबरा में कला और शिक्षा के मेल को दर्शाता है।

# सामूहिक चबूतरे पर कब्जा करने की नीयत से निर्माण का आरोप

**●ग्रामसभा की खुली बैठक में दो समाजों को बांटा गया था चबूतरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम कचनौंदा कलां के ग्रामीणों ने लामबंद होकर ग्राम सभा की आराजी पर सहरिया समाज की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसे रोके जाने की मांग उठायी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि 12 वर्ष पहले ग्राम पंचायत की आराजी को ग्रामसभा की खुली बैठक में ग्रामसभा की आराजी लगभग 45 डिस्मिल को 1६2 भाग में बांट कर सहरिया समाज व अहिरवार समाज में आवंटित की गयी



थी, जिस पर अपने हिस्से पर अहिरवार समाज की आराजी खाली पड़ी थी, जिसका उपयोग वह सामूहिक कार्यों के लिए करते थे। बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 9 बजे उक्त कुछ लोग खाली जमीन पर तार फेंसिंग कर चबूतरा निर्माण करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये धमकाया दिया और जमीन पर अवैध कब्जा करने की धमकी दी है। बताया कि मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के मौके से जाते ही उक्त लोगों ने फिर से काम कर लिया। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। पत्र देते समय प्रमोद, दीपक सहरिया, नरेश, अमर सहरिया, भागीरथ के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिशाषी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन लगातार जारी

**●अधीनस्थों ने स्थानान्तरण की उठायी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सिंचाई निर्माण खण्ड द्वितीय में तैनात अधिशाषी अभियंता (द्वैत कार्यभार) छत्रपति सिंह के खिलाफ मनमानी, शिकायत वापस लेने, धमकाने और अवैध धन की मांग करते हुये अभद्रता कर गालियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये उ.प्र. सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ व उ.प्र. सिंचाई विभाग सहायक अभियन्ता संघ के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रदर्शन कर रहे अधीनस्थों ने बताया कि 3 जुलाई 2023 को अधिशाषी अभियंता के खिलाफ शिकायत की गयी थी, जिसे वापस लेने के लिए अब धमकाते हुये दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध धन की मांग, गाली-गलौज



व अभद्रता की जा रही है। ऐसी दूषित कार्यप्रणाली के विरोध में बीती 7 नव बर से लगातार प्रदर्शन जारी है। इस स बन्ध में बीती 27 अक्टूबर 2025 को मु य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मण्डल झांसी के समक्ष साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से प्रदर्शन किया जा रहा है। अधीनस्थ कर्मियों ने अधिशाषी अभियंता के द्वैत कार्यभार को तत्काल समाप्त किये जाने अन्यथा अधीनस्थों को तत्काल अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस दौरान इंजी. सुरेन्द्र अहिरवार, इंजी. रीतेश बंसल, इंजी. मुराद खान, इंजी. पंकज सिंघल, इंजी.विपिन कुमार, इंजी. दिलाशाद हुसैन, इंजी. रमाकांत वर्मा, इंजी. पूजा कुमारी, इंजी. रेशमा अहिरवार, इंजी.रौली याज्ञनिक, इंजी. कालका प्रसाद, इंजी. बृजेश सिंह, इंजी. विनोद कुमार, इंजी. विकास दी, इंजी. विजय सिंह, इंजी. राजेन्द्र बाबू, इंजी. देवकुमार, इंजी. अरूण कुमार, इंजी.ओमप्रकाश, इंजी. पंकज सेन, इंजी. शैलेन्द्र सिंह के अलावा अन्य इंजीनियर्स मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर नवोदय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी



**कानपुर नगर।** कानपुर के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इसमें 60 प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शित किए गए, एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण विनेश कुमार के निर्देशन में बना, पीएसएलवी मॉडल रहा,पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने इस साल इस साइंस प्रदर्शनी में भाग लिया, कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर सिंह ने किया, कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुभाष सेठ थे, शिक्षकों में संजय सक्सेना, शिवालिका, नीरज पांडे, दिनेश कुमार, सीवी सिंह,, अनूपकुमार शामिल रहे, सरसौल एबीएसए कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सरसौल ब्लाक के कई प्राथमिक, कंपोजिट और बीआर एजुकेशन, विद्यालयो के छात्र छात्र छात्राओं,व शिक्षक भी प्रदर्शनी देखने पहुंचे,इस दौरान एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने प्रदर्शनी में सभी छात्रों से परिचय प्राप्त कर मॉडल के विषय में जानकारी ली, छात्रो ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को प्रदर्शनी के मॉडल को गहनता से समझाया, कालेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी छात्रो को वैज्ञानिक मॉडल और प्रयोग, प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करतीं हैं।

### बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने भिड़ंत, छात्र की मौत

**घाटमपुर-** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना क्षेत्र महाराज पुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की बाइक सवार इंटर के छात्र से आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जोरदार भिड़ंत में छात्र की मौके पर मौत हो गई, परिजनों ने बताया कि वह स्कूल पेपर देने जा रहा था,तभी सरसौल के पास हादसा हो गया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, कमालपुर गांव निवासी किसान सुरजन सिंह ने बताया कि उनके तीन बेटे भोल ,शंकर,20 वर्ष,व शिवा हैं, शंकर सरसौल स्थिति मौर्या इंटर कालेज में इंटर का छात्र था, बताया कि स्कूल में परीक्षाएं चल रही है, सोमवार सुबह वह पेपर देने के लिए बाइक से स्कूल जा रहा था,वह सरसौल रोड़ स्थित शराब ठेके के पास पहुचा ही था,तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह करीब 10फिट उछल कर दूर जा गिरा, राहगीरों ने महाराज पुर पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने उसे कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया गया,हैलट लाने के दौरान रास्ते में शंकर की मौत हो गई, महाराज पुर थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर को ज़ब्त कर लिया गया है, चालक की तलाश की जा रही है।

### मुख्यमंत्री जी के संभावित भ्रमण की तैयारीः सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने किया निरीक्षण



**बलरामपुर-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने आज माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित भ्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने जिला मेमोरियल चिकित्सालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, में बनाए गए सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. रस्तोगी ने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति तथा मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं ताकि मुख्यमंत्री जी के आगमन पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था प्रदर्शित हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सेफ हाउस की कार्यप्रणाली, रोगियों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, बेड की संख्या, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित चिकित्साधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# दक्षिणी पुलिस ने और तेज की अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, कई गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां की कमिश्नरेट पुलिस योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले हुए है ,जिसमें दक्षिणी जिले की पुलिस भी किसी से पीछे नहीं है, जिसका पूर्ण श्रेय पीड़ितों की हर संभव तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और ईमानदार यहां के तेज तर्रार और व्यवहार कुशल, कठोर परिश्रम वाले डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी की नेतृत्व कुशलता को ही जाता है, जिसके फल स्वरुप दक्षिण सर्किल में होने वाली हर घटना का न केवल सटीक अनावरण संभव पा रहा है ,बल्कि घटनाओं से संबंधित अपराधियों को जेल की हवा खिलाने में भी लगातार सफलता प्राप्त की जा रही है। मतलब ऐसी कोई घटना नहीं है जिसका सटीक खुलासा करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल ना भेजा गया हो। अवगत कराते चलें कि अपनी अगुवाई वाली साउथ सर्किल में अब तक लगभग सारी घटनाओं का सटीक खुलासा करवाने के साथ ही अब तक दर्जनों शातिरों को जेल की हवा खिला चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले आईपीएस यहां के दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेन्द्र नाथ चौधरी पीड़ितों की शिकायतों के निष्पक्ष और पारदर्शी तथा संतोषजनक निस्तारण में भी अव्वल माने जाते हैं। साथ ही बहुत उल्लेखनीय यह भी कि शांति और कानून व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही के मामले में बहुत कठोर परिश्रमी निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसे लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल, शालीन स्वभाव के जुझारू दीपेन्द्र नाथ चौधरी कानपुर में नियुक्त ऐतिहासिक रूप से पहले ऐसे आईपीएस अधिकारी हैं ,जो फील्ड के साथ ही कार्यालय में भी पीड़ितों की समस्याओं के खिलाफ सर्वाधिक समय देते हैं।

और उनके पास जो भी पीड़ित आता है। वह संबंधित समस्या / शिकायत के संतोष जनक त्वरित निस्तारण के फलस्वरूप पूर्ण रूप से संतुष्ट होकर ही जाता है। अगर पुलिस द्वारा पीड़ितों की सहायता की बात करें तो इस संदर्भ में भी आध्यात्मिक दृष्टिकोण जिस आशय की पुष्टि करता है। उसके मुताबिक अगर कोई पीड़ित सहायता के लिए आता है तो इसका मतलब है कि उसके रूप में ईश्वर ,अल्लाह और गॉड ही हमारी ,आपकी या किसी की भी अधिकार सम्पन्नता, सक्षमता और सेवाभाव के प्रति कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी की परीक्षा लेने ही आता है। इस हिसाब से भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले आईपीएस दीपेन्द्र नाथ चौधरी अपने कर्तव्य पथ पर हर दृष्टिकोण से सफल नजर आते हैं, जो लोक प्रियता के मामले में भी उन्हें लोगों के बीच चर्चा का विषय भी बनाए हुए है।

## हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेला का आयोजन

**घाटमपुर/**कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के बरीपाल क़स्बे के पडरी गंगा दीन गांव के हनुमान मंदिर परिसर में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया गया है,प्रथम दिन 11 नवम्बर को हवन पूजन व दिवारी का आयोजन व 12 नवंबर को हनुमान जी के दरबार में प्रसाद वितरण के बाद क्षेत्रीय महिलाओं एवं बच्चों बुजुर्गो के द्वारा घरेलू सामान की खरीददारी भी करती हैं बच्चे झूलें का लुत्फ उठाते नजर आते हैं,11 नवम्बर को विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा,जो कि वर्तमान ग्राम प्रधान मोहित सचान के द्वारा बताया गया है कि दो दिवसीय प्रतिवर्ष मेला का आयोजन किया जाता है,मेला परिसर हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर स्थित है, मेला आने वाले श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए बांदा से कानपुर सेंट्रल के मध्य हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन स्थित है,निवेदक समस्त क्षेत्रीय प्रधान गण एवं क्षेत्रीय जनता जनार्दन का सहयोग प्राप्त होता है तथा साथ में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था सजेती थाना पुलिस महिला पुलिस एवं पुलिस के जवान सादे कपड़ों में तैनात रहते हैं।

# सरदार वल्लभभाई पटेल का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान - समर बहादुर सिंह

### ●लौह पुरुष की जयंती पर युवाओं को शपथ तथा रैली का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उदगार सोमवार को यहां आईटीआई परिसर में आयोजित पटेल जयंती पर माय युवा भारत के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने गोष्ठी में व्यक्त किया। उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों को भारत में मिलाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर आईटीआई के प्राचार्य आलोक कुमार तथा युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी सुमित पाल ने पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन माई युवा भारत के वरिष्ठ लेखाकार विनय मिश्रा ने किया।पटेल जयंती पर माई युवा भारत आईटीआई तथा युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं की एक रैली आयोजित की गई, जो आईटीआई परिसर से सरोज चौराहा अंसारी नर्सिंग होमपीडब्लू डी होते हुए पुलिस लाइन गेट पर पहुंची तथा सभा के रूप में परिवर्तित हुई। यहां पर स्थापित लौहपुरुष की प्रतिमा पर अधिकारियों तथा युवाओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

## जिलाधिकारी ने साधन सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण

### ● उर्वरकों की कालाबाजारी या जमाखोरी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने सोमवार को किसानों को उचित दर पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न साधन सहकारी समितियों एवं खाद बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विकास खण्ड सदर के अंतर्गत साधन सहकारी समिति कादीपुर (अचलपुर), त्रिपाठी ट्रेडर्स प्राइवेट खाद बीज दुकान दीवानगंज, ब्लॉक बाबा बेलखरनाथधाम की साधन सहकारी समिति जगदीशगढ़ तथा ब्लॉक मंगरौरा की साधन सहकारी समिति (बी-पैक्स) उतरास पहुंचे। उन्होंने समितियों पर उपलब्ध खाद की मात्रा, स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजिका, प्वाइंट आफ सेल मशीन में दर्शित स्टाक एवं किसानों को जारी उर्वरक की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार एवं एआर कोऑपरेटिव देवेंद्र बर्मन को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाय और किसी भी किसान को खाद प्राप्त करने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि उर्वरक की मांग बढ़ने के इस मौसम में किसानों को समय से उचित दर पर खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सभी सहकारी समितियां एवं खाद विक्रेता स्टॉक की अद्यतन जानकारी समय-समय पर पोर्टल पर अपलोड करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है ताकि फसलों की बोआई के समय किसी को खाद की कमी का सामना न करना पड़े। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी प्रकार की विक्री निर्धारित दरों पर ही की जाय और किसी भी किसान से अधिक मूल्य वसूला न जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कहीं भी अनियमितता पायी जाय तो तत्काल कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

### बिना नंबर डंपरों के विरुद्ध कार्यवाही



**कानपुर।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश में बिना नम्बर प्लेट के डम्पर एवं ट्रकों तथा अन्य वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में दिनांक 09.11.2025 एवं 10.11.2025 को राहुल श्रीवास्तव, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर के नेतृत्व में जनपद कानपुर नगर के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बिना नम्बर प्लेट के संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी, जिसमें द्वारा कुल 64 बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी तथा कुल 05 वाहनों को निरूद्ध किया गया।

## साइबर अपराध पर एचबीटीयू कानपुर में वर्कशॉप का आयोजन, जागरुकता ही बचाव - डीजीपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 10.11.2025 को हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश,श्री राजीव कृष्ण एवं पुलिस आयुक्त श्री रघुबीर लाल के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में साइबर विशेषज्ञों ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों, उनसे बचाव के उपायों और पुलिस की तैयारियों पर चर्चा की। डीजीपी द्वारा वर्कशॉप को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया, कहा – "साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है।" वर्कशॉप में कानपुर नगर के वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों /कर्मचारियों के साथ-साथ व्यापार मण्डलों के पदाधिकारीगण,विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण, छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया।




पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एस.एम. कासिम ने बताया कि आज दिनांक 10.11.2025 को एचबीटीयू में डीजीपी और सीपी के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और साइबर जागरूकता है। इसमें विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराधों से बचाव और पुलिस की तैयारियों पर चर्चा की गई। डीजीपी ने बताया कि समय रहते 1930 पर शिकायत करने से धन वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कानपुर पुलिस ने IIT कानपुर के साथ मिलकर ट्रेनिंग और स्किल अपग्रेडेशन कार्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि पुलिस और जनता दोनों साइबर अपराध से सजग रहें।

## कानपुर के नरवल में साहित्य समागम, विधानसभा अध्यक्ष ने की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर-** कानपुर के नरवल स्थिति जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्रमुख शिक्षाविद डॉ वीएन शुक्ला,व वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी रहे नलिन अवस्थी की स्मृति में साहित्य समागम एवं काव्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया,इस अवसर पर कवि प्रियांशु गजेन्द्र ने फूलों के दिन, शूलों के दिन, गुड़हल और बबूलों के दिन सबके आते जाते हैं, सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया,कवि अभय सिंह, निर्भीक,ने अपनी पंक्तियों ,प्रेमी जिनको समझ रही हो,हवसी और दरिंदे हैं, बहनों तुम पर बाबर और खिलजी का उन्माद नहीं होगा, पद्मावती से सीखोगी तो लव जिहाद नहीं होगा, से खूब तालियां बटोरी,हास्य कवि प्रमोद पंकज, ने मंहगाई पर कटाक्ष करते हुए अपनी रचना अक्कड़ बक्कड़ बक्कड़ बबे बोल, 90डीजल और 100 पेट्रोल,सौ में लागा धागा, उछल सिलेंडर भागा, प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया, उप जिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने, यूं तों हर दिल में मोहब्बत की बात होती है, जिससे होती है बेपनाह होती है, सुनाकर वाह वाह लूटी,धीरपाल सिंह ने भी अपनी कविता सुनाई,और हेमंत पांडे ने भी अपनी कविता सुनाई इन कवियों में धीरज सिंह,सौरभ कांत, आदित्य विक्रम,पवन मिश्रा, कवियित्री डॉ शुभम् त्यागी, और हेमा पांडेय, शामिल रहीं,इस कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र अवस्थी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने संबोधन में कहा कि कवि समाज की आत्मा और साहित्य राष्ट्र की चेतना है उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए चर्चित कवियों की सराहना की, जिनकी रचनाओं ने सभी को भाव विभोर कर दिया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, अजय सिंह, विनय प्रताप सिंह, गणेश दत्त पाण्डेय, रानू शुक्ला, मनीष, अजीत, आदि लोग शामिल रहे।

## नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की ...ओमानंद महराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर के कोठार मंगोलपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को कथाव्यास आचार्य ओमानंद जी महराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का मार्मिक वर्णन किया। कथाव्यास आचार्य ओमानंद जी महराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का कारागार में जन्म होते ही वासुदेव व देवकी कृष्ण के भय को लेकर फिर आशंकित हो उठे। उन्होने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही उनकी लीलाएं शुरू हो गयी। कारागार के द्वार स्वतः खुल गये। इधर कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर भजन संकीर्तन से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा। नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की जैसे सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो नृत्य करते दिखे। वही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर भव्य झांकी भी निकाली गयी। कथाव्यास ओमानंद महराज ने कहा कि भगवान भक्तों के वश में है। वह सदैव अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। कथाव्यास ने बताया कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अन्त किया। मुख्य आयोजक डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल व सरोज शुक्ल ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर विशंभर नाथ शुक्ल, इंद्रभवन मिश्र, प्रतीक शुक्ला, कुलभूषण ओझा, बृजेंद्रमणि त्रिपाठी, शिवशंकर शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, उमेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।



## कानपुर में राज्य विद्युत् परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधित जांच समिति की बैठक आज सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अंगद कुमार सिंह ने की, जबकि समिति के सदस्य मानवेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, अनूप गुप्ता, पवन सिंह चौहान तथा एमएलसी सलिल बिश्नोई उपस्थित रहे। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं फर्रुखाबाद जनपदों के जिलाधिकारी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा केस्को के वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित हुए। बैठक में अध्यक्ष अंगद कुमार सिंह ने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने उल्लेख किया कि सुधारों के साथ जन अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं, अतः आवश्यक है कि विद्युत वितरण तंत्र निरंतर परिश्रम एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करे, ताकि उपभोक्ता अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरा जा सके।

समिति ने निर्देशित किया कि नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ट्रांसफार्मरों के रखरखाव को सुदृढ़ किया जाए तथा टोल-फ्री नंबर 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाए, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि हो। समिति ने विद्युत चोरी एवं कटिया कनेक्शन पर की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की तथा प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए। समिति द्वारा पंचायत भवनों, नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सामुदायिक शौचालयों, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। समिति ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी संस्थानों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाए।

समिति ने विद्युत विजिलेंस कार्यवाही को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करने पर बल दिया। साथ ही आबादी एवं कनेक्शन संख्या के अनुरूप ट्रांसफार्मरों के लोड निर्धारण और शिकायतों की अधिकता वाले क्षेत्रों में विद्युत चौपाल आयोजित कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल ने उपभोक्ता संख्या, आपूर्ति अवधि तथा ढांचागत सुधारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि केस्को के 7.62 लाख उपभोक्ता हैं, स्वीकृत क्षमता 2702 मेगावाट है, तथा वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 23 घंटे 53 मिनट की विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। कुल 7,365 ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहां उच्चीकृत क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। लाइन लॉस कम करने एवं विद्युत चोरी रोकने के उद्देश्य से 1788 किमी अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

# डीएम ने पराली जलाये जाने के प्रकरण पर किसान को दी चेतावनी, जुर्माना वसूलने का दिया निर्देश

### ●जिलाधिकारी ने की कंबाइन मशीन से धान कटाई पर कार्रवाई, मौके पर गाड़ी जब्त करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड मंगरौरा क्षेत्र के अन्तर्गत उतरास में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के भ्रमण के दौरान कृषक भानु सिंह द्वारा खेतों में परायी जलाते पाया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर किसान को चेतावनी देते हुये निर्देश दिया कि पराली जलाने की ऐसी घटनायें तत्काल बन्द की जाय, साथ ही जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि पराली जलाने वाले किसान के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना वसूला जाय जिस पर सम्बन्धित कृषक से 15 हजार रूपये जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने ने बताया कि सरकार द्वारा पराली प्रबन्धन हेतु आवश्यक सुविधायें एवं मशीनरी उपलब्ध करायी गयी है जिनका उपयोग कर किसान पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सतत् निगरानी रखी जाय और किसी भी दशा में पराली जलाने की घटनायें न होने पाये और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय।

जिलाधिकारी ने सोमवार को भ्रमण के दौरान उतरास क्षेत्र में पाया कि 02 कंबाइन मशीन बिना एसएमएस के धान की कटाई कर रही थी। जिलाधिकारी ने मौके पर ही तत्काल एसओ कन्धई को फोन के माध्यम से निर्देशित किया कि कंबाइन मशीन वाहन को जब्त करते हुये निर्धारित नियमों के अनुसार जुर्माना वसूला जाय। डीएम ने मौके पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी की लापरवाही पर फटकार लगाई और कहा कि स्टाफ को क्षेत्र का भ्रमण कर पराली जलाने एवं कंबाइन मशीन से धान की कटाई किये जाने की रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कंबाइन मशीन से कटाई के बाद पराली जलाने जैसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि ऐसे प्रकरण दोबारा न पाये जाय, अन्यथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## जिला जज ने सिविल न्यायालय का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला जज राजीव कमल पाण्डेय ने सोमवार को स्थानीय वाह्य न्यायालय सीनियर डिवीजन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण को पहुंचे जिला जज से अधिवक्ताओ ने भी शिष्टाचार भेंट कर उन्हें विभिन्न समस्याओ का मांग पत्र सौंपा। जिला जज राजीव कमल पाण्डेय दोपहर अचानक दीवानी अदालत का निरीक्षण करने आ पहुंचे। सीजेएम कुमुद उपाध्याय के साथ उन्होने न्यायालय कक्षों का निरीक्षण किया। जिला जज राजीव ने वाद पत्रावलियों के रखरखाव को भी देखा। वही उन्होने न्यायिक मामलो के निस्तारण की प्रगति की भी जानकारी ली। जिला जज ने न्यायालय परिसर मे साफ सफाई पर विशेष जोर दिया। वहीं उन्होने न्यायिक वातावरण को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए बार और बेंच के समन्वय पर भी खासा जोर दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय एवं ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने जिला जज को बुकें भेंट कर सम्मानित किया। अधिवक्ताओं ने जिला जज को तीन सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। इसमें लालगंज दीवानी न्यायालय के अपर जिला जज न्यायालय में वादों को दायर करने, लीलापुर, सांगीपुर एवं संग्रामगढ़ थानो के क्षेत्राधिकार प्रदान किये जाने और पुरानी पत्रावलियों की भी सुनवाई यहां कराये जाने को लेकर जिला जज से अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान लालगंज के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट विराटमणि त्रिपाठी एवं सिविल जज डा0 के0 मल्लिकार्जुन ने जिला जज को न्यायिक मामलो से सम्बन्धित जानकारियां प्रदान की। अधिवक्ताओं की ओर से ज्ञापन देने वालों में उमेश नारायण तिवारी, रमेश पाण्डेय, आशुतोष सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, शशि शेखर पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, अजय यादव आदि अधिवक्ता रहे।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला सम्पन्न

### ●मुख्य विकास अधिकारी ने किया शुभारंभ, युवाओं की प्रतिभा को सराहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया-** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से संत विनोबा पीजी कॉलेज, देवरिया में सोमवार को जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, कॉलेज प्राचार्य प्रो. अर्जुन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पवन मिश्रा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में आकाश कुमार गौतम की टीम, समूह गीत में प्रीति कुमारी, समूह नृत्य में अलका गुप्ता, कहानी लेखन में सिद्ध दात्री मिश्रा तथा भाषण व पेंटिंग में शैलू प्रजापति प्रथम रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर ऐसे आयोजनों से मिलता है, वहीं विशिष्ट अतिथि ने इसे राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। विजेताओं का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जो राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निखिल आनंद, नीरज मिश्रा, साहू विशाल कुमार गुप्ता, विकास यादव व राजमंगल उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 9 नवंबर कों शहडोल में आयोजित हुआ अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग







**शहडोल** खेलो इंडिया के जिला सयोजक क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह व जिला मंत्री प्रमोद विश्वकर्मा द्वारा इस आयोजन का प्रतिनिधित्व किया गया। इसमें किक बॉक्सिंग मध्यप्रदेश के महासचिव आशुतोष दधीच एवं उनकी टीम के राष्ट्रीय निर्णायक दिनेश मटके, विजय बरेठिया, जितेंद्र राठौर, सचिन सक्सेना सम्मलित हुए।

इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे अखिल भारती महिला प्रमुख रीना सिंह (पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी) ने सहभागिता की। वही शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, जिले से लगभग 350 से अधिक बालिकाओ ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निशुल्क थी। अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग मे कराते फाइट,काता,लाठी,तल वार जैसे इवेंट भी शामिल हुए। विजेताओं को मेडल भी प्रदान किया गया। **बाइट**- रीना सिंह - अखिल भारतीय महिला प्रमुख एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी।

## युवक से मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम डोंगराखुर्द निवासी बिरधाबाई पत्नी स्व.मुन्ना कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार को अपराह्न करीब 1 बजे गांव के गोरेलाल व उसका पुत्र बाबूलाल और छोटा पुत्र उसकी बहू पर उल्टे सीधे इल्जाम लगा रहा है। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके पुत्र अभिषेक पुत्र लक्ष्मण के साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही का आले य प्रकाशन

**ललितपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत मतदेय स्थलों के स भाजन की कार्यवाही के अन्तर्गत आले य प्रकाशन 10 नव बर 2025 को किया जाना निर्धारित है। इस क्रम में बताया कि आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता होने, मतदान केन्द्र जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने, मतदान केन्द्र से ग्राम, मोहल्ला, मजरों की दूरी 02 किमी से अधिक होने तथा मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने इत्यादि कारणों के दृष्टिगत मतदेय स्थलों का स भाजन, समायोजन, परिवर्तन किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत समस्त आम जनमानस एवं राजनैतिक दल दावे, आपत्तियों, सुझाव स बन्धित उप जिलाधिकारी अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में 18 नव बर 2025 से पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सं या व नाम आले य प्रकाशन से पूर्व आले य प्रकाशन में मतदान केन्द्रों की सं या मतदेय स्थलों की सं या मतदान केन्द्रों की सं या मतदेय स्थलों की सं या 226-ललितपुर 372 543 372 589, 227-महरौनी (अ0जा0) 384 520 384 567, योग- 756 1063 756 1156 है। अतएव उपरोक्तानुसार मतदेय स्थलों की आले य प्रकाशित सूची कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त तहसीलों पर स्थापित उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। संसद सदस्यों, विधान सभा सदस्यों तथा प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात प्राप्त शिकायतोंध्सुझावों के निस्तारण के बाद 18 नव बर 2025 को मतदेय स्थल सूची को अन्तिम रूप दिया जायेगा।

## उप्रः बलात्कार के आरोप में वकील गिरफ्तार

**आगरा** जिले में एक महिला से बलात्कार करने के आरोप में एक वकील को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि एक महिला ने गत सात नवंबर को एकता थाने में दी गई तहरीर में कहा था कि उसका बलात्कार का एक मामला अदालत में चल रहा था। उनके अनुसार, आरोपी पक्ष के वकील जितेंद्र ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करने का प्रस्ताव रखा था जिस पर रजामंदी भी बन गई थी। उन्होंने बताया कि महिला का आरोप है कि विगत छह नवंबर को जितेंद्र ने उसे समझौते के लिए बुलाया, अपनी कार में बैठा कर धोखे से शराब पिलाई और एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी वकील को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच की जा रही है।

# कितना खास है लाल किला मेट्रो स्टेशन? रोजाना 90 हजार लोगों की आवाजाही, 6 प्रमुख जगहों से कनेक्टिविटी

**दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन पर कार ब्लास्ट हुआ, 13 लोगों की मौत की सूचना है. स्टेशन वायलेट लाइन पर है और कश्मीरी गेट व राजा नाहर सिंह/ओल्ड फरीदाबाद ट्रैक से जुड़ा है. रोजाना लगभग 90,000 यात्री आते-जाते हैं. पास के स्थल लाल किला, चांदनी चौक, जामा मस्जिद हैं**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राजधानी दिल्ली** में लाल किले के पास खड़ी कार में ब्लास्ट हुआ. इसमें 13 लोगों की मौत की सूचना है. दिल्ली फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास एक कार में विस्फोट की सूचना मिली थी, जिसके बाद तीन-चार गाड़ियों में भी आग लग गई और उन्हें नुकसान पहुंचा. दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम भी जांच के लिए पहुंची है।

बताया जा रहा है कि ये घटना गेट नंबर-1 लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुई है. लाल किला मेट्रो स्टेशन दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर स्थित है, जो पुरानी दिल्ली के लाल किले तथा चांदनी चौक के पास है. लाल किला सोमवार को बंद रहता है. लेकिन मेट्रो स्टेशन हर दिन खुला रहता है, यानी सोमवार को भी यात्रियों की सुविधा के लिए यह खुला रहता है।

**रोजाना कितने यात्री सफर करते हैं?**

18 नवंबर 2024 को दिल्ली मेट्रो में रिकॉर्ड 78.67 लाख यात्रियों ने सफर किया था. वॉयलेट लाइन पर 7.93 लाख लोगों ने सफर किया था. लाल किला अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर भी रोजाना काफी यात्री आते-जाते हैं. एक अनुमान के मुताबिक, वायलेट लाइन के इस हिस्से पर लगभग 90,000 यात्री रोजाना ट्रैवल करते हैं. इसलिए यह दिल्ली के व्यस्त और महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशनों में शामिल है।

**स्टेशन से पास कौन सी प्रमुख जगहें?**

यह स्टेशन कश्मीरी गेट और दिल्ली गेट जैसी जगहों से जुड़ा है. पास के मेट्रो स्टेशन कश्मीरी गेट, जामा मस्जिद और दिल्ली गेट हैं. आसपास के प्रमुख स्थल लाल किला, चांदनी चौक, दिगंबर जैन लाल मंदिर, गुरुद्वारा शीश गंज साहिब और जामा मस्जिद हैं. पास में ही सर्जिकल मार्केट और इलेक्ट्रॉनिक मार्केट है, जहां लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं।

**कितनी जगहों की कनेक्टिविटी?**

स्टेशन वॉयलेट लाइन पर है और कश्मीरी गेट की ओर जाने वाले ट्रैक और राजा नाहर सिंह/ओल्ड फरीदाबाद की ओर जाने वाले ट्रैक का हिस्सा है. पास के मेट्रो स्टेशनों में कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन और दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन शामिल हैं. स्टेशन से बस सर्विस भी उपलब्ध है. डीटीसी बस रूट 114ST+901, 214 और 261 लाल किले के बस स्टॉप से स्टेशन को जोड़ते हैं।

## बलिया में अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शनिवार शाम अलग अलग सड़क हादसों में एक स्वास्थ्यकर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शनिवार शाम सिकंदरपुर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर गांव के पास एक मोटरसाइकिल की एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल सवार श्रीप्रकाश राजभर (30) की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। नागरा पुलिस थाना में गाजीपुर गांव का निवासी श्रीप्रकाश चकिया में अपनी भाभी के घर से अपने मित्र सोनू के साथ वापस लौट रहा था। सोनू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के पिता रामाश्रय राजभर की शिकायत पर अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य दुर्घटना में शनिवार शाम नरही थाना अंतर्गत सोहनव गांव के पास मोटरसाइकिल से बिहार जा रहे कृष्णा राजभर (30) की एक ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कृष्णा राजभर को ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। तीसरी दुर्घटना रसड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में राघोपुर गांव के पास घटी जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार धर्मेंद्र कुमार (55) को पीछे से एक डंपर ने टक्कर मार दी जिससे धर्मेंद्र की मृत्यु हो गई।

# बिना इंजीनियर के बना रहे है सीसी रोड का निर्माण कार्य

**● इंजीनियरों का हड़ताड़ और ग्राम पंचायतों में हो रहा निर्माण कार्य**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शहडोल** जिले के बहु चर्चित ग्राम पंचायत करकटी एक मिसाल कायम करने जा रही हैं। आपको बता दे कि ग्राम पंचायत करकटी में वार्ड नंबर 1मेन रोड से प्यारेलाल बैगा के घर तक सी सी रॉड न निर्माण कार्य चल रहा हैं। जिसका निर्माण एजेंसी खुद ग्राम पंचायत हैं आपको बता की जब कोई इंजीनियर ही नहीं हैं तो निर्माण कार्य कैसे और किसके इसारे से चल रहा हैं। ग्रामीणों के काफी विरोध के बाद भी ग्राम पंचायत अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा।

**250 मीटर बनना हैं कैसे और क्यों निर्माण एजेंसी मौन**

250 मीटर का निर्माण कार्य होना हैं जिसकी लागत 8लाख 84 हजार रुपये बताई जा रही हैं। लेकिन जब इस संबंध में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सरपंच सचिव के पूछा गया कि निर्माण कार्य मे क्या मटेरियल कितना क्वांटिटी, कितना लंबाई, और चौड़ाई सहित स्टीमेट और लेआउट के बारे में जानकारी मांगी तो सचिव सरपंच का कहना था कि मेरे को कुछ भी जानकारी नहीं हैं और न ही कुछ पता हैं।

**किसके भरोसे चल रहा निर्माण कार्य**

सूत्र बताते है कि यहाँ का कोई भी फैसला ग्राम पंचायत सरपंच सचिव नहीँ लेते बल्कि यहाँ के राबेंहुड मतलब ग्राम पंचायत का दलाल के संरक्षण में कार्य और मैनेजमेंट का खेल चल रहा हैं । आपको बता दे कि ग्राम पंचायत में हो रहे निर्माण को बिना किसी लेआउट का कार्य किया जा हैं क्योंकि 2 महीनों उपयंत्रियों का हड़ताल जारी हैं और ग्राम पंचायत बिना किसी इंजीनियर के घटिया निर्माण कार्य को करवाया जा रहा हैं।

## हिंदू हृदय सम्राट पेरिका सुरेश ने लक्ष्मी नारायण स्वामी देवस्थानम मंदिर में कमरों के निर्माण के लिए दिया बड़ा दान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नारायण स्वामी देवस्थानम मंदिर यादगिरी में भवन एवं कमरों के निर्माण के लिए सनातन धर्म प्रचारक एवं हिंदू हृदय सम्राट पेरिका सुरेश ने एक बड़ा दान देकर अपने मानवीय एवं धार्मिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। उन्होंने सपरिवार मंदिर में पूजा अर्चना की तथा कमरों के निर्माण के लिए अभी तक के दानदाताओं में सबसे अधिक दान देकर पुण्य के भागी बने।इसके पहले भी वह तिरुपति में कॉटेज निर्माण के लिए एक बड़ा दान देकर चर्चा का विषय बने थे तथा अपने धार्मिक आस्था एवं पुण्य कार्य का परिचय दिया था। महाकुंभ के दौरान भी उन्होंने संगम पर एक महीना रहकर अपनी सेवा दी तथा आर्थिक सहायता के अलावा प्रतिदिन एक हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था एवं जरूरतमंदों को भारी संख्या में कंबल वितरण किया।

जहां धार्मिक कार्यो में पेरिका सुरेश कि ईश्वर भक्ति एवं तन मन धन से सहयोग सनातन धर्म के प्रति उनके अनुराग को प्रदर्शित करता है, वही गरीबों एवं कमजोर लोगों को भी वह भोजन,कंबल वितरण एवं अन्य सहयोग कर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।श्री सुरेश का कहना है कि मानवता एवं सनातन धर्म की उन्नति एवं प्रचार ही उनके जीवन का लक्ष्य है।श्री सुरेश जैसा धर्म अनुरागी ईश्वर की कृपा के पात्र हैं। जो हमेशा सनातन धर्म की रक्षा एवं उसके प्रचार प्रसार के लिए तैयार रहते हैं।श्री सुरेश ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने की दिक्कत होती है, इस कारण मैं भगवत कृपा से इस कार्यों में आर्थिक सहयोग कर अपने जीवन को कृतार्थ मानता हूं।

## उधार सामान न देने पर दुकानदार से मारपीट

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**ललितपुर।** थाना महरौनी के मोहल्ला खरवांचपुरा निवासी आशाराम पुत्र मथुरा प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 नव बर को अपराह्न करीब ढ़ाई बजे वह अपनी किराने की दुकान पर बैठा हुआ था, तभी मोहल्ले के छोटू उर्फ यशप्रताप सिंह, दीपेश व कल्लू पुत्रगण गोविन्दसिंह एकराय होकर आये और उससे सामान उधार मांगने लगे। उधार सामान देने से मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जब वह चिल्लाया तो बचाने आये उसके पिता मथुरा प्रसाद के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खांदी के मजरा बन्देसरा में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई जब 21 वर्षीय नवविवाहिता स्वाति पत्नी मनोज यादव का शव कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका स्वाति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतका का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामले ने और तूल पकड़ लिया है। वहीं, मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच पुलिस चौकी के पास कहासुनी और हाथापाई की भी स्थिति बन गई। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। प्राप्त शिकायती पत्र के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जो भी तथ्य जांच में सामने आएंगे, उसी के अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**ससुराल पक्ष के आठ लोगों पँर हत्या का मुकदमा दर्ज**

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बन्देसरा में दहेज की मांग को लेकर एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता ग्राम खांदी मजरा गनेशपुरा निवासी जीवन सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री स्वाति (21) का विवाह 23 जून 2023 को मनोज उर्फ मोनू पुत्र कसान निवासी ग्राम बांदी मजरा बन्देसरा थाना तालबेहट से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था।

विवाह के समय पर्याप्त दान-दहेज दिया गया था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष कसान (ससुर), रचना (सास), मोनू (पति), रोशनी व कल्पना (ननद), पुखन (चचेरी सास), करतार (चचेरा ससुर) और लाखन (चचेरा जेठ) दहेज की मांग को लेकर स्वाति को प्रताड़ित करने लगे। वे चार पहिया वाहन और दो लाख रुपये की



मृतक महिला का फाइल फोटो

मांग करते थे।बताया कि कई बार उन्होंने समाज के लोगों की मदद से समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वालों का रवैया लगातार क्रूर होता गया। 2 मई और 8 जुलाई 2025 को स्वाति की पिटाई की घटनाओं की शिकायत भी पुलिस से की गई थी, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 9 नवंबर 2025 को उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री की ससुराल में हत्या कर दी गई है और साक्ष्य छिपाने के लिए उसे फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। जब वे ससुराल पहुंचे, तो उनकी पुत्री मृत अवस्था में मिली और सभी आरोपी घर से फरार थे। कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## चलती कार बनी आग का गोला कार सवार दंपती और बच्चे सुरक्षित, दमकल ने पाया आग पर काबू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर कोतवाली इलाके में तंबौर मार्ग पर रविवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चलती कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई कार में दंपती सहित उनके बच्चे सवार थे, लेकिन सभी ने समय रहते भागकर अपनी जान बचा ली यह हादसा रंगवा गांव के पास जनता इंटर कॉलेज के समीप हुआ जानकारी के मुताबिक, हरगांव थाना क्षेत्र के कोरैया विशुन बावरी गांव निवासी स्वतंत्र कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कार से अपने गांव जा रहे थे। जब वह रंगवा गांव के पास पहुंचे तो कार से अचानक धुआं निकलने लगा स्वतंत्र कुछ समझ पाते उससे पहले ही कार में आग भड़क गई और पल भर में पूरी गाड़ी लपटों से घिर गई सड़क पर चलती कार में आग लगने से राहगीरों में भगदड़ मच गई मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बाल्टियों और पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे सब बेबस हो गए थोड़ी ही देर में पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी इस हादसे में कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं सूचना मिलने पर स्वतंत्र कुमार के परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंचे हादसे के बाद सभी लोग दूसरी गाड़ी से अपने घर वापस चले गए। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण कार में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है!!

# फर्जी कंपनी के नाम पर 50 करोड़ की धोखाधड़ी पैसे मांगने पर दी धमकी, कंपनी के डायरेक्टर समेत पांच पर केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में कोतवाली क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है बॉम्बिटेक्स एक्सचेंज /BMAX REALTY नामक कंपनी के डायरेक्टर जय प्रकाश मौर्या और उनके सहयोगियों पर सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर सहित आसपास के जिलों के करीब 3,000 निवेशकों से ठगी करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लोगों ने आरोप लगाया कि जय प्रकाश मौर्या खुद को कंपनी का डायरेक्टर और ष्टश्वह्र बताते हुए विभिन्न स्थानों पर सेमिनार आयोजित करता था इन आयोजनों में उसने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि कंपनी एक विशेष ट्रेडिंग टीम के माध्यम से निवेश कर हर माह 15 प्रतिशत का निश्चित लाभ देती है।

लुभावनी बातों में फंसकर हजारों लोगों ने अपनी जमा-पूंजी, जेवर, जमीन बेचकर कंपनी में निवेश कर दिया शुरुआत में कंपनी ने जून 2024 से जून 2025 तक कुछ समय तक निवेशकों को भुगतान किया, लेकिन जुलाई 2025 के बाद अचानक भुगतान बंद कर दिया जब लोगों ने अपने पैसे की मांग की तो मौर्या ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि वे उन्हें उल्टा फंसा देंगे क्योंकि वे क्रिप्टो और फॉरेक्स ट्रेडिंग कर रहे थे जो भारत में वैध नहीं है शिकायत में यह भी बताया गया है कि मौर्या और उसकी टीम ने लोगों को नए-नए प्लेटफॉर्म में निवेश करने के लिए दबाव बनाया और धमकियां दीं। आरोप है कि कंपनी के डायरेक्टर ने योजनाबद्ध तरीके से भोले-भाले निवेशकों को झांसे में लेकर उनकी पूंजी हड़प ली। मामले में मुख्य आरोपी जय प्रकाश मौर्या के अलावा उनकी पत्नी आशा देवी, सहयोगी देवेन्द्र मौर्या, नीतिका मौर्या और दमाशंकर मौर्या के नाम भी सामने आए हैं सभी आरोपी लखीमपुर और सीतापुर जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं। पीड़ितों ने पुलिस से अपील की है कि आरोपियों की संपत्तियों की जांच कर निवेशकों का पैसा वापस दिलाया जाए एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118/4 और 116/2 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है!!

## दिल्ली के जंतर-मंतर धरना स्थल पर एक व्यक्ति ने खुद को मारी गोली, मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक युवक ने सोमवार को खुद को कट्टे से गोली मार ली। इससे धरनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा कि खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने वाला व्यक्ति मध्यप्रदेश से आया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने शव को फिलहाल सफेद चादर से ढक दिया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, जंतर मंतर में सोमवार सुबह एक युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटनास्थल से एक हथियार बरामद हुआ है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि युवक ने आत्महत्या क्यों की।

# माता-पिता की प्रेरणा और सत्कर्म से आज बच्चे आगे बढ़ रहे हैं- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**● सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 48 मेधावियों को स्वर्ण पदक व 37 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में आयोजित नवम दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि "माता-पिता की प्रेरणा और सत्कर्म से आज बच्चे आगे बढ़ रहे हैं।" उन्होंने छात्राओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है और लड़कों को भी आगे बढ़कर इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध, नवाचार और समाज के हित में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़कर किसानों, महिलाओं और बच्चों की समस्याओं को समझें तथा नवाचार के माध्यम से समाधान का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान चलाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने 48 स्वर्ण पदक विजेताओं और 37 पीएचडी उपाधि धारकों को सम्मानित किया। कुल 53986 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, सांसद जदम्बिका पाल, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय, विधायकगण, प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. कविता शाह ने




विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय गोल्ड रैंकिंग अर्जित की है तथा नैक मूल्यांकन की तैयारी चल रही है। दीक्षांत समारोह में "उत्कर्ष" स्मारिका, वार्षिक प्रतिवेदन, कैम्पस कनेक्ट बुलेटिन और योग विरासत पुस्तक का विमोचन भी राज्यपाल ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता प्रस्तुत की, जिसके बाद विजयी छात्राओं को राज्यपाल ने प्रमाणपत्र वितरित किए।

## साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा पीड़ित के खाते में रुपया 49 000 की धनराशि को कराया गया वापस

**भदोही** सुरियावां जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही थानाध्यक्ष सुरियावा को को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुई धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया उक्त के क्रम में आवेदक प्रमोद गौतम पुत्र ओमप्रकाश गौतम निवासी ग्राम अंबेडकर नगर सुरियावा जनपद भदोही के साथ फ्राडस्टर द्वारा धोखे से 99 000 रुपए का फ्रॉड कर लिया गया था इसके संबंध में आवेदक द्वारा ऑनलाइन साइबर कंप्लेंट 23 10 22 5 000 261 42 दिनांक 11- 2 -25 को किया गया था साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र पर तथा एनसीआरपी पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की कुल 49000 रुपए रुपए की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया पीड़ित द्वारा खाते से गई धनराशी को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही वह साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावा जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की कोटी कोटी प्रशंसा की।

# बाबा साहब की मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाने की मांग

**● विधायक को पत्र देकर ग्रामीणों ने उठायी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकास खण्ड जखौरा के ग्राम ककरुआ के ग्रामीणों ने अंबेडकर पार्क की संरक्षित भूमि में बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का लोकार्पण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पूर्ण करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। बहुप्रतीक्षित अंबेडकर पार्क की भूमि को संरक्षित हुए कई वर्ष बीतने के बाद ग्रामीणों ने आराजी सं या 582द्10 रकवा 0.202 हेक्टेयर में मूर्ति स्थापित करने के लिए जन सहयोग से मूर्ति मंगवा ली है। ग्रामीणों ने इस संबंध में 30 अक्टूबर 2025 जिलाधिकारी को एवं 01 नव बर 2025 को समाधान दिवस में कई ग्रामीणों के साथ प्रार्थना पत्र शपथ पत्र दिए थे। ग्रामीणों ने सभी नियमों का पालन करते हुए मूर्ति स्थापित करने की मांग की है। आज बड़ी सं या में




ग्रामीणों ने सदर विधायक के समक्ष उपस्थित होकर प्रशासनिक सहयोग करने और बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस के पूर्व मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की। सदर विधायक ने सभी कागजों नकल खतौनी आदि का अवलोकन कर जिलाधिकारी से स्थलीय निरीक्षण कर अनुमति प्रदान करने की संस्तुति की। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार, विजय सिंह राजपूत, जमुना प्रसाद, मूलचंद, प्यारेलाल, राजाराम, रामसिंह, करन सिंह, कोमल, अमरसिंह, कुंजी सहित कई ग्रामीण थे।